अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 55

www.hukmnamasamachar.com



हुक्मनामा समाचार की ओर से सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाऐं



## महाकुंभ का शुभारंभ



### महाकुंभ में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

**प्रयागराज।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे से पहला स्नान चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 44 घाटों पर शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉटर से फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं।

भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और हस्त्र कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। आज से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच



रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं। एपल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरिन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने निरंजनी अखाड़े में अनुष्ठान किया। कल्पवास भी करेंगी।

#### सीएम योगी ने दिया धन्यवाद

सीएम योगी ने सोमवार शाम एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- मानवता के मंगलपर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद!

महाकुंभ को लेकर गूगल ने भी खास फीचर शुरू किया। महाकुंभ टाइप करते ही पेज पर वर्चुअल फूलों की बारिश हो रही है।

## देशभर में हर्षोल्लास से लोहड़ी पर्व मनाया

### मकर संक्रांति पर्व आज....

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लोहड़ी का पर्व सोमवार को देशभर में अनेक स्थानों पर परंपरागत उत्साह और उमंग से मनाया गया। अलाव जलाकर गीत और संगीत के साथ लोहड़ी पूजन कर रेवड़ी, मूंगफली आदि का भोग लगाया गया। महिलाओं ने लोहड़ी की आग के चारों ओर परिक्रमा करते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं। खास बात यह है कि पूरे देश में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी हरसोलश के साथ मनाया जाता है सकरात से



एक दिन पहले लोहड़ी आती है और इस दौरान देशभर में लोग इस त्यौहार को बड़े खास तरीके से मनाते हैं नए साल आने के बाद यह पहला त्यौहार होता है जब लोग सादगी से इस त्यौहार को मानते हैं।

**मकर संक्रांति आज...** वहीं मंगलवार को मकर संक्रांति है मकर संक्रांति देशभर में हर्षालस के साथ मनाया जाता है. देशभर के अंदर एक अलग ही उत्साह के साथ मनाई जाती है।

### भारत ने बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर को तलब किया

**नई दिल्ली ।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के विवाद को लेकर भारत ने सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाईकमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश ने आरोप लगाया कि भारत बॉर्डर को लेकर द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बॉर्डर पर पांच स्थानों पर फेंस लगाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि भारतीय हाई कमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीमउद्दीन के साथ करीब 45 मिनट इस मुद्दे पर बात की।

### पीएम मोदी ने सोनमर्ग टनल का इनॉगरेशन किया



**श्रीनगर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री का कृषक हित में महत्वपूर्ण निर्णय

#### मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को दी मंजूरी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषकों की आय में वृद्धि कर उनके जीवन को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में कृषक हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इन फैसलों में किसान सम्मान निधि में वृद्धि, गेंहू के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, बड़ी संख्या में नए कृषि कनेक्शन तथा किसानों को बिजली के बिलों में अनुदान सहित कई फैसले शामिल हैं। साथ ही, कृषि उत्पादों के प्रभावी विपणन हेतु मंडियों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। इनमें कृषि उपज मंडी समिति सीकर की विशिष्ट प्याज गौण मंडी यार्ड रसीदपुरा में 74 लाख रुपये के नवीन निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ट श्रेणी) बूंदी के अंतर्गत नवीन मंडी प्रांगण कुंवारती में 2.58 करोड़ रुपये से अधिक के विद्युत व निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति पीपाड़ शहर, जोधपुर के गौण मंडी यार्ड आसोप में 90.86 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण एवं सोलर स्ट्रीट लाइट के कार्य तथा कृषि उपज मंडी समिति नगर, डीग के अंतर्गत मुख्य मंडी यार्ड में 1.76 करोड़ से अधिक की लागत से डोम निर्माण कार्य शामिल हैं।

### लगातार चौथे दिन टूटा बाजार, सेंसेक्स 1048 अंक गिरा

**मुंबई ।** 13 जनवरी को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक की गिरावट के साथ 76,330 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट रही, ये 23,085 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप 2,126 अंक (4.03 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 50,596 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही।

### पटेला री पोल

आसमान पर पतंगे होगी, होगा कटे कटे का शोर
पक्षियों की शामत समझो, कई की हो जाएगी भोर
महत्व मकर का पोराणिक है, दान पुन्य होता सब ओर
समझने वाले समझे इसको, बाकी ज्यादा पतंग का जोर

..मुखिया जी

## प्रदेशभर में शीतलहर का प्रकोप

### 15 जनवरी से फिर ओले-बारिश का अलर्ट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में 15 जनवरी को एक बार फिर बारिश और ओले गिरेंगे। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग के 18 जिलों में बादल छाने, बारिश होने और कहीं-कहीं ओले गिरने की आशंका के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया है। तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर समेत 19 जिलों के स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। अजमेर शहर आज सुबह 10 बजे तक कोहरे के आगोश में रहा। सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही रही। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। सर्द हवा ने लोगों को कंपकंपा दिया।

मुख्यमंत्री 16 जनवरी को कर्मचारी संगठनों के साथ करेंगे बजट पूर्व संवाद

## राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जनकल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व तथा दूरगामी सोच के साथ समाज के हर वर्ग के हित में निरंतर निर्णय लिए जा रहे हैं। विकसित राजस्थान 2047 के ध्येय के साथ सरकार आगामी राज्य बजट वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न वर्गों के साथ 16 जनवरी से 22 जनवरी तक बजट पूर्व संवाद कर उनके अमूल्य सुझाव लेंगे। इस क्रम में 16 जनवरी (गुरूवार) को शर्मा राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

आमजन को पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने में कर्मचारियों की एक कर्मयोगी के रूप में अहम भूमिका होती है। राज्य सरकार की नीतियों और विजन को कर्मचारी ही धरातल पर मूर्त रूप देते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को रोजगार देने तथा राजकार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुशल कार्मिकों की आवश्यकता देखते हुए हेतु राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 4 लाख पदों पर सरकारी नियुक्तियां देने का लक्ष्य रखा है। अब तक 59 हजार से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा लगभग 15 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही लगभग 81 हजार पदों पर भर्ती परीक्षाओं का कलेण्डर भी जारी किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अंतरिम राज्य बजट एवं परिवर्तित राज्य बजट में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनमें पदोन्नति के लिए डीपीसी हेतु 2 वर्ष की छूट, आरजीएचएस के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने हेतु महिला एवं पुरूष कार्मिकों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक को चुनने का विकल्प देना, प्रतिवर्ष 30 जून को सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को 1 जुलाई से एक काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देना, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने, पेंशनर्स को देय आउटडोर चिकित्सा सेवा की व्यय सीमा को 30 हजार रूपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने तथा 1 अप्रेल, 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन देने जैसी घोषणाएं शामिल हैं।




CMYK

# प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता हो : शिक्षा मंत्री

## राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति की बैठक

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा आगामी 6 मार्च से प्रारम्भ होनी है। उक्त परीक्षाओं के सफल आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति की बैठक सोमवार को सचिवालय में आयोजित हुई। साथ ही आगामी रीट परीक्षा के सफल आयोजन की तैयारियों की भी शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। शिक्षा मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर गलत विषय के पेपर का वितरण जैसी त्रुटियों से बचे तथा विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश के लिए पूर्व में ही निर्देश दिए जाएं। प्रश्न पत्रों के स्ट्राँग बोक्स की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस विभाग के अधिकारी पूर्ण रूप से ध्यान रखें। दिलावर ने कहा कि सभी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, टॉयलेट व बिजली की उचित व्यवस्था हो। शिक्षा मंत्री ने आगामी रीट परीक्षा के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा केन्द्र के आस-पास के अन्नपूर्णा रसोई केन्द्रों में खाने की व्यवस्था सुचारू हों। जहां बैठने की उचित व्यवस्था के साथ खाने की सामग्री में गुणवत्ता व मात्रा में कोई कमी न हो। रीट परीक्षा के पारदर्शी, निष्पक्ष तथा सफल आयोजन के लिए संदिग्ध लोगों को परीक्षा व्यवस्था से दूर रखें और उन्हें पाबन्द करें जिससे बिना किसी व्यवधान के सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुचारू रूप से परीक्षा का आयोजन हो सकें। बैठक के दौरान शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग कृष्ण कुणाल, प्रशासक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड महेश शर्मा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट, बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा, सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, संयुक्त शासन सचिव गृह विभाग पूजा कुमारी पार्थ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### मार्च माह से पहले समस्त विभागीय कार्यालय कबाड़ की करें नीलामी : जिला कलेक्टर

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडग़ावत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समस्त विभागीय अधिकारी स्वयं के विभाग में पुराने कबाड़ की नीलामी आगामी मार्च माह से पहले करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एवरेज डिस्पोजल टाइम कम किया जाए एवं प्रभावी निस्तारण हो। उन्होंने नगर परिषद को शहर की साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने, समस्त विभागीय अधिकारियों को आवंटित भूमि के कब्जा लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को ब्लैक थंडर के तहत अनाधिकृत मेडिकल जांच लैब पर कार्रवाई करने, बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । उन्होंने नगर परिषद को अतिक्रमण की हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रखनने के निर्देश दिए साथ ही अन्नपूर्णा रसोई की प्रगति की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने समस्त विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं की बेहतर व प्रभावित क्रियान्विती के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** मैथिल ब्राह्मण महासभा रजि के महिला विंग के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सीता कुटीर, आदर्श नगर, अजमेर मे आयोजित हुआ। समारोह मे नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से समाज के संजय झा, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक, राष्ट्रीय संयोजक बी. एस झा, हरिओम शर्मा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, हरिओम प्रदेश अध्यक्ष उ प्र, सीमा झा, राष्ट्रीय संयोजिका, रजनी किरण झा राष्ट्रीय उपाध्यक्षद्य दिल्ली, सीमा पाठक, रमा मिश्रा, ललिता शर्मा, आभा झा लता शर्मा रीना मिश्रा उपस्थित रही। महासभा के सभी पदाधिकारियों ने पद औऱ गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन हीरामनी पाठक एवं आभा झा ने किया। समारोह के पश्चात सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में रीना मिश्रा ने धन्यवाद प्रेषित किया।

## उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अजमेर के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार से पांच दिवसीय उद्यमशीलता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्राप्त कर चुके तथा द्वितीय वर्ष में तकनीकी प्रशिक्षण कौशल प्राप्त कर रहे 30 युवाओं को सफल व्यवसायी बनाने के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे भविष्य में युवा सफलतापूर्वक व्यवसाय प्रारंभ कर सके। प्रशिक्षण के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्यक्रम के उद्देश्य, महत्व तथा लाभ के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही प्रशिक्षण किट का वितरण भी किया गया। जिला कौशल सलाहकार निखिल कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सफल उद्यमी बनकर नौकरी लेने वालों की बजाय नौकरी देने वालों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के उपनिदेशक अनिल कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की महत्वता बताते हुए प्रशिक्षुओं को करियर में उद्यमिता के प्रति सकारात्मक सोच के साथ इसे प्रथम विकल्प के तौर पर चुनने के लिए ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यक्रम समन्वयक समूह अनुदेशक राधेश्याम तथा उपप्राचार्य गामिनी शर्मा ने प्रशिक्षण के शेड्यूल, विषय वस्तु, मूल्यांकन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में महिला प्रशिक्षुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा सफल उद्यमी बनने के गुर सिखने के लिए महिला प्रशिक्षुओं की संख्या पुरुष प्रशिक्षुओं से अधिक रही। इससे ज्ञात होता है कि आधुनिक समय में महिलाएं नौकरी के साथ-साथ उद्यमिता के क्षेत्रा में भी आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हैं। यह समाज में आ रहे हैं एक सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा करता है।




## जिला बार एसोसिएशन सभागार में युवा दिवस पर एक संगोष्टी का आयोजन

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** अधिवक्ता परिषद राजस्थान चित्तौड़ प्रांत जिला न्यायालय इकाई ब्यावर द्वारा स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंति पर्व युवा दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन जिला बार एसोसिएशन संस्था ब्यावर के अधिवक्ता सभागार मे किया गया। इस संगोष्ठी में मंचासीन अतिथि के रूप में अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष नरपत सिंह रावत, जिला बार अध्यक्ष दिलीप सिंह गोरा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, प्रांतीय कार्यालय मंत्री भूपेंद्र चौहान, अति. जिला जज संख्या 3 विजय प्रकाश सोनी, पूर्व जिला जज कमल नाहर रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर भारत माता व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सभी का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नरपत सिंह रावत द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। युवा दिवस पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य विषय- अधिवक्ताओं की समाज परिवर्तन मे भूमिका पर अपने विचार रखते हुए एडवोकेट अजय फुलवारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र व समाज उत्थान मे जुडने का आह्वान किया। मोनिका वर्मा व शशि बाला ने महिला अधिवक्ता की समाज परिवर्तन मे भूमिका पर प्रकाश डालते हुए निर्भया कांड मे मिताली लेखी अधिवक्ता की भूमिका ओर स्वतंत्रता आंदोलन में महिला अधिवक्ता के योगदान को स्मरण किया। मुकेश जैन ने स्वतंत्रता आंदोलन मे सक्रिय रहे महात्मा गांधी, मदन मोहन मालवीय, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डा. भीमराव अम्बेडकर, आदि अधिवक्ता रहे उनके योगदान को सभी के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए सती प्रथा जैसी कुरिती का विरोध कर उन्मूलन को भी बताया। चितौड़ प्रात के महामंत्री जय प्रकाश शर्मा जी ने अधिवक्ता परिषद की स्थापना उद्देश्य, रीति नीति के बारे में विस्तार से बताया। अंत मे मुख्य वक्ता कमल चंद नाहर रिटायर्ड न्यायाधीश ने कार्य अधिवक्ता, कारण अधिवक्ता पर बताते हुए अधिवक्ता परिषद के ध्येय वाक्य,न्याय, मर्म, धर्म की विस्तृत रूप से व्याख्या की। अतुल जी बंसल ने सभी का धन्यवाद अभिभाषण किया ओर पूरे कार्यक्रम का संचालन भी किया इसमे उनके पूर्ण सहयोगी रहे एडवोकेट शिवदास राठैड, रविदास। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्र गीत से हुआ ।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन

# प्रतियोगिताओं से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास संभव होगा : डॉ. कृपलानी

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड ब्यावर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवमी एवं दसवीं कक्षा की छात्राओं के द्वारा नारा प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्राओं की समूह चर्चा में विज्ञान वरदान या अभिशाप पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके साथ ही विज्ञान क्लब के तहत वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अभिरुचि पर निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य डॉक्टर सीमा कृपलानी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास किया जाना संभव होगा एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति विकसित होगी पीएम की गतिविधियों में हरित विद्यालय के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें भूमिका कुमावत ने प्रथम एवं भूमिका सांखला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अधिगम कौशल के अंतर्गत चित्र देखो कहानी लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान राखी गहलोत द्वितीय स्थान ज्योति यादव एवं तृतीय स्थान महिमा ने प्राप्त किया। इसी के साथ छात्रों को जीवन कौशल सीखने के उद्देश्य से वह भारतीय एकता को प्रेरित करने हेतु नाट्य मंचन आयोजित किए गए। छात्रों में नेतृत्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से अरुण मंगल इतिहास विद एवं कौन बनेगा करोड़पति विजेता निलेश बुरड़ अधिवक्ताएवं शिक्षाविद प्रोफेसर अर्जुन कृपलानी व मती निजी स्कूल संचालिका इंदु व्यास ने छात्राओं को वार्ता देकर विधिध बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की छात्राओं में नागरिकता अधिगम एवं कौशल विकसित करने के उद्देश्य से वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता जागृत करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई इसी इसी के साथ नागरिकता कौशल गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों की सांस्कृतिक क्षमता के विकास भारतीय संस्कृति वी कलाओं से अवगत कराने हेतु एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अंत में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया भाग लेने वाली एवं विजय प्राप्त करने वाली समस्त छात्रों को प्रधानाचार्य डॉक्टर सीमा कृपलानी द्वारा बधाई दी गई।

## तिब्बतियन लहासा रिफयूजी गर्म वस्त्र विक्रेताओ सर्वधर्म लोगो ने भूकम्प मृतको को श्रद्वासुमन अर्पित किये



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** तिब्बत, नेपाल, बांग्लादेश, चीन, भूटान व भारत में भूकम्प का प्रभाव होने पर उस हादसे में मृतको को सोमवार को पूर्णिमा के अवसर पर तिब्बतियन लहासा रिफयूजी गर्म वस्त्र विक्रेताओ की ऐसोसिएशन के द्वारा सर्वधर्म लोगो ने भूकम्प मृतको को श्रद्वासुमन अर्पित किये गये। अल्प संख्यक आयोग के पूर्व सदस्य एवं बौद्व मठठ के अध्यक्ष गुणवन्त राहुल और जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि सोमवार को गर्म वस्त्र विक्रेता ऐसोसिएशन के अध्यक्ष चो गिल्तसन के नेतृत्व में तिब्बतियन भाषा में शान्ति पाठ की कथा का आयोजन किया गया और कैण्डिल प्रज्जवलित करके भूकम्प में मृतको की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चो गिल्तसन ने इस अवसर पर बताया कि प्राकृतिक आपदा भूकम्प से मृतको को श्रद्वासुमन अर्पित करते हुए अपने संदेश में बताया कि प्राकृतिक आपदा को परमात्मा से प्रार्थना करके ही समाधान पाया जा सकता है। समस्त गर्म वस् विक्रेताओ के द्वारा उनके गुरू दलाई लामा की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके उनको नमन किया गया। इस अवसर पर विश्व शान्ति और मृतको की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थाना की।

## चाइनीज मांझा का रहेगा निषेध

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** व्यापक जन हित को ध्यान में रखते हुए जिले में धातु निर्मित चाइनीज मांझे के उपयोग, निर्माण एवं विपणन को निषेध किया गया है। जिला मजिस्टेªट लोक बन्धु ने बताया कि जिले में मकर संक्रान्ति पर्व पर पतंगबाजी के लिए धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा सामान्य प्रचलित भाषा में चाईनीज मांझा प्लास्टिक व अन्य सिन्थेटिक पदार्थ या जहरीले पदार्थ जैसे लोहा, ग्लास इत्यादि से बना मांझा प्रयुक्त जा सकता हैं। यह मांझा विभिन्न घातुओं के मिश्रण होने से निर्मित होने से धारदार तथा विद्युत का सुचालक होता है। इसके उपयोग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को अत्याधिक जान माल का नुकसान होना संभाव्य है। साथ ही विद्युत का सुचालक होने के कारण विद्युत तारों के सम्पर्क में आने पर विद्युत प्रवाह होने से पतंग उड़ाने वाले को भी नुकसान पहुंचना तथा विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न होना संभाव्य है। इस समस्या और खतरे के निवारण के लिए इस धातु निर्मित मांझा के उपयोग, निर्माण एवं विपणन को निषेध किया गया है। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य व विद्युत संचालन बाधा रहित बनाए रखने एवं पक्षियों के लिये बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझा सामान्य प्रचलित भाषा में चाईनीज मांझा, प्लास्टिक व अन्य सिन्थेटिक पदार्थ या जहरीले पदार्थ जैसे लोहा, ग्लास इत्यादि से बना मांझा की थोक व खुदरा बिक्री, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग राजस्व जिला अजमेर की क्षेत्राधिकारिता में निषेध एवं प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए गए है। इस प्रकार के मांझाओं का भण्डारण, विक्रय, परिवहन तथा उपयोग करने वाले के विरुद्ध यथाप्रचलित सम्यक कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** विभागों में आपसी समन्वय के लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत किए गए एमओयू के कार्य धरातल पर उतरने चाहिए। इसके लिए समस्त अधिकारी स्टेट नोडल के साथ चर्चा करके अपनी आईडी को मैप करवाएंगे। सरकार द्वारा निर्धारित पांचों माईलस्टोन्स को अपडेट करें। साथ ही विभागीय निर्देशानुसार शुक्रवार तक टास्क क्रिएट करने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें। क्रिएट किए गए टास्क की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। केकड़ी क्षेत्रा के लिए हुए एमओयू पर भी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल के विभागवार बकाया प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को 30 दिन से पहले निस्तारित करें। तीन माह से अधिक पूराने प्रकरणों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें। इन प्रकरणों पर की गई कार्यवाही के बारे में जिला स्तर से भी फॉलो किया जाएगा। अधिक संख्या में प्रकरण रिजेक्ट करने वाले विभागों द्वारा प्रकरणवार समीक्षा कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई-फाइलिंग से कार्य करना समस्त कार्मिकों एवं अधिकारियों के लिए अनिवार्य है। कार्यालयाध्यक्ष डिस्पोजल टाईम की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर 95 प्रतिशत से अधिक व्यक्ति पंजीकृत होने चाहिए। समस्त कार्मिक पोर्टल से पाठ्यक्रम पूर्ण करके प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। प्रत्येक कार्मिक द्वारा प्राप्त किए गए प्रमाण पत्रों की समीक्षा की जाएगी। जल जीवन मिशन के



बकाया विद्युत कनेक्शनों को तत्काल जारी करें। जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। अवैध खनन में प्रयुक्त सामग्री एवं मशीनरी को जब्त किया जाए। अवैध खनन की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही से जिला प्रशासन को लगातार अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान समस्त चालकों के स्वास्थ्य की जांच होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार उपचार एवं चश्में आदि उपलब्ध कराए जाए। सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता एवं प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित करावें। जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करें। कार्यालयों में जन सुनवाई के लिए समय निश्चित किया जाए। अटल जन सेवा शिविरों का भी अवलोकन किया जाए। पंच गौरव के अन्तर्गत किए गए कार्यों का दस्तावेजीकरण करें। आवश्यकता होने पर प्रस्ताव बनाकर सक्षम स्तर को भिजवाएं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी, वन्दना खोरवाल, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अपूर्वा परवाल, अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त सूर्यकान्त शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज नगर में करेंगे लोकार्पण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को प्रातः 11 बजे नगर पहुंचेंगे। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर नगर के खेड़ा में नवनिर्मित चंदनमल रामनारायणी राठी राजकीय (प्रवेशिका) संस्कृत विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे। स्वागतकर्ता के रूप में नसीराबाद विधानसभा क्षेत्रा से विधायक रामस्वरूप लम्बा उपस्थित रहेंगे। विद्यालय भवन का निर्माण राठी परिवार द्वारा 2 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से करवाया गया है। इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की प्रेरणा से राठी परिवार द्वारा 500 बर्तन का सेट बर्तन बैंक बनाने के लिए स्थानीय ग्राम वासियों को दिया जाएगा। भीलवाड़ा में करेंगे स्वच्छता पर्यावरण मेले का समापन नगर अजमेर में विद्यालय भवन के लोकार्पण के पश्चात शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर चित्राकूट धाम भीलवाड़ा जाएंगे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BEAWAR**

**NIB NO. : PWD2425A3732**

**Notice Inviting Bid No. 34/2024-25**

Bids for 01 No. Works are invited from interested bidders upto 12.00 PM 15 Jan. 2025. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 14.63 Lacs.

| S.No. | NIB NO | UBIN NO | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425A3732 | PWD2425WSOB13522 | 14.63 |

DIPR/C/586/2025

(V.S. Shekhawat)
Executive Engineer
PWD, Division Beawar.

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

PUBLIC HEALTH AND ENGINEERING DEPARTMENT, DIVISION BEAWAR

PHONE : 01462-294205, Email : ee.bwr.ajm.phed@rajasthan.gov.in

No. : EE/DIV BWR/2024-25/4409-25 DATED : 08/01/2025

**ONLINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajsthan for the following works from enlisted contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibilly criteria. The tender document can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in in details of the tender notification and pre-qualification criteria can also seen in NIT exhibited on web site http://sppp.rajasthan.gov.in

**NIB CODE : PHE2425A3821**

| NIT No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (in Rs) in favour tender inviting authority | Tender Cost (in Rupee) in favour of tender inviting authority | Processing Charges (in Rs.) in favour of MD. RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69/24-25 | Work for repairing and rewinding of submersible, centrifugal and mond block pump sets under various wss in Sub Division Jaitaran Under Jurisdiction Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08075) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 70/24-25 | Lowering/Unlowering at Various wss Tube well/open well in Sub Dn. Jaitaran Under Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08076) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 71/24-25 | Lowering/Unlowering at Various wss Tube well/open well in Sub Dn. Raipur Under Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08078) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 72/24-25 | Work of repairing and Maintenance of Hand Pumps at various locations in Production sub Division Beawar Under Dn. Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08080) | 27.66 | 55320/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 73/24-25 | Revenue work Related to water Supply I.E. Preparation of Water Bill, Distribution of Bill, Preparation of Ledger and mis Reports ETC. in Raipur City Under Jurisdiction of Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08082) | 4.90 | 9800/- | 200/- | -- | 24 Months |

नोट : निविदा संख्या 73/24-25 Offiline Mode में आमन्त्रित की गई है। जो कि दिनांक 17.01.2025 को दोपहर 01.00 तक बेची जाकर उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक निविदा बिड प्राप्त की जाकर दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| प्री-क्वालीफिकेशन बिड खोलने की तिथि एवं समय | 17.01.2025 दोपहर 03.00 बजे |

Earnest Money/Bid Security, Tender Document Cost, and RISL Charges shall be deposited through e-Challan over e-GRASS website online in Favour of Executive Engineer, PHED Division Beawar (Office ID-11132) for NIT.

| S.No. | Details | Budget Head | Deposited through online e-Challan over website e-GRASS |
|---|---|---|---|
| 1. | Earnest Money | 8443-00-108-00-00 लोक निर्माण विभाग | In Favour of Executive Engineer,PHED Division Beawar (Office ID-11132) |
| 2. | Tender Document Cost | 0075-00-800-52-01 निविदा शुल्क की प्राप्तियां | |
| 3. | RISL Charges | 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग | In Favour of RISL, Jaipur |

DIPR/C/479/2025

(DHANNARAM CHOUHAN)
EXECUTIVE ENGINEER
PHED DIVISION, BEAWAR

## आध्यात्मिक विरासत : प्रयागराज महाकुंभ

•शरद दाधीच

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीनन परंपरा का अद्भुत और बेंमिसाल मिश्रण है। हिंन्दू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एंव प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदिंयो गगां, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्ये शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा यमुनना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित है।

आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार तीर्थयात्रियों और आगंतुको को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नही किया जा सकता है। इस मौंके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक जनभावनाओं का भी बीजारोपण करें, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बडा उपकार होगा। क्योकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियों ही हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीडन की पर्याय बनती जा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में इस स्थिति से उन्हे निजात नही दिलवा पा रहे है। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीडन को अघोषित गांरटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतो को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पडे, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अमिक्रित हिन्दू मंदिरों के पुनरूद्वार का मसला भी यहा उठाना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नही हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे है, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए।

वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक- सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्व मिश्रण शामिल है। क्योकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानोमें भाग लेने के लिए एकत्र होते है। इसलिए सनातनी हिंतो के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते है, इसलिए सनातनी संवेदनाओ को समझते उन्हे देन नही लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समक्षा पाएंगें। यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुभं स्नान से उनके पाप धुल जाते है और उन्हे आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुभं मेला न केवल भारत की गहरी जडें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है।

महाकुभं मेंला अनुष्ठों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्णहै। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते है, जो इसमें विश्वास रखते है कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है माना जाता है कि शुद्विकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनो को पूर्वजन्म के चक्र से मुक्त कर देता है,जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति कर देता है, स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते है और साधुओं एवं संतो के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते है, जिससे जीव के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे लगाना पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथिया विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या 'राजयोगी स्नान' के नाम से जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले की आधिकारिक शुरूआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परम्परा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है।

नदी के किनारों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला गंगा आरती समागम में आए लोगों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होता है। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान पुजारी जगमगाते दीपक पकड़कर दृश्य अभिनय प्रस्तुत करते हुए कठिन धर्मक्रिया करते हैं। गंगा आरती हजारों भक्तों को आकर्षित करती है, जिससे पवित्र नदी के प्रति गहरी भक्ति और श्रद्धा जाग्रत होती है।

कल्पवास महाकुंभ उत्सव का एक गहरा लेकिन कम ज्ञात पहलू है, जो साधकों की आध्यात्मिक अनुशासन, तपस्या और उच्च्च चेतना के लिए समर्पित एक अनुष्ठान प्रदान करता है। संस्कृत से उत्पन्न 'कल्प' का अर्थ है ब्रह्मांडीय युग और वास का अर्थ है निवास, जो गहन आध्यात्मिक अभ्यास की अवधि का प्रतीक है। कल्पवास में भाग लेने वाले तीर्थयात्री सादगी का जीवन अपनाते हैं, सांसारिक सुख-सुविधाओं का त्याग करते हैं और ध्यान, प्रार्थना और धर्मग्रंथ अध्ययन जैसे दैनिक अनुष्ठानों में व्यस्त रहते हैं। कल्पवास में वैदिक यज्ञ और होम, पवित्र अग्नि अनुष्ठान जो दिव्य आशीर्वाद का आह्वान करते हैं और सत्संग, बौद्धिक और भक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक प्रवचन भी शामिल है। यह गहन अनुभव बड़े तीर्थयात्रा के भीतर गहरी भक्ति और आध्यात्मिक परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं।

प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान दीप दान की रस्म पवित्र नदियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य में बदल देती है। श्रद्धालु कृतज्ञता के रूप में त्रिवेणी संगम के बहते जल में हजारों प्रज्वलित मिट्टी के दीपक (दीये) पानी में प्रवाहित करते हैं। अमूमन गेहूं के आटे से बने और तेल से भरे ये दीपक दिव्य चमक पैदा करते हैं। यह दिव्य प्रतिभा को दर्शाता है, जो आध्यात्मिकता और भक्ति का प्रतीक है। मेले की पृष्ठभूमि में नदी पर टिमटिमाते दीयों का दृश्य वातावरण को धार्मिक उत्साह और एकता की गहरी भावना से भर देता है, जो तीर्थयात्रियों पर एक अमिट छाप छोड़ता है। प्रयागराज पंचकोशी परिक्रमा तीर्थयात्रियों को प्राचीन पद्धतियों से फिर से जोड़ने के लिए प्रयागराज की परिक्रमा करने की ऐतिहासिक परम्परा को पुनर्जीवित किया गाय है। इस यात्रा में सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आध्यात्मिकता पूर्णता प्रदान करने वाले द्वादश माधव और अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों जैसे पवित्र स्थल शामिल है। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को इस महत्वपूर्ण आयोजन की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने और उसकी सराहना करने का अवसर प्रदान करते हुए एक ऐतिहासिक अनुष्ठान को पुनर्जीवित करना है।

# तहसील मुख्यालय पर पटवार संघ का धरना प्रदर्शन



**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्कर तहसील मुख्यालय के बाहर सोमवार को राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले उपखंड के पटवारी समुदाय आंदोलन के राह पर उतर आए उन्होंने कार्य का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए व धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया ।

पटवार संघ ने अपनी नो सूत्री मांगों को लेकर नो जनवरी को राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग के शासन सचिव को ज्ञापन देकर मांगे पूरी करने की अपील थी ।

पिछली बार पटवार संघ के लंबे आंदोलन के बाद सरकार के आश्वासन पर कार्य पर लौट आए थे लकी। अभी तक मांगो निस्तारण नहीं करने पर हड़ताल पर उतर आए हैं।

पुष्कर तहसील मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठे पटवार संघ अध्यक्ष पुरूषोत्तम वैष्णव उपाध्यक्ष ललित वैष्णव कोषाध्यक्ष धारा सिंह महामंत्री संग्राम सिंह मनोज जाखड़ आकाश पारीक भेरूराम नेहा रावत सीतु अरोड़ा अमन बाकोलिया सहित कई पटवारी गण मौजूद हैं।

पुष्कर पटवार संघ के अध्यक्ष पुरूषोतम वैष्णव ने बताया कि संघ की मांगे काफी समय से लंबित है जिनके संबंध में संगतन द्वारा लगातार ज्ञापन प्रेषित किये जा रहे है तथा विभिन्न बैठकों ने विभाग के आला अधिकारियों द्वारा मांगों के निस्तारण हेतु आश्वस्त भी किया गया था परंतु आज दिन तक भी निस्तारण नहीं किया गया।

वैष्णव ने मांग पत्र के बारे में बताया कि गिरदावरी एप्प में पटवार संघ के ज्ञापन कमांक 101 दिनांक 27.12.2024 के अनुसार अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाया जाये ताकि गिरदावारी कार्य पटवारी द्वारा ही किया जाना संभव हो सके तथा पटवार संघ सर्वेयर नियुक्ति का विरोध करता है, पटवारी द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति नहीं की जावेगी।

सूबे के 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तीय स्वीकृति बजट घोषणा संख्या 177 वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत 1035 नवीन पटवार मंडलों की घोषणा की गई थी किन्तु आज दिनांक तक भी उक्त पटवार मंडली की तथा भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

उन्होंने बताया कि लम्बित / रिव्यू DPC का आयोजन पटवारी से भू अभिलेख निरीक्षक पद की DPC. भू अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की DPC NTSP क्षेत्र की वर्ष 2022-23 की पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी एवं जैकर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण कराया जाये।

साथ ही 752 नव सृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदो के निर्धारण संबंधित पत्रावली विगत वर्ष से लंबित है।

वही संसाधन एवं कार्यालय फर्नीचर राज्य सरकार द्वारा बजट 2024-25 की बजट घोषणा के बिंदु संख्या 97.2 में Desktops, Printers, Laptops एवं Tablets की घोषणा की है, जिसके कम में वित्त विभाग की आई.डी. क्रमांक 162401546 दिनांक 25.10.2024 से 9000 पटवारी एवं 1000 गिरदावर के लिए 12000 रुपये के टेबलेट की सहमति प्रदान की है। विभिन्न ऑनलाइन कार्यों की पूर्ति के अनुसार पटवारी को दिए जाने वाले टैब्लेट की स्पेसिफिकेशन संशोधित करावाते हुए समस्त स्वीकृत पद पटवारी 13561 (1035 पदो सहित) एवं भू अभिलेख निरीक्षकों 4258 को 8/256 जीबी स्टोरेज का टेबलेट/लैपटॉप भय प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा के उपलब्ध करवाया जाये। नायब तहसीलदार से तहसीलदार में पदोन्नति कोटा बढ़ाया जाने वाली पत्रावली विगत 2 वर्ष से लंबित है। तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुनर्निर्धारण किये जाने वाली पत्रावली विगत 2 वर्ष से लंबित है।

भू-प्रबन्ध आयुक्त द्वारा दिनांक 01.04.2023 की स्थिति में नियम विरुद्ध जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त फरगाते हुये combine cadre की वरिष्ठता सूची जारी करावें।

डार्क ड्यूटी स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी विगत काफी वर्षों से पटवारी की हार्ड ड्यूटी एवं स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी नहीं की गई है अंत यूटी 2200 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये तथा स्टेशनरी भत्ता 400 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह किया जाए।

लेकिन सरकार द्वारा मांग पत्र का निस्तारण नहीं किए जाने पर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है।

### पटवार संघ ने लम्बित मांगों के निस्तारण की मांग लेकर

## पूर्ण कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील कार्यालय में पटवार संघ ने लम्बित मांगों के निस्तारण के संबंध में पूर्ण कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन किया। राजस्व कार्मिकों को गिरदावरी एप्प में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाया जाए ताकि गिरदावरी कार्य किया जाना संभव हो सके। साथ ही पटवार संघ सर्वेयर नियुक्ति का विरोध करता है, पटवारी द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति नहीं की जाएगी,1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षण वृत्त की वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई। पटवारी राजस्व कार्मिकों संसाधन उपलब्ध लेकर मांगे मांगी जा रही है। पटवार संघ के जिलाध्यक्ष पवन मुंदलिया ने बताया पीछे काफी समय से मांगो लेकर सरकार को ज्ञापन दिए जा रहे जिन प्रमुख शासन सचिव और राजस्व विभाग राजस्थान जयपुर के नाम काफी समय से दिए जा रहे। सरकार द्वारा लेपटॉप, प्रिन्टर, गिरदावरी सम्बन्ध में सहित अन्य मांगो लेकर काफी समय ज्ञापन दिए जा रहे है और अभी तक सरकार द्वारा किसी भी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया पटवार संघ द्वारा अपनी मांगो को लेकर पूर्ण कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और जब तक मांगे पूरी नही होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर पवन मुन्दलिया, रामनिवास फरड़ोदा, हरफूल सिंह, गोपाल सिंह, गोपाल सिंह सुण्डा, ईश्वर बायेल, हुक्माराम, मनीष शर्मा, मनीषा झूरिया ने धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

## शर्मा ने संभाला नगर परिषद आयुक्त का कार्यभार



**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्कर नगर परिषद के नवनियुक्त आयुक्त जनार्दन शर्मा ने पदभार संभाल लिया। सोमवार को आयुक्त जनार्दन शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के लिए कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर परिषद के सहायक अभियंता मुकेश चौहान ,कनिष्ठ अभियंता रामनिवास मीणा निरीक्षक लोकेंद्र सिंह वरिष्ठ लिपिक कमल शर्मा , योगेश शर्मा,पालिका कर्मी मुकेश पाराशर , रामकिशोर , सुरेश ,हितेश ,सलीम , सहित सभी कर्मचारियों ने उनका माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर आयुक्त जनार्दन शर्मा ने ने बताया कि पुष्कर का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

## कोचरिया में आयोजित हुआ एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोचरिया में समुदाय गतिशीलता अंतर्गत एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ । प्रधानाचार्य विजयपाल वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रतन लाल कुमावत, विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि रामदयाल बैरवा, उपसरपंच भगवती लाल कुमावत थे । पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण में ब्लॉक केआरपी महेश मंडोवरा ने पंचायत क्षेत्र अधीन समस्त विद्यालयों के एसएमसी व एसडीएमसी को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी ।ब्लॉक केआरपी मंडोवरा ने सत्र पर्यंत प्राप्त विभिन्न मदों के आय व्यय,प्रस्ताव और अनुमोदन,एमडीएम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नामांकन, ठहराव, अतिक्रमण, विद्यालय प्रबंधन, पुस्तकालय, बालिका शिक्षा पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया । प्रशिक्षण के दूसरे केआरपी शिवराज झंवर ने सदस्यों की क्षमता का विकास करने,विद्यालय विकास में उनकी भूमिका, जनसहयोग, विद्यालय विकास योजना निर्माण, बाल संरक्षण, समग्र शिक्षा आदि में एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण में कोचरिया, सुंदरपुरा, सालमपुरा, मुजरास रूपपुरा, मंडपिया, गाडरी बस्ती के सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाओं में कोमल साहू,मुकेश सेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।अंत में प्रधानाचार्य विजयपाल वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्काउट-गाइड गतिविधियों को सक्रिय करने के लिए किशनगंज ब्लॉक में किया निरीक्षण

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय बारां के तत्वावधान में स्काउट गाइड गतिविधियों को सक्रिय करने हेतु सीओ स्काउट प्रदीप चितौडा के निर्देशानुसार निष्क्रिय ग्रुपों को सक्रिय करने हेतु सीओ गाइड सुनीता मीणा ने किशनगंज ब्लॉक में ग्रुपों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान बालक बालिकाओं को स्काउटिंग में प्रगतिशील प्रशिक्षण एवं अपनी योग्यता वृद्धि करने हेतु प्रेरित किया। सहायक सचिव बृज गोविंद टेलर ने ब्लॉक के संस्था प्रधानों से संपर्क कर स्काउट गाइड गतिविधियां चलाने के लिए द्वितीय सोपान तृतीय सोपान ब्लॉक स्तर पर आयोजन कर योग्यता वृद्धि करने हेतु प्रेरित किया । इस दौरान रोवर लीडर कमलेश मीणा ने विजिट प्लान बनाकर सहयोग किया।



## समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत की प्रगति में तीव्रता लाने के दिए निर्देश



**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सोमवार को मिनी सचिवालय परिसर में जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से दैनिक जनसुनवाई, सम्पर्क पोर्टल और रात्रि चौपाल के प्रकरणों सहित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर समीक्षा करी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डॉ. राजोरिया ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना की प्रगति के बारे में जानकारी लेने के साथ विभाग को इस योजना पर विशेष रूप से केन्द्रित ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि यह योजना माननीय प्रधानमंत्री की एक महत्वकांक्षी योजना है और इसकी प्रगति पर माननीय मुख्यमंत्री का विशेष उल्लेख रहता है। साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से जिले में आत्मदाह की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त करी व इस संदर्भ में विभाग को सभी पंचायतों में काउन्सलिंग की कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी से जल जीवन मिशन योजना की प्रगति को तीव्र गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर में मांसाहार की बिक्री कर रही अवैध दुकानों पर सख्त कार्यवाही करने के साथ अन्य खाद्य वस्तुओं के विक्रेताओं के लाईसेन्स की पुष्टी करी जाए। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन के मामलो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लंबित किश्तों को जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में पाई जा रही अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए सभी आंगवाड़ियों व उनमें कार्य कर रहे कार्मिकों की शैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बाल विवाह के प्रकरणों पर सख्त कार्यवाही करने को कहा। डॉ. राजोरिया ने महिला अधिकारिता विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि वह जिले में सभी साथिनों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें।

## मकर संक्रान्ति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मकर संक्रान्ति (14 जनवरी) पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने अपने संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। सूर्य की आराधना का यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। बागडे ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने इस पर्व पर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की है।

## गंगापुर में कैरियर मेले में विशेषज्ञों ने बच्चों को कैरियर को लेकर दिए सुझाव



**गंगापुर-भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर में आज करियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें करियर के बारे में बच्चों को चार्ट पोस्टर एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा बताया गया इसमें डॉक्टर शरद नलवाया सीए सुनील जोशी वकील अरविंद चौधरी , एलआईसी अभिकर्ता नंदकिशोर तेली एवं आईटीआई से वीणा बिश्नोई में अपने-अपने क्षेत्र में करियर के बारे में जानकारी दी इस करियर मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा 21 स्टॉल विभिन्न आइटम्स बनाने की लगाई गई जिसमें अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने सर्दी के मौसम में गर्म-गर्म चीजों का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रहलाद राय तेली ने सभी का स्वागत किया एवं पीएमश्री विद्यालय के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार शर्मा पीएम श्री प्रभारी ने किया इस अवसर पर भवानी शंकर भट्ट गोवर्धन लाल सोनी मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य नवरत्न बेरवा पूर्व शिक्षाविद शंकर सिंह राणावत एवं एसडीएमसी सदस्य प्रकाश पिछोलिया ,लकी अग्रवाल निखिल हेडा ,नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत,जीएसएस अध्यक्ष अरविंद चौधरी,सुनील त्रिपाठी,नंदकिशोर तेली एवं गंगापुर युसीईईओ क्षेत्र के सभी विद्यालयों के कार्मिक तथा स्थानीय विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## गंगापुर में पटवारियों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू, कामकाज हुआ ठप



**गंगापुर-भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील सहाड़ा के समस्त पटवारी राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर नो सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड मुख्यालय गंगापुर पर 13 जनवरी से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करते हुए कार्य बहिष्कार किया पटवार संघ के उपशाखा अध्यक्ष ने बताया कि जब तक गिरदावरी एप में अपेक्षित आवश्यक संशोधन, 1035 पटवार मंडल की वित्तीय स्वीकृति, लंबित डीपीसी 752 नव भू अभिलेख निरीक्षक पदो से संबंधित लंबित पत्रावली, आवश्यक संसाधन लैपटॉप उपलब्ध करवाने, नियम विरुद्ध वरिष्ठता सूची को निरस्त करने व हार्ड ड्यूटी ओर स्टेस्नरी भत्ता में बढ़ोतरी आदि मांगों का निस्तारण नहीं होता है तब तक पटवार संघ का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान अध्यक्ष दिग्विजय सिंह,सत्यनारायण शर्मा, गणेश शर्मा,घनश्याम शर्मा,विजय राज सिंह चुंडावत, रमण नाथ,श्रीराम, सुदेश कुमार,बालकिशन, भावना चौधरी,चुकी कुमारी, प्रिया सिनगरिया, किरण यादव,कमलेश सुथार, आबिद हुसैन, आशुतोष शर्मा आदि मौजूद थे।

## आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न



**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आगामी बजट के संबंध में अपने विभाग से संबंधित जनहित को ध्यान में रखते हुए कराए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित चल रहे प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ई-फाईलों का निस्तारण भी कम से कम समय में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-फाईल अधिक समय तक पेंडिंग है तो उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाए तथा सभी अधिकारी राजकीय कार्यों का यथा समय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने टोबेको फ्री यूथ की समीक्षा बैठक में जिले के सभी विद्यालयों में 20 जनवरी, 2025 को नशा मुक्ति से संबंधित शपथ दिलवाने की तैयारी के संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला कलक्टर ने शिक्षा, जेवीवीएनएल,महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला अनुसंधान सेल) विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

## सम्पादकीय

### आसमान सबका है।



अभी इन दिनों पतंग का सीजन पूरे देश में है राजस्थान के जयपुर की पतंग बाजी दुनिया भर में मशहूर है। मकर संक्रांति के दिन पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंग से पटा रहता है, यह सब देखने के लिए बाहर से लोग भी पहुंचते हैं विदेशियों के लिए पतंगबाजी के कार्यक्रम अलग होते हैं लेकिन इन सब का दुखद पहलू यह है कि आसमान पर विचरण करने वाले पक्षी इस पतंगबाजी के धागे में फंसकर लहु लुहान हो जाते हैं और मर जाते हैं।

आसमान सबका है हम तो अब 1 वर्ष में कुछ घंटे पतंग उड़ाते हैं लेकिन आसमान में पक्षी दिन होने से रात होने तक विचरण करते रहते हैं उनका रहने का घूमने का सब कुछ खुला आसमान है पतंगबाजी के चक्कर में हम उनका जीना दूभर कर देते हैं। यदि कुछ सावधानी हम लोग बरते तो बड़ी संख्या में पक्षियों को मरने और घायल होने से बचाया जा सकता है।

पक्षियों का सुबह अपने घोसलों से निकलने का और शाम को आने का समय होता है सरकार आम आदमी से गुहार करती है कि ऐसे समय पतंगबाजी रोक दें परंतु कोई मानता नहीं है चाइनीस मंजे पर भी सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है पर कोई सुनता नहीं है व्यापारी ज्यादा लालच के चक्कर में चाइनीस मांझा बेचते हैं यह घातक है इसमें करंट भी प्रभावित होता है स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जानवर के घाव होने के बाद वह बचता नहीं है।

जो मांझा हवा में रह जाता है वीडियो में अटक जाता है या जमीन पर फालतू पड़ा रहता है उसे नष्ट करना चाहिए अन्यथा चिड़िया और कबूतरों के पैर में अटक जाता है और वह तड़प कर मर जाते हैं रात्रि के समय पतंग के साथ लैंप उड़ने का भी गलत शौक लग गया है जो गलत है इससे आगजनी का खतरा रहता है हमें इन सब बातों का ध्यान रखना होगा यह हमारी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है जानवर पक्षियों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। संक्रांति का त्योहार ऐसा है जो धर्म जात बात से अलग होकर मनाया जाता है मनाया जाए उल्लास पूर्वक मनाया जाए लेकिन पक्षियों की स्वतंत्रता खतरे में नहीं डाली जाए और अपने को भी बचाए रखें।

**वैभव लोढ़ा............**

## क्रॉस फायर

- ❑ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नौजवानों को बताया अपना परम मित्र
- ◆ फिर भी नौजवानों के साथ ऐसा किया।
- ❑ स्मृति ईरानी का बड़ा आरोप आप विधायकों ने बनवाई अवैध प्रवासियों के जाली दस्तावेज और आधार कार्ड।
- ◆ फिर झूठ सच्चे आरोप के साथ राजनीति में एंट्री।
- ❑ भारत में सीमा पर बढाई सेना की तैनाती तो भड़क गया बांग्लादेश।
- ◆ क्योंकि आवक जावक पर रोक लग गई।
- ❑ अमित शाह बोले शरद पवार की विश्वास गति राजनीति दफन हुई।
- ◆ लगता है चोट गहरी लगी।
- ❑ मुख्यमंत्री भजनलाल बोले कौशल और उद्यमिता विकास से युवा बना आत्मनिर्भर।
- ◆ सरकार के भरोसे तो बेरोजगार ही रह जाए।
- ❑ मुख्यमंत्री भजनलाल का आप गहलोत सरकार की निष्क्रियता से बड़ा वैकेंसी बैकलॉग।
- ◆ उससे पहले की सरकारी तो एडवांस में करती थी नियुक्तियां।
- ❑ भाजपा संगठन में फेरबदल की कवायत महिलाओं को दी जाएगी तरजीह।
- ◆ पूरे संगठन का डब्बा गोल किस-किस को बदलोगे।
- ❑ शिवसेना पलटी इंडिया या बा गठबंधन को भंग करने की बात कभी नहीं की।
- ◆ तभी तो बोलते हैं ज्यादा बोलना अच्छा नहीं।

.............अंजू लोढ़ा

# आज मकर सन्क्रांति: पुष्य नक्षत्र के साथ विशेष महत्व



रोशनलाल शर्मा

मकर संक्रांति का त्योहार मंगलवार को देश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस बार मकर संक्रांति पर पुष्य नक्षत्र का भी शानदार संयोग आ रहा है। ऐसे में धर्म, दान और पूजा पाठ का विशेष फल मिलने वाला है।

मकर संक्रांति भारत में धर्म आस्था का त्योहार है। इस दिन तीर्थ स्थलों पर स्नान करने का भी प्रावधान है और दान पुण्य का भी महत्व है। पतंग का मकर संक्रांति पर कोई उल्लेख नहीं है ये तो कालान्तर में आमोद प्रमोद के हिसाब से इसमें जुड़ गई है। दरअसल मकर संक्रांति पुण्य कमाने का त्योहार है न की पतंगबाजी का है। हालांकि पिछले कई दशकों से युवा पीढ़ी इसे पतंगबाजी का ही त्योहार ही मानती है। पतंगबाजी का एक खास मामला ये जरूर है इसने कौमी त्योहार बना दिया है। जी हां पतंगबाजी मकर संक्रांति के दिन हिन्दू, मुसलमान, सिख और इसाई सभी सम्प्रदायों में की जाती है। साथ ही इस दिन तिल के लड्डु, गजक और फीणी का खान भी सभी सम्प्रदायों में होता है। इसलिए पतंगबाजी से लिहाज से ये कौमी एकता का भी त्योहार माना जा सकता है। राजस्थान में इस पर्व पर सुहागन महिलाएं अपनी सास को वायना देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। साथ ही महिलाएं किसी भी सौभाग्यसूचक वस्तु का चौदह की संख्या में पूजन एवं संकल्प कर चौदह ब्राह्मणों को दान देती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।

**पुष्य नक्षत्र और मकर संक्रांति**

पुष्य के साथ आने वाली मकर संक्रांति पर तीन विशेष उपाय करने चाहिए। थोड़ी सी केसर युक्त चावलों की खीर बनाइये और भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में उसका भोग लगाकर स्वयं भी उस प्रसादी को ग्रहण करें और उसे वितरित भी करें। इसी दिन थोड़ा तिल और गुड़ एक डिस्पोजल कटोरी में रखकर भगवान शिव के मंदिर में उनके चरणों में अर्पित कर आएं और उनसे अपने सभी कष्टों के निवारण की प्रार्थना कर आएं। तीसरा और महत्वपूर्ण उपाय ये है कि इस दिन एक चांदी का सिक्का खरीदें और थोड़ से चावल खरीदें तथा ये दोनों चीजें एक सफेद कपड़े में बांधकर इशान कोण या फिर अपनी तिजोरी में रख दें और फिर इसका फायदा देखें।

**भारत के साथ ही नेपाल में भी रहती है मकर संक्रांति की धूम**

भारत के साथ ही नेपाल में भी अलग-अलग नाम व भांति-भांति के रीति-रिवाजों द्वारा भक्ति एवं उत्साह के साथ मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन किसान अपनी अच्छी फसल के लिये भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद मांगते हैं। इसलिए मकर संक्रांति के त्योहार को फसलों एवं किसानों के त्योहार के नाम से मनाया जाता है। नेपाल में माघे-संक्रांति, सूर्योत्तरायण और थारू समुदाय में माघी कहा जाता है। इस दिन नेपाल सरकार सार्वजनिक छुट्टी घोषित करती है। थारू समुदाय का यह सबसे प्रमुख त्योहार है। नेपाल के बाकी समुदाय भी तीर्थस्थल में स्नान करके दान-धर्मादि करते हैं और तिल, घी, चीनी और कन्दमूल खाकर धूमधाम से मनाते हैं। वे नदियों के संगम पर लाखों की संख्या में नहाने के लिये जाते हैं। तीर्थस्थलों में रूरूधाम और त्रिवेणी मेला सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है।

**भारत के राज्यों में अलग-अलग रूप**

मकर संक्रान्ति के अवसर पर आन्ध्र प्रदेश और तेलंगण राज्यों में विशेष भोजनम् का आयोजन किया जाता है। जम्मू में यह पर्व उत्तरैन% और %माघी संगरांद% के नाम से विख्यात है। कुछ लोग इसे उत्रैण, अत्रैण% अथवा अत्रणी के नाम से भी जानते है। इससे एक दिन पूर्व लोहड़ी का पर्व भी मनाया जाता है, जो कि पौष मास के अन्त का प्रतीक है। मकर संक्रान्ति के दिन माघ मास का आरंभ माना जाता है, इसलिए इसको माघी संगरांद भी कहा जाता है। डोगरा घरानों में इस दिन दाल की खिचड़ी का मन्सना (दान) किया जाता है। इसको %खिचड़ी वाला पर्व% भी कहा जाता है। उधमपुर की देविका नदी के तट पर, हीरानगर के धगवाल में और जम्मू के अन्य पवित्र स्थलों पर जैसे कि पुरमण्डल और उत्तरबैह्नी पर इस दिन मेले लगते हैं। भद्रवाह के वासुकी मन्दिर की प्रतिमा को इस दिन घी से ढंका जाता है। उत्तर प्रदेश में यह मुख्य रूप से %दान का पर्व% है। प्रयागराज में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर प्रत्येक वर्ष एक माह तक माघ मेला लगता है जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी से ही प्रयागराज में हर साल माघ मेले की शुरूआत होती है। 14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक का समय खर मास के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी यानी मकर संक्रान्ति से पृथ्वी पर अच्छे दिनों की शुरूआत होती है। माघ मेले का पहला स्नान मकर संक्रान्ति से शुरू होकर शिवरात्रि के आखिरी स्नान तक चलता है। बागेश्वर में बड़ा मेला होता है। वैसे गंगा-स्नान रामेश्वर, चित्रशिला व अन्य स्थानों में भी होते हैं। इस दिन गंगा स्नान करके तिल के मिष्ठान आदि को ब्राह्मणों व पूज्य व्यक्तियों को दान दिया जाता है। इस पर्व पर क्षेत्र में गंगा एवं रामगंगा घाटों पर बड़े-बड़े मेले लगते है। समूचे उत्तर प्रदेश में इस व्रत को खिचड़ी के नाम से जाना जाता है तथा इस दिन खिचड़ी खाने एवं खिचड़ी दान देने का अत्यधिक महत्व होता है। इसी प्रकार बिहार में मकर संक्रान्ति को खिचड़ी नाम से जाना जाता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, चिवड़ा, गौ, स्वर्ण, ऊनी वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का अपना महत्त्व है। महाराष्ट्र में इस दिन सभी विवाहित महिलाएं अपनी पहली संक्रान्ति पर कपास, तेल व नमक आदि चीजें अन्य सुहागिन महिलाओं को दान करती हैं। तिल-गूल नामक हलवे के बांटने की प्रथा भी है। इस दिन पूरे बिहारवासी दिन में दही चुरा खाकर और रात के समय उरद दाल और चावल की खिचड़ी बनाकर यह पर्व को मनाते हैं। बंगाल में इस पर्व पर स्नान के पश्चात तिल दान करने की प्रथा है। गंगासागर में प्रति वर्ष विशाल मेला लगता है। मान्यता यह भी है कि इस दिन यशोदा ने श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिये व्रत किया था। इस दिन गंगासागर में स्नान-दान के लिये लाखों लोगों की भीड़ होती है।

तमिलनाडु में इस त्योहार को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाते हैं। प्रथम दिन भोगी-पोंगल, द्वितीय दिन सूर्य-पोंगल, तृतीय दिन मट्टू-पोंगल अथवा केनू-पोंगल और चौथे व अन्तिम दिन कन्या-पोंगल। इस प्रकार पहले दिन कूड़ा करकट इकठ्ठा कर जलाया जाता है, दूसरे दिन लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है और तीसरे दिन पशु धन की पूजा की जाती है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है, जिसे पोंगल कहते हैं। असम में मकर संक्रान्ति को माघ-बिहू अथवा भोगाली-बिहू के नाम से मनाते हैं। देवभूमि उत्तराखंड में इस मुख्य पर्व मकर सक्रांति को घुघुतिया त्योहार के नाम से जाना जाता है। उत्तराखंड के सभी लोग अपने दिन की शुरूआत सुबह नहाने से करते हैं। घर की महिलाओं द्वारा रसवाडें को मोल मिट्टी की सहायता से लिपाई पुताई की जाती है।

उसके बाद सभी लोगों द्वारा अपने घर के देवता स्वरूप देवी देवताओं की पूजा की जाती है और दिन के भोजन में घुघुतिया बनाए जाते हैं। यह घुघुतिया आटे और गुड़ की सहायता से बनाए जाते हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की आकृतियों के माध्यम से घुघुतिया तैयार किए जाते हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं-सम्पादक**

# *आखिर क्यों आते है पश्चिमी विक्षोभ*



**राजेश कुमार मीना**
**करौली**

पश्चिमी विक्षोभ अटलांटिक महासागर मे उत्पन्न होते हैं फिर यूरोप महाद्वीप के देशों में बारिश करते हैं उसके बाद लाल सागर, कैस्पियन सागर, काला सागर, भूमध्य सागर, तक पहुंचने पर यहां से नमी ग्रहण करते हैं फिर यह ईरान, इराक, अफगानिस्तान,पाकिस्तान होते हुए भारत तक पहुंचते हैं जिससे यहां बारिश ओर बर्फबारी होती है ,काफी क्षेत्रों में भारी बारिश ओलावृष्टि तेज तूफान भी आ जाते हैं ।कभी कभी उत्तर पश्चिम मध्य भारत में पश्चिमी विक्षोभ से भारी बारिश ओलावृष्टि होती है। साथ में 40-100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलती है खासकर मार्च अप्रैल मे इस प्रकार का प्रभाव होता है लेकिन यह प्रभाव तब होता है जब पश्चिमी जेट स्ट्रीम सामान्य से अधिक दक्षिणायन हो जाये।

पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बन्स भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी इलाक़ों में सर्दियों के मौसम में आने वाले ऐसे तूफ़ान को कहते हैं। जो वायुमंडल की ऊँची तहों में भूमध्य सागर,अन्ध महासागर और कुछ हद तक कैस्पियन सागर से नमी लाकर उसे अचानक वर्षा और बर्फ़ के रूप में उत्तरभारत,पाकिस्तान व नेपाल पर गिरा देता है ।उत्तर भारत में रबी की फ़सल के लिये, विशेषकर गेंहू के लिये, यह तूफ़ान अति-आवश्यक होते हैं।

क्यों कहते हैं इन्हें पश्चिमी विक्षोभ :- मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि 'अशांत हवाएं कम दबाव वाले क्षेत्र में होती हैं ।और भारत के संबंध में चूंकि? ये पश्चिम दिशा से आती हैं, इसलिए इसका नाम पश्चिमी विक्षोभ है। भमध्यसागरिय क्षेत्र से चलने वाली ये हवाएं अफगानिस्तान,पाकिस्तान और भारत की ओर अधिक ऊंचाई और तेज हवाओं के साथ यात्रा करती हैं ।जो पृथ्वी की सतह के ऊपर पश्चिम से पूरब दि?शा की ओर बहती हैं। इससे होने वाली बरसात मानसून की बरसात से अलग होती है ।यह एक गैर-मानसून वर्षा पैटर्न है ।और यह पछुआ हवाओं द्वारा संचालित होता है। सर्दियों के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ काफी मजबूत होते हैं।

भारत में प्रभाव:-पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी भारत में वर्षा, हिमपात और कोहरे से संबंधित है। यह पाकिस्तान और उत्तरी भारत में वर्षा एवं हिमपात के साथ आता है ।पश्चिम विक्षोभ भूमध्य सागर या अटलांटिक महासागर से नमी प्राप्त करता है ।इस के कारण शीत ऋतु में और मानसून पूर्व वर्षा होती है और उत्तरी उपमहाद्वीप में रबी फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है ।ये हमेशा अच्छे मौसम के अग्रदूत नहीं होते हैं। कभी-कभी बाढ़, फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, धूल भरी आँधी, ओलावृष्टि और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाओं का कारण बन सकते हैं जो लोगों की जान ले लेते हैं, बुनियादी ढाँचे को नष्ट कर देते हैं और आजीविका को प्रभावित करते हैं ।अप्रैल और मई के गर्मियों के महीनों के दौरान, पश्चिम विक्षोभ पूरे उत्तर भारत में प्रवाहित होते हैं ।एवं समय-समय पर उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में मानसून की सक्रियता में मदद करते हैं।

मानसून के मौसम के दौरान, पश्चिमी विक्षोभ कभी-कभी घने बादल और भारी वर्षा का कारण बन सकता है ।कमज़ोर पश्चिमी विक्षोभ पूरे उत्तर भारत में फसल उपज की विफलता और जल की समस्याओं से संबंधित है ।मज़बूत पश्चिमी विक्षोभ निवासियों, किसानों और सरकारों को जल की कमी से जुड़ी कई समस्याओं से बचने में मदद कर सकता है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं-सम्पादक**

## आज का राशिफल

मंगलवार 14 जनवरी 2025

**मेष राशि**

जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोडने् से बचें। पैर में चोट लग सकती है। समाज में नाम आपका होगा।

**वृषभ राशि**

किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग है। पुरानी दुश्मनी के चलते विवाद संभव है।

**मिथुन राशि**

सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा।

**कर्क राशि**

व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके ना कि बनावटी बातें करें। वाणी मधुर रहे। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह राशि**

अपने अक्खड़ व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। व्यवहार नम्र रहे और अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पिता के साथ तालमेल न रहने से घर का वातावरण गरमा सकता है। संपत्ति से संबंधित जरूरी अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या राशि**

आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आये परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।

**तुला राशि**

जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं।

**वृश्चिक राशि**

अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे। शेयर बाजार में निवेश से लाभ होगा।

**धनु राशि**

समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा। फैक्ट्री में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगायें, चमत्कारिक लाभ होगा।

**मकर राशि**

जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेगा।

**कुम्भ राशि**

अपने हिसाब से जिन्दगी जीना पसंद है। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आप का विरोध करेंगे। भवन-भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रुचि कम रहेगी।

**मीन राशि**

समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा, जो भविष्य में लाभदायक रहेगा। वाहन सुख संभव है।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# दान, ध्यान और स्नान का पर्व है मकर संक्रांति



बाल मुकुन्द ओझा

भारत में प्रत्येक पर्व और त्योहार का अपना सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व होता है। ऐसा ही एक पर्व मकर संक्रांति है जो लोक मंगल को समर्पित है। हिन्दू तीज-त्योहारों में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति का त्योहार धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। लोकमंगल के त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। यह त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। मकर संक्रांति सूर्य, पृथ्वी और ऋतुओं के बीच के संबंध को दर्शाने वाला पर्व है। इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार, मकर संक्रांति पुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 46 मिनट तक रहेगा और महापुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा. मकर संक्रान्ति पर्व पूरे भारत और नेपाल में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख त्यौहारों में से एक है, जिसे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। उत्तर भारत में इसे संक्रांति, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, तमिलनाडु में पोंगल और असम में माघ बिहू कहा जाता है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में इस त्यौहार को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। यह त्यौहार सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

धार्मिक विश्वास के अनुसार मकर संक्रांति पर किये गये दान के कार्य अन्य दिनों के अपेक्षा सौ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता। इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना बेहद पुण्यकारी माना जाता है। यह त्योहार देश में पतंजबाजी के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। इस अवसर पर महिला और पुरुष सबेरे से शाम होने तक अपनी अपनी छतों पर वो काटा की करतल ध्वनि के साथ पतंगबाजी का आनंद उठाते है। इस दिन तिल का हर जगह किसी ना किसी रूप में प्रयोग होता ही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि अगर मकर संक्राति के दिन तिल का दान या सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। जिससे ऐसे व्यक्ति जिस पर शनि देव का कुप्रभाव है वह भी कम हो जाता है। इसलिए इस दिन काले तिल को दान करने की मान्यता है।

तिल स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है ।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति के दिन का ही चयन किया था। मकर संक्रांति के दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर सागर में जा मिलीं। इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगास्नान एवं गंगातट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। मकर संक्रांति को मौसम में बदलाव का सूचक भी माना जाता है।

भारत में मकर संक्रान्ति विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। बंगाल में इस पर्व पर गंगासागर पर बहुत बड़े मेले का आयोजन होता है। यहां इस पर्व के दिन स्नान करने के बाद तिल दान करने की प्रथा है। कहा जाता है कि इसी दिन यशोदा जी ने श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए व्रत रखा था। इसी दिन गंगा भगीरथ के पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगा सागर में जा मिली थीं।

यही वजह है कि हर साल मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर में भारी भीड़ होती है। इस साल महाकुंभ मेले में दूसरा शाही स्नान भी मकर संक्रांति 2025 के पावन पर्व पर आयोजित हो रहा है। यह महाकुंभ प्रयागराज में हो रहा है। मकर संक्रांति 2025 विशेष रूप से स्नान और दान का पर्व है। इस दिन गंगास्नान करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है ।बिहार में भी मकर संक्रांति को खिचड़ी के ही नाम से जानते हैं। यहां भी उड़द की दाल, चावल, तिल, खटाई और ऊनी वस्त्र दान करने की परंपरा है। इसके अलावा असम में इसे 'माघ- बिहू और ' भोगाली-बिहू के नाम से जानते हैं। तमिलनाडू में इस पर्व को चार दिनों तक मनाते हैं।

यहा पहला दिन भोगी पोंगल दूसरा दिन सूर्य पोंगल, तीसरा दिन मट्टू पोंगल और चौथा दिन कन्या पोंगल के रूप में मनाते हैं। पूजा और अर्चना की जाती है। राजस्थान में इस दिन बहुएं अपनी सास को मिठाईयां और फल देकर उनसे आर्शीवाद लेती हैं। इसके अलावा वहां किसी भी सौभाग्य की वस्तू को 14 की संख्या में दान करने का अलग ही महत्व बताया गया है। महाराष्ट्र में इस दिन गूल नामक हलवे को बांटने की प्रथा है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# 9 सूत्री मांगों को लेकर पटवारी उपखंड कार्यालय के बाहर बैठे हड़ताल पर



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** पटवार संघ के बैनर तले पटवारी अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं।उपखंड कार्यालय के बाहर पटवारीयो का धरना चल रहा है।

9 सूत्री मांगों को लेकर पटवारी धरना दे रहे हैं। मनीष पटवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी 9 सूत्री मांगे इस प्रकार है कि गिरदावरी एप्प में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाया जावे ताकि गिरदावरी कार्य पटवारी द्वारा ही किया जाना संभव हो सके तथा पटवार संघ सर्वेयर नियुक्ति का विरोध करता है, पटवारी द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति नहीं की जावेगी। 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तिय स्वीकृति से शेष पटवार मण्डल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तिय स्वीकृति बजट घोषणा के अन्तर्गत 1035 नवीन पटवार मण्डलों की घोषणा की गई थी किन्तू आज दिनांक तक भी उक्त पटवार मंडलों की तथा भानोत कमेटी में वित्तिय स्वीकृति से शेष पटवार मण्डल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तिय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

लम्बित रिव्यू डीपीसी का आयोजन पटवारी से भू अभिलेख निरीक्षक पद की डीपीसी भू अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद की डीपीसी, एनटीएसपी क्षेत्र की वर्ष 2022-23 की पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डिपीसी एवं डैफर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण करवाया जावे।752 नव सृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदो के निर्धारण संबंधित पत्रावली विगत 1 वर्ष से लम्बित है। संसाधन एवं कार्यालय फर्नीचर राज्य सरकार बजट घोषणा के Desktops, Printers, Laptops एवं Tablet की घोषणा की है, जिसके कम में वित्त विभाग द्वारा 9000 पटवारी एंव 1000 गिरदावर के लिए 12000 रूपये के टेबलेट की सहमति प्रदान की है। विभिन्न ऑनलाइन कार्यों की पूर्ति के अनुसार पटवारी को दिए जाने वाले टैबलेट की स्पेसिफिकेशन संशोधित करावाते हुए समस्त स्वीकृत पद पटवारी 13561 (1035 पदो सहित) एवं भू अभिलेख निरीक्षकों 4258 को 8/256 जीबी स्टोरेज का टेबलेट / लैपटॉप मय प्रिन्टर, इंटरनेट सुविधा के उपलब्ध करवाया जावे। नायब तहसीलदार से तहसीलदार में पदोन्नति कोटा बढाया जाने वाली पत्रावली विगत 2 वर्ष से लम्बित है।तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुनर्निर्धारण किये जाने वाली पत्रावली विगत 2 वर्ष से लम्बित है।

भू-प्रबन्ध आयुक्त द्वारा की स्थिति में नियम विरूद्ध जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त फरमाते हुये combine cadre की वरिष्ठता सूची जारी करावें।हार्ड ड्यूटी एवं स्टैशनरी भत्तों में बढ़ोतरी विगत काफी वर्षों से पटवारी की हार्ड ड्यूटी एवं स्टैशनरी भत्तों में बढ़ोतरी नहीं की गई है अतः हार्ड ड्यूटी 2250 रूपये से बढ़ाकर 5000 रूपये तथा स्टेशनरी भत्ता 400 रूपये से बढाकर 1000 रूपये प्रतिमाह किया जावे।

इन 9 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया गया है एवं धरने पर भी बैठे हैं।जिसमे जिलाध्यक्ष पवन मुदलिया जिला महामंत्री मनीष बेनीवाल उपशाखा अध्यक्ष सहीराम चौधरी पटवारी तेजाराम पटवारी बलराम जाट पटवारी शशि बलारा पटवारी पन्ना राम पटवारी दीपेंद्र सिंह पटवारी प्रकाश शर्मा पटवारी प्रमिला गोदारा पटवारी टंवर सिंह पटवारी सुरेंद्र सिंह पटवारी देवीलाल पटवारी इमरान पटवारी रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जन समाज सेवा संस्थान की और से गर्म स्वेटर वितरित



**सरवाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में सोमवार को जन समाज सेवा संस्थान द्वारा पूसी बाई राजकीय बालिका उच्च मा विद्यालय में जरूरतमंद छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य परमेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है समय-समय पर हम सभी को ऐसी भीषण ठंड में जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान सीमा शर्मा, प्रीति तेजिया, सुधीर कुमार सेन,चंचल सेन, रिंकू जैन, विक्रम सिंह जैसावत, अनिल पारीक, ऋषि कुमार जोशी, दीप्ति कंवर, गणेश मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

### पद यात्रियों ने डिग्गी कल्याण के दर्शन कर खुशहाली कामना की

**सरवाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** पद यात्रियों का दल सोमवार को डिग्गी कल्याण पहुंचकर मंदिर में भगवान के दर्शन कर परिवार में खुशहाली की कामना की। जानकारी के अनुसार सरवाड़ से जाने वाली 30 वीं पद यात्रा के तहत पद यात्रियों का दल विभिन्न गांवो से होते हुए सोमवार को तीसरे दिन डिग्गी कल्याण धाम पहुंचा। जहां पद यात्रियों ने झंडा चढाया और भगवान के प्रसाद चढ़ाया। पदयात्रा में अनुशासन व संगठन को मजबूत करने की बात की गई। इस दौरान रामलाल गुर्जर, संजय शर्मा, कन्हैयालाल माली, भागचंद छापा, हनुमान माली, बृजेश आसोपा, प्रभु माली, फूलचंद, दीपक साहू, रूप सिंह, अशोक माली, आनंदी लाल माली, राजू साहू, राकेश मालाकार सहित पद यात्री मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के किसान विश्राम ग्रह में अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भागीरथ नेतड़ के द्वारा की गई।बैठक में मुख्य एजेंडा सदस्यता अभियान किसान आन्दोलन रखा गया।एव भागीरथ नेतड़ ने बताया कि 21 जनवरी से 31 जनवरी तक किसान सभा का सदस्यता अभियान रखा गया है।जिसमें डीडवाना जिले से 20 हजार सदस्य बनाए जाएंगे।एवं आने वाले दिनों मे किसान सभा किसान आन्दोलन के समर्थन मे आंदोलन करेगी।बैठक में किसान सभा के राज्य सयुंक्त सचिव नारायण राम डूडी जिला सचिव मोतीलाल शर्मा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ यादव जगदीश गोदारा देवाराम माण्डिया कानाराम नारायण दहीया दूर्गाराम खिचड़ हरदेव आनंद रामचन्द्र रणवा सहित कई नेता मोजूद रहे।

**आम रास्ते पर अवैध कब्जा करने का आरोप, ग्रामीणों ने सीमाकंन की रखी मांग, डीडवाना जिले के रताऊ गांव का मामला,**

### जिला कलेक्टर जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, किसान ने दी आत्महत्या की चेतावनी



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के नजदीकी ग्राम रताऊ के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर पुखराज सेन एवं जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा को ज्ञापन सौंपकर आम रास्ते पर किये कब्जे को हटाने की मांग रखी है। ग्रामीणों ने रास्ते की जमीन का सीमाकंन करवाकर रास्ता सही करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों की परेशानी खत्म हो सके। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि सरकारी पद व राजनीतिक ताकत का दुरुपयोग कर गैर मुमकिन रास्ते पर अवैध कब्जा किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया है ग्राम रताऊ म? रताऊ-ढीगसरी के बीच डामर सड़क निर्माणाधीन है। ये डामर सड़क दो खसरों के बीच से निकल रही है लेकिन अब सड़क को एक किसान सुखाराम के खेत से निकाल दिया , जिससे किसान को जमीन का नुकसान हुआ जबकि कागजों म? रास्ता दो खसरों के बीच से गुजर रहा है ओर उस रास्ते पर कब्जा कर रखा है। इस मामले म? पूर्व म? तहसीलदार ने सीमांकन किया लेकिन पत्थरगढी को उखाड़कर फेंक दिया। इसी को लेकर एक पक्ष के ग्रामीणों ने डीडवाना के जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है।

### 15 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर व्याख्या माला का आयोजन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के राजकीय बांगड़



महाविद्यालय में 15 जनवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के विरोध में अब भीम सेना एसएफआई मैदान में उतर चुकी हैं।एव इसी कार्यक्रम को देखते हुए एक ज्ञापन कॉलेज प्राचार्य सौंपकर कॉलेज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर व्याख्या माला आयोजन करने की बात ज्ञापन में कही गई है।ज्ञापन में बताया है।राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में 15 जनवरी को भीम सेना एसएफआई के द्वारा डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर व्याख्यामाला का आयोजन रख रहे हैं। जिस पर कॉलेज सभागार में रखने की अनुमति दी जाए।ज्ञापन देने वालो में जगदीश गोदारा गिरिराज हरलाल आदि मौजूद रहे।

## कैरियर डे कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी कैरियर के बारे में जानकारी



**सरवाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कैरियर डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक अजीत गुप्ता, डॉ रोशन लाल मीणा, शिक्षाविद शिव प्रकाश पारीक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटियां व राहुल टॉक मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की और से अतिथियों का उपर्णा पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक गुप्ता ने बैंकिंग के क्षेत्र में छात्र-छात्राएं किस प्रकार करियर बना सकते हैं इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीबीईओ रामेश्वर प्रसाद झारोटियां ने परीक्षा संबंधी और कैरियर संबंधी उचित मार्गदर्शन दिया। डॉ रोशन लाल मीणा ने चिकित्सा के क्षेत्र में किस प्रकार करियर बनाया जा सकता है एवं ज्ञान, बुद्धि, अध्यात्म को जोड़कर व्यक्ति को निखारने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। राहुल टॉक ने डिजिटल साक्षरता व साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। शिक्षाविद शिव प्रकाश पारीक ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। समापन पर प्रधानाचार्य गोपीलाल कीर ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में दीपेश कुमार सिसोदिया, हंसराज फुलवारी, बाबूलाल रेगर, अब्दुल कय्यूम अगवान, लालचंद रातावाल, आदित्य प्रकाश दाधीच, राजेंद्र यादव, रामावतार साहू, सुरेश लोहार, शब्बीर मोहम्मद, यशराज गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, गौरा शर्मा, माया सेन, खुशबु सिंह, बृजेश दाधीच सहित अध्यापक गण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन पारीक ने किया।

## 301 विद्यार्थियों ने एनसीपीएसएल की सिन्धी भाषा डिप्लोमा कोर्स की परीक्षा दी



**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय सिन्धु सभा न्यास के माध्यम से राष्ट्रीय सिन्धी भाषा एवं विकास परिषद की सर्टिफ़िकेट कोर्स, डिप्लोमा एवं ऐडवांस डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं हरि शेवा संस्कृत विद्यालय में सम्पन हुई। सुपरवाइजर ओमप्रकाश गुलाबानी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में कुल 301 बच्चे परीक्षा में बेठे। पिछ्ले तीन माह से सत्रह शिक्षा मित्रों एवं चार सुपरवाइजर द्वारा हृष्ट्क्करु द्वारा जारी पाठ्यक्रम के अनुसार कक्षाएँ लगी। जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि परीक्षा से पूर्व महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के आशीर्वाद से संत राजाराम ने सभी को नोट बुक एवं पेन वितरित किए। जयपुर से प्रश्न-पत्र लेकर पधारे आब्जर्वर इन्दर रामनाणी, वीरुमल पुरसानी, हीरालाल गुरनानी, लालचंद नथरानी, पुरषोत्तम परियानी, राजेश माखिजा, किशोर कृपलानी, परमानंद तनवानी ने प्रश्न पत्रों के बंडल की सील खुलवाकर परीक्षा प्रारंभ करवाई। संत गोविंद राम, गुलाब मीरचंदानी, लक्ष्मण लालवानी, नवीन मानवानी, रेखा बहरवानी, धीरज पेश्वानी ने परीक्षा हॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभी शिक्षा मित्र एव सुपर वाईजर उपस्थित थे।

## महापुरुष अपनी वाणी से दूसरों का कल्याण करते हैं : मुनि प्रणम्य सागर



**मदनगंज-किशनगढ़।** मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने आर.के. कम्युनिटी सेंटर में धर्मोपदेश देते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह भगवान की भक्ति करनी चाहिए। भगवान की भक्ति में मन लगना आज कल दुर्लभ कार्य है। प्रभु के बारे में जानने पर ही मन में प्रभु की भक्ति होती है। तीर्थंकरों की विशेषता जानने पर ही उनसे अनुराग होता है। महापुरुषों की कीमत उनके जाने के बाद पता चलती है। तीर्थंकर भगवान जीवों का विकास करते हैं। भव्य जीवों की चेतना, बुद्धि, चित में लगे कलंक को शांत करने के लिए अजीतनाथ भगवान प्रकट हुए थे। अंतरंग के कलंक को समाप्त करने पर निर्मलता आएगी और आत्मा के स्वभाव को प्रकट करेगी। उन्होंने कहा की मजबूरी में जीना ही दहनिय स्थिति कहलाती है। तीर्थंकरों के गुणों, महापुरुषों की बातों को धारण करने से ही ध्यान होता है। वाणी में शक्ति हो तो वह लोगों के कलंक को दूर तथा कषायो को शांत कर देती है। महापुरुष अपनी वाणी से दूसरों का कल्याण करते हैं। धर्म ध्यान करने से ऊर्जा प्राप्त होती है। आचार्य विद्या सागर महाराज रूपी सूर्य अजमेर में प्रकट हुआ। इसलिए राजस्थान सरकार द्वारा अजमेर के नारेली के पास आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन पर आधारित पैनोरमा का शिलान्यास 19 जनवरी को होगा। मुनिश्री ने अजीत नाथ भगवान एवं आचार्य विद्या सागर महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए सभी को मंगल आशीर्वाद दिया। प्रचार प्रसार प्रभारी संजय जैन ने बताया कि इससे पूर्व सुबह गुरु पूजन को गई। धर्मसभा का शुभारम्भ प्रेम चंद, प्रकाश चंद, रमेश, सुमेर, निर्मल, धीरज गंगवाल, दिलीप, निरंजन, निर्मल, प्रमोद वेद ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन व शस्त्र भेंट कर किया। शाम को गुरु भक्ति व आरती के बाद 64 रिद्धि युक्त श्री वर्धमान स्तोत्र का संगीतमय आयोजन 64 दीपकों के साथ महाअर्चना की गई। पंचायत मंत्री विनोद चौधरी ने बताया कि मुनि प्रणम्य सागर द्वारा रचित स्तोत्र की महाअर्चना शुभमराज शास्त्री के निर्देशन एवं गायिका दीपाली जैन जबलपुर द्वारा की गई। इस दौरान अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## पौषबड़ा महोत्सव पर भगवान को लगाया पौषबड़ा का भोग

**सरवाड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में सोमवार को चौधरी मोहल्ला स्थित महामृत्युंजय शिव मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान को पोषबडे का भोग लगाया गया। इस दौरान महिला मंड़ल ने भोला सब दुख काटो मारा, राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, शिव शंकर को जिसने पूजा उसका बेड़ा पार हुआ, सुबह-सुबह ले शिव का नाम, महादेव शंकर है जग से निराले, बाजे छे नौबत बाजा म्हारा डिग्गी पूरी का राजा, सांवरिया सेठ दे दे, श्याम बाबा आओ पधारो सहित भजन प्रस्तुत किए। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम मधुलता मिश्रा, शकुंतला कंवर, श्याम कंवर, मुन्नी देवी, दीप्ति कंवर, ललिता सोनी, नीलम शर्मा, सविता पारीक, ममता कंवर, रेखा कंवर, मोनिका, ज्योति, गीता देवी, दुर्गा शर्मा, नर्मदा देवी सहित महिलाएं मौजूद रही।

## मकराना : मार्बल थप्पियों को नुकसान पहुंचाने की घटना पर स्रुने व्यापारियों को दिया भरोसा, रूपए 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की

**मकराना ( हुक्मनामा समाचार )।** चार खंभा क्षेत्र में मार्बल



थप्पियों को नुकसान पहुंचाने की घटना से व्यापारियों में फैली निराशा के बीच स्थानीय विधायक मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ने व्यापारियों को हरसंभव सहायता का भरोसा देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। विधायक ने घटना को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की मांग की। पीड़ित व्यापारियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विधायक ने व्यक्तिगत तौर पर ?2,00,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे आगे आकर प्रभावित व्यापारियों की मदद करें और क्षेत्र में एकजुटता की मिसाल पेश करें। इस घटना के बाद व्यापारियों में विधायक की सक्रियता और तत्परता को लेकर सकारात्मक माहौल देखा गया है। वहीं, प्रशासन ने मामले में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यशाला आयोजित



**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** महिला सशक्तिकरण बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना व सशक्त नारी व सशक्त समाज के संकल्प को लेकर राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यशाला का महिला अधिकारिता विभाग व राजीविका के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत समिति सुवाणा के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री अशोक पारीक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुवाणा ने शिक्षा विभाग में बालिकाओं से संबंधित योजनाओं पर जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुवाणा श्रीमती सरोज कनौजिया ने भी महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में चर्चा की। रूड्सेट से रवि कुमार व दिनेश तोमर ने व्यावसायिक कौशल पर महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने पर जानकारी दी। श्रीमती मीनल विजयवर्गीय सुपरवाईजर महिला अधिकारिता सुवाणा व गंगा दाधीच केन्द्र प्रबंधक पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र भीलवाड़ा ने महिला अधिकारिता विभाग से सम्बधित व बालिका व महिलाओ से सम्बधित सरकारी योजनाये व मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी। ब्लॉक प्रोग्राम मेनेजर राजीविका अमित कुमार जोशी ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओ व ड्रॉन दीदी व लखपति दीदी योजना की विस्तार से चर्चा की। डॉ विजय लक्ष्मी ने शारीरिक स्वास्थ्य व स्वस्थ आहार पर जानकारी दी एवं महिलाओं से संबंधित शारीरिक समस्याओं पर जानकारी दी।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र सुभाष नगर थाना आकांक्षा चौहान, लक्ष्मी खोईवाल ने घरेलु हिंसा की जानकारी दी। सीमा पुरोहित ने बाल विवाह रोकथाम के बारे में जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग से सुवाणा ब्लॉक की सभी ग्राम साथिन व राजीविका से पशु सखी, कृषि सखी सहित 80 महिलाये उपस्थित थी।

## सरकारी योजनाओं के ऋण वितरण के आवेदनों के निस्तारण हेतु लीड बैंक को दिए निर्देश

**जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन**



**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में सोमवार को सरकारी योजनाओं के ऋण वितरण में प्रगति के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं के ऋण वितरण में तेजी लाना और पात्र लोगों को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करना है।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर मेहता ने महिला अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना, नगर निगम की प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना, और जिला उद्योग केंद्र की डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं में बैंकों द्वारा ऋण वितरण में देरी पर असंतोष व्यक्त किया और प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने अग्रणी बैंक के जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें और पात्र लोगों को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें। इसके अलावा, उन्होंने अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता को पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना के आवेदनों को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसई डिस्कॉम वी के संचेती, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र केके मीणा, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सत्यपाल जांगिड़,उप निदेशक सांख्यिकी डॉ सोनल राज कोठारी, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता नगेंद्र तोलंबिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**आग तापते समय आग से झुलसा बुजुर्ग हुआ घायल**

## परिजन लेकर पहुंचे राजकीय बागड़ जिला अस्पताल डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर किया हायर सेंटर रेफर

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के नजदीकी ग्राम नंदवाई में एक बुजुर्ग आग से झुलस जाने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार अन्नाराम पुत्र नानूराम उम्र 60 वर्ष निवासी नंदबाई अपने घर पर आग ताप रहे थे।इसी दौरान अचानक चक्कर आ जाने की वजह से वह सीधे ही आग में गिर गए।गिरने की वजह से वह झुलस गए। झुलसने के बाद तुरंत उन्हें परिजन डीडवाना शहर के राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां पर डॉक्टर के द्वारा झुलसे हुए बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार जारी किया।एवं बुजुर्ग की गंभीर अवस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां परिजनों के दौरान निजी एंबुलेंस की सहायता से उन्हें हायर सेंटर ले जाया गया। आग तापते समय चक्कर आ जाने की वजह से आग में गिरकर झुलस गए।

## साइड देने के चक्कर में स्लीपर बस पलटी

# उज्जैन से जा रहे थे पुष्कर, दो दर्जन से ज्यादा यात्री घायल-जिला चिकित्सालय मे इलाज जारी

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** मांडल थाना क्षेत्र के धूल खेड़ा के पास उदयपुर-जयपुर नेशनल हाईवे के पास सोमवार को अल सुबह बड़ा हादसा हो गया। एक ओवरटेक कर रही ट्रक को साइड देने के चक्कर में स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में करीब दो दर्जन से ज्यादा पैसेंजर घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया । गनीमत रही की हादसे में कोई जनहानि की सूचना नहीं है। के उदयपुर जयपुर नेशनल हाईवे धूलखेड़ा के पास सोमवार अल सुबह करीब 4-4:30 बजे के आसपास उज्जैन से पुष्कर जा रही स्लीपर बस, ओवर टेक कर रही है दूसरी ट्रक को साइड देने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। शेयर बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, सूचना मिलने पर हाईवे एंबुलेंस और थाना पुलिस भी पहुंची। इन्होंने बस में सवार सभी 52 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में 26 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए भीलवाड़ महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भिजवाया इनमें से 21 को भर्ती कराया गया है सभी यात्री रविवार रात उज्जैन से निकले थे और इन्हें सोमवार सुबह पुष्कर पहुंचना था, इससे पहले इनकी बस हादसे का शिकार हो गई। फिलहाल हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। हादसे के बाद मौके पर जाम लग गया जिसे पुलिस ने खुलवाया और ट्रैफिक को सुचारू करवाया। एक बस यात्री ने बताया कि हम लोग दमोह से 12 दिसंबर को 11 ज्योतिर्लिंग की यात्रा करने के लिए निकले थे। हमने सभी ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लिए थे कल रविवार रात को हम उज्जैन महाकाल से पुष्कर आने के लिए रात को रवाना हुए थे। आज सुबह 4-4:30 के आसपास एक ट्रक ने ओवर टेक किया इस दौरान गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई और पलटी खा गई। हम सभी लोग नींद में थे पता ही नहीं चला कब गाड़ी पलट गई। बस में हम 55 लोग सवार थे 26 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में लेकर आए हैं, 21 का इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलने पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों की कुशल क्षेम पूछी। उन्होंने डॉक्टर्स से एक्स-रे, एमआरआई सहित सभी आवश्यक जांच करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जयपुर नेशनल हाईवे धूलखेड़ा के पास सोमवार अल सुबह करीब 4-4:30 बजे के आसपास उज्जैन से पुष्कर जा रही स्लीपर बस, ओवर टेक कर रही है दूसरी ट्रक को साइड देने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।



मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, सूचना मिलने पर हाईवे एंबुलेंस और थाना पुलिस भी पहुंची। इन्होंने बस में सवार सभी 52 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में 26 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए भीलवाड़ महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भिजवाया इनमें से 21 को भर्ती कराया गया।

## आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा दक्ष प्रशिक्षक का चार दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** प्रतापगढ़ में आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा दक्षा प्रशिक्षक दिनांक 9 जनवरी से 12 जनवरी 2025 स्थान कृषि मंडी किसान भवन में दक्षा ट्रेनिंग कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दक्षा प्रतिभागियों को शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से अपने जीवन वह बालिकाओं का बेहतर वह आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए सखियों की बड़ी केंद्र पर जाकर बच्चों के साथ कार्य करें साथ नई-नई विधाओं के साथ वह आसान तरीके से बालिकाओं को पढ़वे गणित में अबेकस के माध्यम से बच्चों को आसान तरीके बेसिक शिक्षा ग्रहण करके बालिकाओं को मुख्य धारा से जोड़ा जाए सस्ता स्सथा प्रधान डायरेक्टर मधु जैन का कहना है की लड़कियां शिक्षित हो ताकि वह अपने जीवन में सफल हो सके समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके । प्रशिक्षण में 38 प्रशिक्षणथी ने भाग लिया वह मास्टर ट्रेनर मन प्रवीण जी, हेमंत जी, मुराद जी, जी राजलक्ष्मी जी ,आरुषि ने भाग लिया वह यह भी कहा गया की फील्ड में जाकर वह बच्चों के आसानी आसान तरीके से कार्य करें। अंत में डीएम प्रतापगढ़ सुलोचना जैन द्वारा प्रशिक्षण में ट्रेनर व स्टाफ की साथियों को धन्यवाद दिया गया इस प्रशिक्षण में ज्ञान और कौशल प्राप्त कर बल्कि अपनी क्षमता को निकालने का मौका मिला इसी के साथ प्रशिक्षण का समापन किया गया।

# लादड़िया में युवा दिवस पर सरकारी सेवा में कार्यरत 41 युवाओं का किया सम्मान

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** लादड़िया कस्बे में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर पिछले पाँच वर्षो में सरकारी सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत युवाओ का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लादड़िया विकास समिति लादड़िया के तत्वावधान एवं भामाशाहों के सहयोग से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पाल जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला क्लेक्टर डीडवाना महेन्द्र मीणा रहे। एसीबीईओ मौलासर भँवरलाल खोखर ने अध्यक्षता की। विशिष्ठ अतिथि के रुप में बीसीएमओ डीडवाना अजीत बलारा, एसीबीईओ शब्बीर खान, विकास अधिकारी मौलासर अविनाश चौधरी, मौलासर थानाधिकारी विरेन्द्र सिंह, मौलासर चिकित्सा अधिकारी शंकरलाल जाट, डॉ.यशी बलारा, आयुर्वेदाचार्य प्रेम प्रकाश मौजूद रहे। प्रधानाचार्य बजरंग सिंह ने मेजबानी की ।समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में चयनित 41 युवाओ को साफा व माला एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

एडीम मीणा के कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं मे जागृति आती है एसीबीईओ खोखर ने वर्तमान समय में सौशल मिडिया का सदुपयोग करने की बात कही। थानाधिकारी विरेंद्र सिंह ने साईबर अपराधियों के चंगुल से दूर रहने के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम में भामाशाह गोरधन लाल सैनी, रामदेव कड़वा, मुकेश गुलेरिया, अनिल अग्रवाल, श्यामलाल सैनी ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्र सैनी व.अ.ने किया। कार्यक्रम में सरपंच मनोज



देवी, प.स.सदस्य बसंती देवी, राजुराम कड़वा, रामपाल शर्मा, किशनाराम गुलेरिया, पुसाराम कड़वा, महावीर सोनी मूलचंद शर्मा प्रकाश गुलेरिया सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर सम्मानित हुई युवा रेखा कड़वा एस एस बी कांस्टेबल वेटेनररी ने आगामी समारोह के लिए 21 हजार व गंगाराम गुलेरिया तकनीकी सहायक कृषि ने 11 हजार रु का सहयोग देने की घोषणा की। साथ सरकारी सेवा में चयनित युवाओ ने आगामी समारोह के लिए मिलकर सहयोग करने की बात कही। रा.उ.मा.वि.लादड़िया के स्टाफ व विद्यार्थियों ने सहयोग किया। विद्यालय के छात्रो ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से सम्बंधित बातो पर नाटक, भाषण व प्रदशर्नी का आयोजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## निम्बाहेड़ा पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में सॉकर एकेडमी एवं महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं को दी अहम जानकारी



**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** साइबर अपराधों हेतु आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने के संबंध में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान के तहत निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना पुलिस ने सॉकर एकेडमी एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को अपराधियों द्वारा भिन्न भिन्न तरीकों से साईबर फ्रॉड की जानकारी साझा कर उनसे बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने के संबंध में चलाए गए साइबर शील्ड अभियान के तहत डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के मार्गदर्शन में कोतवाली थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक सूरज कुमार व *पुलिस टीम* द्वारा निम्बाहेड़ा नगर स्थित जेपी होटल पर सॉकर एकेडमी के राज्य स्तरीय खेलकर आये खिलाड़ियों एवं महाविद्यालय के करीब 70 छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूक किया। उन्होंने सुरक्षित पासवर्ड संदिग्ध लिंग से बचाव और साइबर सतर्कता के उपाय साझा किया इस सत्र में छात्रों को साइबर सुरक्षा के महत्व और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी भी दी गई। पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के विषय में छात्र-छात्राओं को विशेष जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि आज साइबर फ्रॉड काफी अधिक होने लगी है ऐसे में छात्र-छात्राओं अभिभावकों शिक्षकों को जागरूक होने की आवश्यकता है अगर कोई व्यक्ति बैंक के नाम या किसी अधिकारी के नाम से बात कर आपका आधार नंबर ओटीपी या बैंक से संबंधित जानकारी मांग करता है तो आप समझिए कि आपके साथ धोखा होने वाला है।

## सोशल मीडिया पर हथियार की फोटो अपलोड करना पड़ा भारी एक गिरफ्तार



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** सोशल मीडिया पर हथियार की फोटो अपलोड करना एक युवक को पड़ा भारी सदर थाना पुलिस ने हथियार की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया सदर थाना अधिकारी प्रहलाद सहाय के नेतृत्व में गठित टीम ने सोशल मीडिया पर हथियार की फोटो अपलोड करने पर दिलवाड़ी गांव निवासी मंगल गुर्जर को गिरफ्तार किया।

## अंडर-20 स्टेट चैंपियनशिप हेतु चित्तौड़गढ़ टीम का ट्रायल कैम्प हुआ आयोजित

# हमारी पहली प्राथमिकता जिले की फुटबॉल प्रतिभाओं को आगे अवसर प्रदान करना : पूरण आंजना

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** हमारी पहली प्राथमिकता जिले की फुटबॉल प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करवाना है। जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों को निखारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उक्त विचार जिला फुटबाल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना ने जिला अंडर 20 फ़ुटबॉल ट्रायल कैम्प के दौरान कैम्प में भाग ले रहे हैं फ़ुटबॉल खिलाड़ियों के सम्मुख रखें। जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान फुटबाल एसोसिएशन के निर्देशानुसार जल्द ही अंडर 20 स्टेट चैंपियनशिप आयोजित होगी जिसके लिए जिला चित्तौड़गढ़ की टीम का चयन सुनिश्चित होगा। इस हेतु सोमवार को निंबाहेड़ा में यहां स्थित जनता मैदान में जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना के निर्देशन में जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में एकदिवसीय जिला स्तरीय अंडर-20 फुटबॉल ट्रायल कैंप आयोजित हुआ। जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं चयन कमेटी संयोजक मोहम्मद कुरैशी के नेतृत्व में चयन समिति के सदस्य एवं जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त सचिव धर्मेन्द्र सिंह तंवर,संयुक्त सचिव इफ्तेखार अहमद, डी लायसेंस कोच एवं संतोष ट्रॉफी प्लेयर शाहिद हुसैन, एनएफएफसी रावतभाटा अध्यक्ष अनिल बलसोरी ने जिले के सभी क्षेत्रों से आए फुटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल लिया एवं दो टीमें बनाकर एक शो मैच आयोजित किया गया। डीएफए के संयुक्त सचिव इफ्तेखार अहमद ने बतौर रैफरी दोनों टीमों का मैच करवाया। बड़ी संख्या में उत्साहित फुटबॉल खिलाड़ियों ने बढ़-चढकर ट्रायल कैम्प में भाग लेकर अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष पूरण आंजना ने ट्रायल कैम्प में पहुंचकर सभी फुटबॉल प्रतिभाओं से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल के किक लगाकर शो मैच प्रारंभ करवाया और सभी का उत्साहवर्धन किया। जिले में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए चयन कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष पूरण आंजना को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं



ओपर्णा ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। ट्रायल कैम्प के दौरान निवर्तमान पार्षद रोमी पोरवाल,मॉर्निंग क्लब चित्तौड़गढ़ के शकील मंसूरी, मॉर्निंग क्लब निंबाहेड़ा के यूसुफ भाई, डीएफए के सदस्य रफीक खान,बाड़ी के सागर गुर्जर, रावतभाटा के शुभम् जायमान, निंबाहेड़ा के निज़ाम मंसूरी सहित उदय क्लब के खिलाड़ियों द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मकर संक्रांति के मौके पर गौशाला की गायों को मिलेगी लापसी



**आलनियावास (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के ट्रैक्टर चालकों के द्वारा रामानंद गौशाला में मकर संक्रांति के मौके पर गायों को लापसी वितरण की जाएगी। कल्याणमल गुर्जर ने बताया कि ग्राम के सभी ट्रैक्टर मालिकों के द्वारा राशि इकट्ठी करके गौशाला की गायों के लिए सोमवार को लापसी बनवाई गई। मंगलवार को सुबह मकर संक्रांति के अवसर पर सभी गायों को खिलाई जाएगी। इस दौरान कल्याणमल गुर्जर डालूराम माली नरपतसिंह खंगारोत महेंद्र गुर्जर के द्वारा मौके पर रहकर सेवाएं दी संस्था के सचिव जुगल किशोर मणियार ने कहा कि मकर संक्रांति के मौके पर गायों की सेवा करने से सबसे बड़ा पुण्य मिलता है।

### वाहन रैली निकालकर यातायात सुरक्षा नियमों को लेकर किया जागरूक



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** सोमवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस प्रशासन ने निकाली वाहन रैली निकाली रैली में वृत्त कार्यालय नसीराबाद, सिटी थाना, सदर थाना, परिवहन विभाग सी एल जी मेम्बर, व्यापारिक स्कूल के छात्र सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई वाहन रैली को उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव, पुलिस उपाधीक्षक जरनैल सिंह, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पिंटू लाल जाट ने हरी झंडीदिखाकर रवाना किया। रैली उपखण्ड कार्यालय से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक होते हुए मुख्य मार्गो से होती हुई गाँधी चौक होते हुए उपखण्ड कार्यालय पर सम्पन हुई। रैली में सिटी थाना सहायक उप निरीक्षक अर्जुन सिंह परिवहन विभाग इस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी सिटी थाना व सदर थाना के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### छात्र दीपेंद्र सिंह राज्य स्तर पर सम्मानित



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम डाबड़ा के विद्यालय नाईस एकेडमी के कक्षा 11 के छात्र दीपेन्द्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह दाऊदसर का भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज की ओर से परीक्षा आयोजित की गई। तहसील समन्वयक मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि छात्र दीपेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अलवर में आयोजित सम्मान समारोह में गायत्री परिवार के राजस्थान प्रान्त के प्रभारी गौरीशंकर सैनी ने प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और परस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

### रायका समाज ने निकाली भव्य कलश यात्रा कलश यात्रा मे उमड़ा जन सैलाब



**इन्द्रगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** के मोहनपुरा रायका समाज द्वारा कला जी महाराज की पूर्णाहुति के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा जल भरकर रवाना हुई जो इन्द्रगढ़ कचहरा दरवाजा टिपटा गणेश जी, मुख्य बाजार कटला बालाजी मंदिर होते हुए से होती राम चौराहे से मोहनपुरा ग्राम पहुंची जहां पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ कलश यात्रा मे रायका समाज की महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं वहीं पुरुष व बच्चे आदि डीजे की धून पर नाचते गाते चल रहे थे कलश यात्रा मे ठाकुर जी का विमान आकर्षण का केन्द्र था दूसरी ओर जयनगर ग्राम में भी रायका समाज द्वारा पूर्णाहुति के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जो जयनगर ग्राम मे भ्रमण करती हुई कल्ला जी महाराज के मंदिर पर पहुंची जहां पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### माहेश्वरी प्रगति प्रगति महिला मंडल ने मनाया पोषबड़ा व मकर संक्रांति पर्व

**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** माहेश्वरी प्रगति प्रगति महिला मंडल के द्वारा पोष- बड़े एवं मकर संक्रांति का कार्यक्रम का आयोजन महेश्वरी प्रगति मंडल भवन जयपुर रोड पर सम्पन्न हुआ। पुखराज तोशनिवाल ने बताया की कार्यक्रम में मनोरन्जन हेतु पारम्परिक खेल - सितोलीया, गिल्ली-डए पंतग उड़ाना आदि खेले गये। तत्पश्चात् महिलाओं ने भजन - कीर्तन किया व भगवान को भगवान के मूग की दाल का हलवा व पकोडा को भोग लगा कर आरती कि तत्पश्चात् प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया साथ ही गायों को हरा चारा भी खिलाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में कमला राठी मन्जू न्याती राधा तोषणीवाल रुकमण बसेर, सोनाली राठी, निर्मला सोमानी,अंजू बजाज, मन्जु मांगधना, पूर्णिमा राठी, इन्द्राराठी संगीता राठी, अर्पिता मागधना, रेणु राठी ने भाग लिया ।

### जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में पुष्य नक्षत्र पर स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन आज

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय प्रभारी डॉ राजेंद्र मीणा ने बताया कि शहर के स्टेशन रोड़ स्थित राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में संचालित आंचल प्रसूता केन्द्र पर मंगलवार 14 जनवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक पुष्य नक्षत्र पर एक दिवसीय नि:शुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर का आयोजन शिविर प्रभारी डॉ निवेश द्वारा कराया जाएगा। शिविर में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क स्वर्णप्राशन औषधि पिलाई जाएगी। जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी और बीमारियों से लडने में सक्षम होंगे।

### सफाई मित्रों से सफाई मशीन क्रय के लिए ऋण आवेदन मांगे

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम नई दिल्ली द्वारा संचालित स्वच्छता उद्यमी योजनान्तर्गत सफाई कर्मचारियों (सफाई मित्र) को सफाई मशीन क्रय करने के लिए 4 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर 7 वर्ष की अवधि के लिए 15 लाख रूपये के ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं जिसमें परियोजना लागत अनुसार अधिकतम 5 लाख रूपये अनुदान राशि भी स्वीकृत की जायेगी। परियोजना प्रबन्धक अंशुल मेहन्दीरत्ता ने बताया ।

## लोहड़ी उत्सव में मची धूम, अमृता देवी नाट्य मंचन से दिया पर्यावरण का संदेश

# हरित संगम मेला - जीवदया, पर्यावरण एवं स्वच्छता का संदेश लेकर निकली चेतना यात्रा

### उद्योग राज्य मंत्री विश्नोई ने दिखाई झंडी, पूरे मार्ग में साथ पैदल चले

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** अपना संस्थान एवं नगर निगम भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 14 जनवरी तक आयोजित हरित संगम मेले के चौथे दिन आज जीवदया, पर्यावरण एवं स्वच्छता चेतना यात्रा को उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संकट मोचन मंदिर के महंत बाबूगिरी जी एवं हाथीभाटा आश्रम के महंत संतदास जी का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। इसके बाद चित्रकूट धाम अवधपुरी में आयोजित समारोह में विधायक अशोक कोठारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा भी शामिल हुए। इस अवसर पर अपना संस्थान प्रांत सचिव विनोद मेलाना, मेला संयोजक राधेश्याम सोमानी, अमरचंद विश्नोई सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उद्योग राज्य मंत्री ने मेले की विभिन्न स्टॉल्स के साथ ही फ्लावर शो का भी अवलोकन किया।

अपना संस्थान के अंकुर बोरदिया ने बताया कि रैली में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविद जोधपुर उच्च न्यायालय में सहायक रजिस्ट्रार खमुराम बिश्नोई के नेतृत्व में भीलवाड़ा के विश्नोई समाज सहित सैंकड़ों की संख्या में पर्यावरण प्रेमी सम्मिलित हुए। रैली में वृक्षों की रक्षार्थ शहीद अमृतादेवी और मुक्तिधाम मुकाम मंदिर की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। यह चेतना रैली जम्भेश्वर नगर से प्रारंभ होकर गंगापुर चौराहा, अंबेडकर सर्किल, सूचना केंद्र चौराहा होते हुए चित्रकूट धाम अवधपुरी पहुंची। इस अवसर पर यात्रा प्रभारी भवानीशंकर विश्नोई सहित विश्नोई समाज के भीलवाड़ा, जोधपुर सहित कई शहरों के सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

**कचरे से बनाया कंचन, निबंध, खेलकूद व केबीसी की तर्ज पर हुई प्रतियोगिता**–खेल संगम प्रभारी मधु लोढ़ा व दिव्या बोरदिया ने बताया कि हरित संगम मेले में दोपहर में आयोजित कचरे से कंचन प्रतियोगिता में प्रथम सुमित गुर्जर, द्वितीय अनुराग सिंह, तृतीय कमलेश नाथ रहे। इसी प्रकार निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति प्रजापत, द्वितीय संजू बांठिया और तृतीय राजलाल रैगर रहे। दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक नेहा चोरड़िया एवं कुसुम श्रीश्रीमाल रहे। सितोलिया में पुरुष टीम में राम टीम प्रथम, चौहान टीम द्वितीय, चेयर रेस में प्रथम दुर्गेश, द्वितीय हर्षित व तृतीय आलोक रहे। केबीसी की तर्ज पर आयोजित प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्टीवर्ड मॉरिस स्कूल, द्वितीय पीएम श्री ऊ. मा.विद्यालय मांडल, तृतीय उ.मा.विद्यालय पुर रही। प्रतियोगिता में नारायणजी, परीक्षित नामधर, आदित्य व्यास, आदित्य मानसिंहका, अनुपम नामधर का सहयोग रहा।

**लोहड़ी उत्सव की रही धूम, अमृता देवी नाट्य मंचन भी हुआ**– मकर संक्रांति के पूर्व दिवस पर मेला प्रांगण अवधपुरी में पंजाबी समाज के सहयोग से लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह एवं सचिव ऋषिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के सदस्य, मेला प्रबंधन टीम परिवार, मेले में आए सैंकड़ों लोग शामिल हुए। शाम को विख्यात नाट्यकार अशोक राही द्वारा लिखित नाटक खेजड़ी की बेटी का मंचन उनकी टीम द्वारा किया गया। वहीं प्रातः योग में भंवरलाल शर्मा, हवन में योगेश दाधीच, देवेंद्र त्रिपाठी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित हुए।

**आज यह होंगे कार्यक्रम**– प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी, प्रातः 7 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार, 8 बजे ग्रीन हार्टफुलनेस रन (मैराथन) एवं अंकुरित नाश्ता एवं काढ़ा वितरण, प्रातः 8.30 बजे से हवन, प्रातः 9 बजे से यज्ञ, प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर, प्रातः 10.30 बजे स्वच्छता एवं पर्यावरण साईकिल रैली भीमगंज गुलमंडी स्कूल से चित्रकूट धाम तक, दोपहर 1 बजे से खेलकूद प्रतियोगिता, 2 बजे से केबीसी पर आधारित पर्यावरण एवं स्वच्छता को जानो प्रतियोगिता, 4 बजे से समापन सत्र आयोजित होगा।

## खींची बने खो खो वर्ल्ड कप के राजस्थान प्रचारक

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक होने जा रहे खो खो के पहले विश्व कप मैं राजस्थान खो खो संघ के सचिव डॉ सैय्यद असगर अली के निर्देशानुसार व जिला खो खो संघ भीलवाड़ा के अध्यक्ष रामपाल चौधरी व सचिव मायाकांत शर्मा की अनुशंसा पर दीपक खींची को राजस्थान के मुख्य प्रचारक के रूप में नियुक्ति की वही कोच केसर सिंह बल्ला ने बताया कि खींची शारीरिक शिक्षक पद पर चित्तौड़गढ़ जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय श्योपुरिया में कार्यरत है खींची खो खो के एक अच्छे खिलाड़ी भी रहे है साथ ही जिला खो खो संघ में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं खींची की इस नियुक्ति पर जिला खो खो संघ भीलवाड़ा के सभी सदस्यों व खिलाड़ियों व शारीरिक शिक्षको ने बधाई देते हुए खुशी जताई



**सूचना**

मेरे पासपोर्ट न.T8112858 जिसमें मेरा नाम IRFAN और अन्य दस्तावेजों में IRFAN KHAN दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे IRFAN KHAN नाम से जाना-पहचाना जावे।

**निवासी-छावटा कलां, तह.-जायल, जिला-नागौर(राज.)**

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र का स्कूल रिकॉर्ड में भूलवश ROHIT जन्म तिथि 15.09.2009 दर्ज हो गया जबकि पुत्र का नाम ROHIT BENIWAL करवाना चाहता हूं भविष्य में ROHIT BENIWAL के नाम से जाना जाएं

**नेमीचंद ढेर का बास भदलिया मौलासर डीडवाना कुचामन**

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक :1422 — दिनांक :- 13.01.25

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-क-29, आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर श्री गोपाल लाल तुनवाल पुत्र श्री भानू प्रसाद तुनवाल को आवंटित कर दिनांक 09.04.1980 मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री गोपाल लाल तुनवाल पुत्र श्री भानू प्रसाद तुनवाल द्वारा दिनांक 25.03.1991 आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री गोपाल लाल तुनवाल पुत्र श्री भानू प्रसाद तुनवाल द्वारा आवास का बैचान श्रीमती राधा मनवानी पत्नि स्व. श्री मोतीराम को दिनांक 29.06.1999 को कर दिया गया। श्रीमती राधा मनवानी पत्नी स्व. श्री मोतीराम द्वारा मुख्तयारनामा आम श्री इन्द्र बेदी पुत्र श्री ईसरसिंह बेदी के पक्ष में जारी किया गया। श्री इन्द्र बेदी पुत्र श्री ईसरसिंह बेदी द्वारा मुख्तयारनामा के आधार पर आवास का बैचान श्रीमती ज्योति बच्चानी पत्नि श्री प्रीतम कुमार बच्चानी एवं श्रीमती प्रीतम कुमार बच्चानी पुत्र श्री पमनदास को दिनांक 17.12.2008 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती ज्योति बच्चानी एवं श्री प्रीतम कुमार बच्चानी के पक्ष में दिनांक 21.06.2011 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्रीमती ज्योति बच्चानी एवं श्री प्रीतम कुमार बच्चानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती मधु शेवकानी पत्नि श्री हरीश कुमार शेवकानी को दिनांक 18.09.2013 को किया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1811 में पृष्ठ संख्या 154 क्रम संख्या 2013005945 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 4239 के पृष्ठ संख्या 34 से 44 पर दिनांक 18.09.2013 को चस्पा किया गया।

अब श्रीमती मधु शेवकानी पत्नि श्री हरीश कुमार शेवकानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती मधु शेवकानी पत्नि श्री हरीश कुमार शेवकानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है।

अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

**आवासीय अभियन्ता**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
**खण्ड-अजमेर**

## ऑन स्पॉट बिलिंग सुविधा शुरू बिजली उपभोक्ताओं को मौके पर ही रीडिंग लेकर तुरंत बिजली बिल देते हुए कर्मचारी

**कुचेरा** . अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा शहर में रविवार से ऑन स्पॉट बिलिंग सुविधा शुरू कर दी गयी है। जिसके तहत बिजली उपभोक्ताओं को मौके पर ही रीडिंग लेकर तुरंत बिजली बिल दिया जाएगा जिससे उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मिलने एवं गलत रीडिंग के बिल मिलने की समस्या से निजात मिलेगी। कनिष्ठ अभियंता सीताराम केरापा, सहायक राजस्व अधिकारी पुरुषोत्तम के निर्देशन में फीडर इंचार्ज महेश कुमार शर्मा, देवीलाल, हड़मान गाजू, सीपी मिर्धा ने शहर के छोटा बाजार व सब्जी मंडी क्षेत्र में पहली बार उपभोक्ताओं को ऑन स्पॉट बिजली बिल थमाया। डिस्कॉमकर्मियों ने उपभोक्ताओं को स्पॉट बिलिंग के बारे में जानकारी भी दी।



## मेरवास को नई ग्राम पंचायत के गठन को लेकर तहसीलदार से मिले ग्रामीण



**जायल ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान में पंचायतों के परिसीमन किए जाने की घोषणा के बाद अब नई ग्राम पंचायतों को गठन करवाने को लेकर प्रयास तेज हो गए है। इसी क्रम में निकटवर्ती ग्राम सिंघजी सुवादिया के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौपकर मेरवास गांव को नई पंचायत बंनाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि सिंघजी का सुवादिया वर्तमान में रातगा पंचायत में शामिल है जो डेह तहसील के भाग है। अधिक दूरी के चलते ग्रामीणों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिससे जायल तहसील में शामिल किया जाये।

इस दौरान रामनिवास, सहीराम, हनुमान राम,पवन डूकिया,रामकिशोर, कुम्भाराम, ओमप्रकाश, लालाराम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रस्ट गुरु सिंह सभा बिजयनगर ने लोहड़ी पर्व बड़ी श्रद्धा से मनाया

**बिजयनगर ( हुक्मनामा समाचार )।** ट्रस्ट गुरु सिंह सभा बिजयनगर द्वारा सोमवार को लोहड़ी पर्व बड़ी श्रद्धा और भावना धूमधाम से मनाया गया। बिजयनगर गुरुद्वारा साहिब में शाम दीवान में सुखमणि साहिब जी का पाठ आयोजन हुआ व कीर्तन दरबार बीबी हरप्रीत कौर जी, भाई साहब अमरजीत सिंह जी बूंदी वाले ने संगत को कथा में बताया की लोहड़ी का पर्व मकर संक्रांति के एक दिन पहले मनाया जाता है। फिर आग जलाई जाती है साथ ही आग के आस-पास घेरा बनाकर सगुन किया जाता है। साथ ही लोहड़ी के दिन घर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की जाती है। संपूर्ण समाप्ति उपरांत गुरु महाराज का अटूट लंगर वितरित किया गया। ट्रस्ट के प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा, संरक्षक गुरुभेज सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह टुटेजा, सचिव दिलप्रीत सिंह टुटेजा तरनदीप सिंह टुटेजा पत्रकार , सुरेंद्र जुनेजा, अगम सिंह टुटेजा, नंदलाल तीर्थवानी, मनदीप सिंह, हरमीत सिंह टुटेजा, दिनेश वर्मा, रामस्वरूप दाधीच, गौरव जैन, संदेश मेवाड़ा, कुलदीप शेखावत, आलोक पवार, हेमंत पेशवानी, भावना कौर, गुरचरण कौर, एडवोकेट गुरप्रीत कौर,रजनी कौर, मनजीत कौर, गुरु प्रीत कौर, दीपमाला जुनेजा, जोगेंद्र कौर, आशा विनायक, मुस्कान कौर आदि सदस्य मौजूद थे।

क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षेका किश/पीयूबी-396/2763 — दिनांक: 13.01.2025

**पर्यावरणीय स्वीकृति खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप चौधरी पुत्र श्री राजेन्द्र चौधरी प्लॉट संख्या 04 ग्राम कुशालपुरा द्वारा बजरी खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | प्रोजेक्ट का नाम | प्लॉट संख्या | क्षेत्रफल हैक्टेयर में | ग्राम | खनिज का नाम | उत्पादन क्षमता टीपीए (आर. ओ. एम.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री संदीप चौधरी पुत्र श्री राजेन्द्र चौधरी | प्लॉट संख्या 04 | 34.0456 | कुशालपुरा | (रिवर सेण्ड) बजरी | 103413 |

कुल क्षेत्रफल 34.0456 हैक्टेयर कुल उत्पादन क्षमता-1,03,413 टीपीए (आर.ओ.एम.), ग्राम कुशालपुरा, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि श्री संदीप चौधरी पुत्र श्री राजेन्द्र चौधरी, प्लॉट संख्या 04. ग्राम कुशालपुरा ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 एवं 09.05.2022 के अनुसार में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 15 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

3. उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है- 1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर।, 2 पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।, 3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।, 4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर।, 5. तहसील कार्यालय-रायपुर, जिला-ब्यावर।, 6. भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, कुशालपुरा, ग्राम पंचायत कुशालपुरा, पंचायत समिति रायपुर, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर के पत्र क्रमांक कब्या/एफ. 8 (14)/सामान्य/2025/49 दिनांक 10.01.2025 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 31/01/2025 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान- भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, कुशालपुरा, ग्राम पंचायत कुशालपुरा, पंचायत समिति रायपुर, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही इस संबंध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर में दिये जा सकते है यह आम सूचना वैशिक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

**(निधि खण्डेलवाल)**
**वरिष्ठ पर्यावरणीय अभियंता एवं क्षेत्रीय अधिकारी**

## पर्यावरण संरक्षण जागरूकता को लेकर महाराष्ट्र चंद्रपुर जाएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष बालू सिंह झाला



**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालू सिंह झाला तीन दिवसीय पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोटा होते हुए महाराष्ट्र के चंद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी दत्ता नरसिंग राव बावने की अगुवाई में भाग लेंगे।

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का भीलवाड़ा दौरा

**भीलवाड़ा, ( हुक्मनामा समाचार )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को भीलवाड़ा दौरे पर रहेंगे। दिलावर शाम 4 बजे चित्रकूट धाम में अपना संस्थान एवं नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा आयोजित स्वच्छता पर्यावरण मेला हरित संगम - 2025 के समापन सत्र में शिरकत करेंगे।

## रीट परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि कल , अब तक 11.42 लाख आवेदन

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली राजस्थान अध्यापक पात्राता परीक्षा (रीट) 2024 के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी है। बोर्ड को सोमवार शाम तक 11 लाख 42 हजार 107 आवेदन मिले हैं। इनमें लेवल एक के 2 लाख 84 हजार 869 आवेदन, लेवल दो के 7 लाख 66 हजार 805 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 90 हजार 433 आवेदकों ने दोनों स्तरों के लिए आवेदन किया है। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे पूरी तरह जांच परख कर, समय रहते ऑनलाइन आवेदन भरे। सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक कर परीक्षा शुल्क जमा करवा कर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा कराने के बाद ही आवेदन की आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। रीट परीक्षा से संबंधित सभी जानकारियां माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। लेवल एक व दो के लिए 550 रूपए परीक्षा शुल्क रखा गया है। कोई अभ्यर्थी दोनों लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 750 रूपए शुल्क देना होगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि पूरी तरह सोच समझकर एवं जांच कर समय रहते ऑनलाइन आवेदन करे।

## मकर संक्रांति पर आज शिक्षा बोर्ड में होगा मेले का आयोजन

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्टाफ क्लब द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मंगलवार 14 जनवरी को मेले का आयोजन किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोर्ड प्रशासक महेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि बोर्ड सचिव कैलाश चंद शर्मा एवं अतिथि वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा रहेंगे। मेले का शुभारम्भ बोर्ड प्रशासक द्वारा किया जाएगा। मेले की एंकरिंग जानी मानी एंकर किरण पाराशर द्वारा की जाएगी।

## कहार समाज शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति को दिया समर्थन

**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** कहार समाज शाहपुरा ने जिला बचाओ संघर्ष समिति को समर्थन पत्र सौंप कर शाहपुरा को यथावत जिला रखने के लिए नारेबाजी कर लिखित समर्थन पत्र दिया इस अवसर पर संघर्ष समिति संयोजक रामप्रसाद जाट महेंद्र सीताराम दास रामजी मेट रमेश कहार देवीलाल कहर पप्पू कहार किशन कहार राजू कहार मिट्ठू कहांर कैलाश शंकर कहार बाबू कहार गोपाल सहित कई समाज जन मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांकःन.नि.अ/भवन/24-25/750 — दिनांक : 13/01/25

**आपत्ति सूचना**

श्री मनीष नानकानी पुत्र श्री वासुदेव नानकानी एवं विजय कुमार नानकानी पुत्र श्री भुगडोमल नानकानी निवासीगण प्लाट नं. 47-बी ग्रुप सिन्धुवाडी आशागंज, अजमेर द्वारा एक सम्पति जो थोक ए.एम.सी. नं. 8/426=16/289 है जो वाकै गिदवानी मार्केट के पास धानका बस्ती सिनेमा रोड पडाव अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 31.97 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।

**प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नुनसार है।**

**पूर्व** :- नाला तत्पश्चात् रोड — **पश्चिम** :-आदर्श विधालय
**उत्तर** :- आदर्श विधालय — **दक्षिण** :- धानका बस्ती

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**उपायुक्त**
**नगर निगम, अजमेर**

**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ जिला- अजमेर (राज.)**

कमांकः-नपकि/PWC/BPAS-2244/2025/66 — दिनाक :- 13/01/2025

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री हर्ष कुमार सोनी पुत्र श्री महावीर सोनी ग्राम किशनगढ़ बी, खसरा संख्या 790 के भूखण्ड सं. 02 कुल क्षेत्रफल 119.16 वर्गगज "राजहंस कॉलोनी" मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है।

**उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है:-**

> **पूर्व में** :- राजहंस कॉलोनी के भूखण्ड
> **पश्चिम में** :- रास्ता 30 फीट चौडा
> **उत्तर में** :- ब्लॉक-बी का भूखण्ड संख्या 03
> **दक्षिण में** :- ब्लॉक-बी का भूखण्ड संख्या 01

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

**प्रभारी**
**(भवन निर्माण स्वीकृति)**
**नगर परिषद, किशनगढ़**

**आम सुचना**

हमारी फर्म मैसर्स श्री राणा बाई स्टोनेक्स मुख्य व्यवसायिक स्थान E-424, 4th फेज, रिको इंडस्ट्रियल एरिया, किशनगढ़, जिला उद्योग केंद्र, अजमेर में पंजीयन क्रमांक FORM-/OFFLINE/2024/ 48874 (Original/Offline Registration No. 17/10/76/2006 Dated 30/10/2006) पर पंजीकृत भागीदारी फर्म है। उक्त फर्म में (1कुसुम लता झंवर पत्नी स्व. श्री राधे श्याम झंवर निवासी किशनगढ़ (2) पवन कुमार झंवर पुत्र स्व. श्री राधे श्याम झंवर निवासी किशनगढ़ व (3 राज कुमार झंवर पुत्र स्व. श्री राधे श्याम झंवर निवासी किशनगढ़ साझेदार थे। उक्त साझेदारी में (1रोनक झंवर पुत्र श्री पवन कुमार झंवर निवासी किशनगढ़ को दिनांक 05.11.2024 से सभी भागीदारो की सहमती से नया साझेदार शामिल किया गया है तथा (1) कुसुम लता झंवर पत्नी स्व. श्री राधे श्याम झंवर निवासी किशनगढ़ निवासी किशनगढ़ व (2) राज कुमार झंवर पुत्र स्व. श्री राधे श्याम झंवर निवासी किशनगढ़ दिनांक 05.11.2024 से इस साझेदारी से निवृत हो चुके है। तथा सभी साझेदारो की सहमती से मुख्या व्यवसायिक स्थान E-424 व 423A, 4th फेज, रिको इंडस्ट्रियल एरिया, किशनगढ़, अजमेर, राजस्थान 305801 पर बदलने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत विलेख भी निष्पादित किया जा चूका है।

अतः हर आम व खास को इस आम सूचना के जरिया सूचित करते है कि यदि उक्त भागीदारी के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आवश्यक दस्तावेज के साथ 07 दिवस में रजिस्टार ऑफ फर्म्स, जिला उधोग एवं वाणिज्य केन्द्र अजमेर में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी ।

दिनांक :14.01.2025 — स्थान : किशनगढ़, मो. 9828053975

## बढ़ते यातायात दबाव से निजात के लिए जापान की तरह भारत में भी साइकिल को प्रेरित करना आवश्यक है :अवधेश शर्मा

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** सड़कों पर बढ़ते वाहनों की संख्या से सड़कों पर यातायात का दबाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ गया है। इससे निजात पाने के लिए जापान की तर्ज पर भारत में भी साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

यह विचार आज पर्यावरण साइकिल रैली के दौरान पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय, बापू नगर के प्रिंसिपल अवधेश कुमार शर्मा ने व्यक्त किए। भीलवाड़ा साइकिल क्लब एवं अपना संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आज लगातार चौथे दिन भी साईकिल रैली आयोजित की गई। आज तीन अलग-अलग स्कूलों से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए साइकिल गतिविधि प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि पहली रैली को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लेबर कॉलोनी से प्रधानाचार्य अशोक कुमार जेथलिया लिया ने हरी झंडी देखकर रवाना किया। दूसरी रैली को पीएमश्री राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर से प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय पार्षद लवकुमार जोशी ने हरी झंडी देकर रवाना किया। तीसरी रैली को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रताप नगर से प्रधानाचार्य से शमीर उल रहमान ने हरी झंडी देकर रवाना किया। ये रैलियां सम्मिलित होकर विशाल साईकिल रैली के रूप में पुर रोड, गंगापुर चौराहा, रेलवे क्रॉसिंग होते हुए चित्रकूट धाम पर संपन्न हुई। रैली में तीनों विद्यालयों के अनेक बालक एवं बालिकाएं शामिल थी।

सभी जने हाथों में पर्यावरण संरक्षण के स्लोगन लिखी तख्तियां लिए थे। सभी जने पूरे रास्ते ग्रीन भीलवाड़ा - क्लीन भीलवाड़ा और साइकिल चलाओ - पर्यावरण बचाओ आदि के नारे लगाते चल रहे थे।

रैली में प्रताप नगर स्कूल के छात्रों का बैंड घोष वादन सम्मिलित था। बापू नगर स्कूल की छात्राओं ने रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों का कंकू से तिलक लगाकर पूरी भारतीय संस्कृति से परंपरागत स्वागत किया। आज की साइकिल रैली में अरुण संतोष मुछाल, सुरेश बंब, राकेश सक्सेना, राजकुमार अजमेरा, सुरेंद्र छिपा, मंजू छिपा, मुकेश सामरिया, मुकेश कुमावत, सत्यनारायण राठी, भेरूलाल सुवालका, अशोक कुमार जेथलिया, जितेंद्र वैष्णव, सुरेश चंद्र शर्मा, ऊषा चतुर्वेदी, राजेंद्र शर्मा, विवेक निमावत, रामचंद्र मूंदड़ा, प्रेमशंकर जोशी, स्कूली छात्र छात्राओं, स्कूली स्टाफ सहित अनेक क्षेत्रीय आम नागरिक भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा चित्रकूट धाम में चल रहे पांच दिवसीय हरीत संगम 2025 के तहत भीलवाड़ा साइकिल क्लब द्वारा निरंतर पर्यावरण साइकिल रैली निकाली जा रही है।

कल 14 जनवरी को भी भीमगंज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं गुलमंडी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के बालक बालिकाओं के साथ प्रातः 10:00 बजे पर्यावरण साइकिल रैली निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए चित्रकूट धाम मेला प्रांगण पर संपन्न होगी।

**कार्यालय पंचायत समिति-जहाजपुर**

**जिला भीलवाड़ा ( राज. )**

क्रमांक:पसज/निविदा/2024-25/3268 — दिनांक : 13.01.2025

**निविदा सूचना 2024-25/13**

पंचायत समिति जहाजपुर के द्वारा निम्न कार्यों हेतु विनिर्माता/डीलर/वास्तविक आपूर्तिकर्ता/धोक विक्रेता से खुली निविदानुसार निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय समय/वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की प्रारम्भ दिनांक व समय | निविदा प्रपत्रों की भौतिक प्रति मय निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि पंचायत समिति में जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य महादेव जी के स्थान के पास ग्राम समेल का भाटा ग्राम पंचायत सरसिया | 5.00 | 10000 | 400 | 14.01.2025 दोपहर 1.00 बजे तक | 21.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक |
| 2. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य ग्राम भवानीपुरा माताजी के स्थान के पास | 5.00 | 10000 | 400 | | |
| 3. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य पटवार भवन के पास सरसिया | 5.00 | 10000 | 400 | | |

**उक्त निविदा दिनांक 21.01.2025 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जायेगी।**

NIB-ZBL2425A0917 — UBN-ZBL2425SSOB02236_38

**प्रधान**
**पंचायत समिति, जहाजपुर**

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति, जहाजपुर**

## बालिका विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती उत्साह से मनाई

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़ में स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को एन एस एस प्लस टू की स्वयं सेविकाओं व स्टाफ के सदस्यों द्वारा पूर्ण उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी तृप्ति शर्मा ने एनएसएस की स्वयं सेविकाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों से अवगत करवाया और उभरती हुई युवा क्रिकेटर सुशीला मीणा का उदाहरण देते हुए स्वयं सेविकाओं को बताया कि अगर हम भी पूरी मेहनत और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ते हैं तो कम संसाधनों में भी हम निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय की उप प्राचार्य श्यामा डूंगरिया ने बालिकाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया व जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने उसे प्राप्त होने तक प्रयास करते रहने हेतु प्रेरित किया। पुस्तकालय अध्यक्ष चंदा मीणा के द्वारा बालिकाओं को 12वीं कक्षा के बाद में कला, विज्ञान और वाणिज्य में करियर की क्या-क्या संभावनाएं हैं उसके ऊपर प्रकाश डाला। पाली जिले से आए हुए स्वयं सेवी संगठन के सदस्यों द्वारा बालिकाओं को हस्तशिल्प व घर में पड़ी अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी वस्तुएं बनाने का हुनर भी सिखाया गया। उसके पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा विद्यालय में श्रमदान किया गया।

## रोजगार सहायता शिविर 16 जनवरी को

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल केरियर सेंटर), झालावाड़ एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज), झालावाड़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 16 जनवरी को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) में आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। जिला रोजगार अधिकारी अंकुर शर्मा ने बताया कि शिविर में युवाओं को नर्सिंग स्टॉफ, लर्नर, क्वालिटी चौक असिस्टेंट, फिटर, सिक्योरिटी गार्ड, फील्ड ऑफिसर, आदि पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए निजी कम्पनियों द्वारा चयन किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण या इससे अधिक, आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है। साथ ही विभिन्न प्रशिक्षण दात्री,ऋणदात्री संस्थानों द्वारा रोजगार व स्व रोजगार प्रशिक्षण एवं ऋण के लिए आशार्थियों का चयन किया जाएगा एवं मार्गदर्शन दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में 09 से अधिक निजी क्षेत्र के नियोजक लगभग 800 से अधिक रिक्तियों पर भर्ती करेगें।

शिविर में फाईनेन्स, एग्रीकल्चर, सिक्युरिटी सर्विस, टेक्नीकल, बीमा आदि सर्विस सेक्टर से संबंधित कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें।

## पौष पूर्णिमा महास्नान में उमड़ा जन सैलाब

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** ब्रह्मा नगरी पुष्कर में सोमवार को पौष मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर पवित्र सरोवर में स्नान कर पुण्य कमाने वाले श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा । कड़ाके की ठंड के बाबजूद भी सोमवार को अल सुबह से ही पवित्र सरोवर घाटों पर स्नानार्थियों का जमावड़ा लग गया । श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना कर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किए ।ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार पौष पूर्णिमा को पुष्कर सरोवर में स्नान, पूजन व परिक्रमा व यात्रा का विशेष महत्व है। इस बार पौष पूर्णिमा पर रवि योग और भद्रावास योग का संयोग बन रहा है।

इन योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से घर में खुशहाली आती हैं । ज्योतिष मान्यता में रवि योग को शुभ मानते हैं पूर्णिमा तिथि का आरंभ 13 जनवरी को सुबह 05.03 मिनट पर हो गया तथा समापन 14 जनवरी को सुबह 03.56 मिनट पर होगा।

## पुष्कर में खुलने जा रहा है सी.एन.जी. पंप

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।**पुष्कर के नागौर रोड पर स्थित ओम बटुक पेट्रोल पंप पर 15 जनवरी से सीएनजी गैस की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। पुष्कर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सीएनजी गैस भारी मांग को देखते हुए पुष्कर का पुराना पेट्रोल पंप पर बुधवार से सीएनजी की सुविधाएं शुरू की जा रही हे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का विरोध प्रदर्शन,एसडीएम को दिया ज्ञापन



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल राजस्थान जयपुर महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त कर्मचारी के अधीनस्थ अपनी मांगों को लेकर राजधानी में चल रहे राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन के समर्थन में गंगापुर में आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सर्किल से रवाना होकर उपखंड कार्यालय तक पहुंचकर राज्य सरकार से अपनी मांगे मनवाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला तिवारी कहना था कि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर लंबे समय से किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसलिए उनको 13 जनवरी से ही अनिश्चितकाल के लिए सामूहिक अवकाश प्रदान करने की स्वीकृति दी जाए। काम के बजाय वेतन कम दिया जा रहा है साथ ही राज्य सरकार द्वारा अन्य कर्मचारियों की भांति उनको किसी प्रकार की सुविधा भी नहीं दी जा रही जिससे उनके कार्य संचालन में काफी परेशानी आती है ।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई को ज्ञापन देकर समस्याओं के निदान की मांग की गई।

## मकर संक्रांति पर्व का पुण्यकाल महास्नान आज

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** धार्मिक नगरी पुष्कर में मंगलवार 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य निकिता शर्मा ने बताया कि करीब 19 साल बाद 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र योग के दुर्लभ संयोग के साथ मनाई जायेगी। हिंदू धर्म में मकर संक्रंति पर्व का विशेष महत्व है। जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति मनाई जाती है। बताया कि इस बार माघ कृष्ण चतुर्थी में पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र के युग्म संयोग में मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा।

## दुकानदारों से धातु निर्मित मांझो का विक्रय नहीं करने की अपील

**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मकर सक्रान्ति का पर्व प्रति वर्ष जनवरी माह में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पर्व पर प्रत्येक क्षेत्र में पंतगें उड़ाई जाती है। पतंगबाजी हेतु धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा (पंतग उड़ाने के लिये पक्का धागा, नायलोन/प्लास्टिक मांझा, चाईनीज मांझा जो सिंथेटिक/टोक्सिक मटेरियल यथा आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर का बना हो) का उपयोग किया जाता है, जो धारदार तथा विद्युत का सुचालक होता है, जिसके उपयोग के दौरान दो पहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को अत्यधिक जानमाल का नुकसान होने की संभावना रहती है। इस समस्या एवं खतरे के निवारण हेतु आवश्यक है कि धातु निर्मित मांझा के उपयोग एवं विकय को निषेध किया जावें। जिला पशु कुरता निवारण समिति के सदस्य सचिव डॉ श्रीनिवास सावले ने दुकानदारों से धातु निर्मित मांझो का विक्रय नहीं करने की अपील की है, साथ ही पंतगबाजी से घायल पक्षियों की तत्काल चिकित्सा कराने हेतु नजदीकी पशुचिकित्सा संस्था से सम्पर्क करने एवं जिला मुख्यालय पर डॉ. जयप्रकाश परतानी पशुचिकित्साधिकारी ब.उ.प.चि. प्रतापगढ़ (मोबाईल नम्बर-9982352993) से घायल पशु व पक्षियों की चिकित्सा हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

**पशु कल्याण पखवाडा 14 से** डॉ. श्रीनिवास सावले ने बताया कि जिले में 14 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक पशु कल्याण पखवाडा मनाया जायेगा, जिसमें पशु बांझ निवारण एवं पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जिले की सभी गौशालाओं में गौवंश को कृमिनाशक औषधि खिलाई जायेगी तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता, गोष्ठियां एवं पशु कल्याण जन जागृति आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

## पुराने थाना भवन के पीछे एक खड़ा पेड़ मोहल्ले वासियों के लिए बना परेशानी

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** पेड़ का तना जल हुआ होने से गिरने की रहती है आशंका किशनगंज कस्बे के मध्य स्थित पुराने थाना भवन के पीछे की ओर स्थित एक सफेदा का पेड़ मोहल्ले वासियों के लिए बड़ा ही परेशानी बना हुआ है। इस पेड़ के आसपास लगे कचरे को जलाए जाने से इस पेड़ का तनाव जला हुआ है जिससे इसके गिरने की आशंका बनी रहती है।मोहल्ला निवासी रामगोपाल पंकज ने बताया कि पुराने थाने भवन के पीछे की ओर स्थित परिसर में पिछले कई वर्षों पूर्व से एक सफेदा का पेड़ लगा हुआ है जो वर्तमान में करीब 25 से 30 फीट ऊंचा खड़ा हुआ है।पिछले कई वर्षों से खाली पड़े इस सरकारी क्वार्टर परिसर में लोगों द्वारा कचरा डालना शुरू कर दिया गया जहां पर रेवड़ी ने स्थान ले लिया जहां पर डाले जाने वाले कचरे को जलाने से धीरे धीरे इस पेड़ के तने का काफी हिस्सा जला हुआ है। कभी भी तेज हवाओं के चलने के दौरान इस विशाल पेड़ के मकान पर गिरने का अंदेशा बना रहता है।रामगोपाल पंकज ने साथ ही बताया कि इस पेड़ को लेकर पूर्व में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों,सीएलजी की बैठक एवं ग्राम पंचायत को भी अवगत करवाया जा चुका है।लेकिन अभी तक मोहल्ले वासियों को होने वाले नुकसान को लेकर किसी का भी इस और ध्यान नहीं गया।भविष्य में अचानक इस सफेदा के विशाल पेड़ के गिरने से इस मोहल्ले में काफी जान माल की हानि होगी।

इस पेड़ के गिरने से कई मकान धराशाही होंगे एवं जानमाल की भी हानि होगी।वही यहां से निकल रही विद्युत लाइन पर इस पेड़ के गिरने से मोहल्ले वासियों को काफी जान माल का नुकसान होने की सम्भावना बनी हुई है।मोहल्ले वासियों ने शीघ्र इस पेड़ की समस्या से राहत दिलाने की मांग की है।

## आज होगी जमकर पतंगबाजी युवाओं ने भारी उत्साह

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** तीर्थ नगरी पुष्कर में मंगलवार को मकर सक्रांति पर्व पर जमकर पतंगबाजी होगी। इसके लिए पतंग डोर की दुकानें सज गई हैं। पतंग डोर की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। मंगलवार अल सुबह से ही नगर की छतों पर युवाओं और बच्चो से आबाद हो जाएगी। दिन भर पतंग बाजी की धूम रहेगी जिसकी युवाओं और बच्चो ने अपनी तरफ से पूरी तैयारियां कर ली हैं। पुष्कर में जगह जगह पतंगे की दुकान लग रखी है तो वहीं युवा और बच्चे पतंग डोर खरीदते नजर आ रहे थे। इस बार मकर सक्रांति को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल नजर आ रहा है।

## किशनगंज में सजी पतंगों की दुकाने

# पतंग खरीदने वालों की लगी भीड़



**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** मकर संक्रांति पर होने वाली पतंग बाजी के लिए पतंगों की दुकानों पर पतंग लेने वाले की लगी भीड़ कर रहे हैं खरीदारी। 14 जनवरी को मकर संक्रांति त्योहार पर आसमान में उड़ने वाली पतंग उड़ने के लिए किशनगंज कस्बे में भी नन्हे मुन्ने बालको सहित युवा साथियों में भी पतंग उड़ाने का जोश नजर आ रहा है। सोमवार को कस्बे के बस स्टैंड पर पतंग की दुकानों पर पतंगे खरीदने वालों बालक युवा के साथ माता-पिता की पतंग खरीदने वालों कीदुकानों पर भीड़ नजर आ रही है, पतंगौं की दुकानों पर मकर संक्रांति पूर्व ही बालक, बालिका युवा साथी पतंग उड़ाने के लिए पतंगों की अभी से ही खरीदारी करने में लगे हुए हैं। मकर संक्रांति से पहले ही हर रोज आसमान में पतंग उड़ाई जा रही है। यहां कस्बे सहित आसपास गांव से भी माता-पिता अपने अपने बालकों को लेकर पतंग लेने आ रहे हैं।

## कड़ाके की ठंड ने छुड़ाई धूजणी,गंगापुर में शीत लहर के प्रकोप से जनजीवन प्रभावित

**गंगापुर भीलवाडा (हुक्मनामा समाचार)।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को सुबह से ही गंगापुर में आसमान में बादल छाए रहने सर्द हवा, कोहरे ने सर्दी के तेवर तीखे कर दिए। दिन भर क्षेत्र कोहरे की चादर में सिमट नजर आया।हाईवे 758 हेडलाइट के सहारे रेगते नजर आए तेज सर्दी के प्रभाव से इंसान ही नहीं जानवर भी ठिठुरते नजर आए, वहीं दूसरी ओर चाय की थडियों पर भीड़ नजर आई। दिनभर अलावों के दौर जारी रहे। सोमवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए होने के कारण क्षेत्र में काफी ठंड का एहसास हुआ। दोपहर में सूर्य देव के दर्शन हो पाए । ठंड के कारण आमजन जहांगर्म लबादे ओढे नजर आए तो कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते से नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार 15 जनवरी को क्षेत्र में बारिश होने का भी अनुमान है, जिससे सर्दी में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। उधर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नामित मेहता ने शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए सोमवार को कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित करने पर छात्र खुश नजर आए कई छात्र मकरसंक्रांति नजदीक होने से छतों पर पतगं उडाते हुए नजर आए।

## न्यूज़ ब्रीफ

## झुनझुनवाला के जन्मदिन पर कंबल वितरित किए

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्कर स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल पर सोमवार को रिजु झुनझुनवाला के जन्मदिन पर जवाहर फाउंडेशन के तत्वाधान में साधु संतों और जरूरतमंद परिवारों को पुष्कर नगर परिषद के निवर्तमान सभापति कमल पाठक के मुख्यातिथ्य में 150 कंबल वितरण किये। आयोजित समाज सेवी ताराचंद गहलोत ने बताया कि उद्योगपति रिजु झुनझुनवाला के जन्मदिन पर साधु संत और जरूरतमंद परिवारों को सर्दी के बचाव हेतु कंबल वितरण किए गए।

इस मौके परिषद के निवर्तमान सभापति कमल पाठक ,भाजपा नेता अरुण वैष्णव समाजसेवी जगदीश कुर्डिया दामोदर मुखिया महेश चौहान,शिवकुमार बंसल मामराज सेन,अजय सैनी, नितेश गहलोत समेत कई लोग मोजुद रहे।

## नेशनल हाईवे 27 पर मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराने से एक की हुई मौत

**किशनगंज (हुक्मनामा समाचार)।** किशनगंज उपखंड के भंवरगढ़ थाना थाना के अंतर्गत रामपुरिया के पास बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया। हैड कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के नेशनल हाईवे 27 पर रामपुरिया गांव से मध्य प्रदेश के गुना जिले के रघुनाथ पुरा निवासी 22 वर्षीय राहुल सहरिया पुत्र रूप सिंह व 25 वर्षीय अजय पुत्र भेरू सिंह शादी समारोह में भाग लेकर वापस गांव लौट रहे थे। देर रात्रि को रामपुरिया के पास एन एच 27पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों को किशनगंज सामुदायिक चिकित्सालय पर लेकर आए जहां पर राहुल की मृत्यु हो गई। जबकि अजय को उपचार के बाद गंभीर अवस्था में बारां जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं रविवार को भंवरगढ़ पुलिस थाना पर सुचना के बाद किशनगंज चिकित्सालय पर पहुंची । जहां पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया । परिजनों की रिपोर्ट पर मृग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## किसानों की खुशहाली का लोहड़ी पर्व से श्रद्धा से मनाया

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** तीर्थ नगरी पुष्कर में सर्दियों के अंत और रबी की फसल की कटाई के प्रतीक के रूप में सोमवार को लोहड़ी का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया गया । ज्योतिर्विद निकिता शर्मा के अनुसार लोहड़ी पर्व ना केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह कृषि समाज की मेहनत, एकता और खुशहाली का भी उत्सव है। उन्होंने बताया कि यह त्यौहार भगवान सूर्य और अग्नि को समर्पित है। तथा सर्दियों के जाने और बसंत ऋतु के आने का संकेत है। लोहड़ी की रात सबसे ठंडी मानी जाती है। इस त्योहार पर पवित्र अग्नि में फसलों का अंश अर्पित किया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से फसल देवताओं तक पहुंचती है। इस दिन रात के समय सभी लोग एक जगह इकट्ठे होते हैं और आग जलाते हैं। तथा एक-दूसरे को मिठाइयां भेंट करते हैं। यह पर्व नई फसल आने की खुशी में मनाया जाता है। पंजाबियों के लिए यह त्योहार काफी महत्व रखता है।

## अयोध्या मंदिर की प्रथम वर्षगांठ दिव्य महाआरती

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्कर सरोवर के जयपुर घाट पर पौष पूर्णिमा पर अयोध्या में रामलला मंदिर की प्रथम वर्ष गांठ पर पुष्कर महाआरती संघ की ओर से महाआरती की गई । श्रद्धालुओं ने महाआरती के पूर्व एक घंटे तक राम धुन की गई उसके पश्चात पंडित कैलाश नाथ दाधीच के आचार्यत्व में वेद मंत्रोच्चार के साथ पुष्कर सरोवर का दुग्ध अभिषेक किया गया । संघ के संरक्षक पूर्व न्यायाधीश अजय शर्मा ने बताया तीन स्टेज पर पंडित चंद्रशेखर, यज्ञ नारायण और ईशान गौड़ के द्वारा सरोवर की दिव्य महाआरती की गई । महाआरती के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार अरुण चतुर्वेदी अध्यक्षता सुनील कुमार शर्मा मुख्य कार्यकारी अधिकारी टाटा पावर ने शिरकत की ।

इस मौके पर अजमेर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक कुमार रावत व उनकी कार्यकारिणी का भी स्वागत व अभिनंदन किया गया अंत में लोहड़ी पर्व पर तिल, गुड़, गजक आदि का भोग लगाकर महा आरती का प्रसाद वितरण किया गया ।

## एनिमल केयर सोसायटी घायल पक्षियों का करेगी इलाज

**पुष्कर (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्कर व आसपास के इलाके में मकर संक्रांति को पतंगबाजी में घायल पक्षियों का एनीमल केयर सोसायटी इलाज करेगी। मूक प्राणियों के लिए वरदान बन चुकी एनिमल केयर सोसायटी पुष्कर सहित आसपास के गाँवो में होने वाली पतंगबाजी में ड़ोर माँझे से घायल होने वाले कबूतर व अन्य पक्षियों का प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी इलाज करेगी । सोसायटी प्रमुख हेमंत रायता के नेतृत्व में सालभर मूक प्राणियों की सेवा व इलाज करती हे लेकिन पतंगबाज़ी में पक्षी ज्यादा घायल होते है आमजन को जागरूक किया जा रहा कही भी घायल पक्षी नजर आये तो उसे बावन भैरव मंदिर के पास एनिमल केयर सोसायटी रेस्क्यू सेंटर गौशाला पहुँचाये जिससे उनका इलाज हो सके । वहां पर इलाज सहित घायल पक्षियों को रखने की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई बस लोगो को यहाँ लाकर छोड़ना होगा।

## जन्मदात्री एवं गौ माता दोनों ही समान हैः कृष्ण किंकर

**भींडर (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती नागेश्वर पार्श्वनाथ गौशाला बांसड़ा में सप्तम दिवस की राम कथा के अवसर पर कथा प्रवक्ता कृष्ण किंकर महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन में दो व्यक्तियों का एहसान कभी नहीं चुकाया जा सकता प्रथम है हम सबको जन्म देने वाली माता और दूसरा गौ माता इन के आधार से मानव जीवन व्यवस्थित संचालन होता और पंचगव्य से शरीर को पुष्टता प्राप्त होती है। इसलिए गौ सेवा का संकल्प सभी को लेकर आगे बढ़ना चाहिए जिससे जीवन में सारे शुभ कार्यों का संचालन गांव की कृपा से प्राप्त हो सके।

राम कथा में प्रभु श्री राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए जटायू से प्रेम एवं उनके सद्गति कर गोलोक दान भेजना हनुमान जी के माध्यम से सुग्रीव से मित्रता, लंका पर आक्रमण मेघनाथ रावण आदि राक्षसों का वध कर सीता को अयोध्या से लाया जाना। भारत के वचन को याद कर प्रभु राम का आगमन 14 वर्ष पूर्ण होते ही अयोध्या की धरती पर होता है। सभी लोग पलक पापड़ बेचकर उनका स्वागत अभिनंदन करते हैं लेकिन लोकोपवाद सर्वत्र छाया रहता है इसी क्रम में सीता के ऊपर कुछ लोगों ने आक्षेप लगाए श्री राम द्वारा सीता का त्याग कर वन गमन होना वाल्मीकि आश्रम में सीता के दो पुत्र रतन की प्राप्ति, अश्वमेध आदि यज्ञ के माध्यम से लव और कुश का राम से मिलन, राम की राज्यसभा में लव कुश द्वारा रामचरित्र को प्रस्तुत कर जैन समाज को आश्चर्य में डाल देना आदि प्रसंगों को कथा में व्यक्त कर सभी ने राम भक्ति में खो गए। महाराज ने कथा में विशेष रूप से विचार प्रकट किया की अपना कल्याण चाहते हो तो नित्य को ग्रास निकालने की घर में परंपरा प्रारंभ करें। जन्मदिन पाश्चात्य संस्कृति की तरह न करके भारतीय संस्कृति की ओर गौ की शरण में आकर गौशाला में मनाया जाए जिससे गौ माता का सबको आशीर्वाद प्राप्त हो। कथा में आए अतिथियों का स्वागत देवराम व्यास रामेश्वर लाल व्यास हीरालाल व्यास गिरधरलाल पालीवाल मदनलाल चौबीसा, ने किया।

## कृष्ण गौशाला नुवा में पौष पूर्णिमा को कार्यक्रम आयोजित

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कृष्ण गौशाला नुवा में पौष पूर्णिमा को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भामाशाह, गौ माता के परम भक्त अजीतसिंह जी नाथावत व उनकी धर्मपत्नी संतोष कंवर (अन्नपूर्णा माता) निवासी नाथावतपुरा सीकर की ओर से गायों के लिए चारा हेतू नवीन टीन शेड निर्माण हेतू पांच लाख रुपए का सहयोग गौशाला को दिया। अजीत सिंह जी ने कहा कि,गौ सेवा से खुलता है यश-कीर्ति-सौभाग्य का द्वार शास्त्रों में गौ माता की साक्षात यज्ञरूप मान्यता है। भगवान श्रीकृष्ण से लेकर अनेक भारतीय ऋषि गौ सेवा को यज्ञ समान पुण्य प्राप्त होने का संदेश दिया है। इसलिए गौ सेवा करने में हम सभी का भला है इस अवसर पर श्री आनन्द कुमार जी सिहोटिया की ओर से अपनी धर्मपत्नी स्व मंजू देवी की पुण्य स्मृति में गौ स्वामणि में एक पिक अप हरी सब्जी गायों को खिलाई गई। सिहोटिया परिवार की ओर गौशाला में एक तुलादान स्थान व गौ पूजा स्थल बनाने की घोषणा की। सिंहोटियां ने कहा कि। जो भक्त अपने घरों में गौ नहीं पाल सकते, गौशालाओं की गऊओं को गोद लेकर, उनके भरण पोषण की जिम्मेदारी निभाकर गौपालन का पुण्यफल प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामवासियो की ओर से भामाशाहों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। गौ सेवा समिति के अध्यक्ष रूपाराम खोखर ने बताया कि यह कार्य सेवानिवृत एडीएम ईश्वर सिंह राठौड व ओमप्रकाश कुमावत की प्रेरणा से हुआ। इस अवसर पर रामेश्वर मिश्रा, रघुनाथ सिंह, झूमरमल मेघवाल, सुखाराम खोखर, धन्नाराम माली, श्रीराम शर्मा, दोलाराम तेतरवाल, जगदीश प्रसाद शर्मा, दानाराम आर्य, गणपत सिंह, किशोर सिंह, बलदेवाराम दहिया, रामनिवास भाकर,अर्जुन प्रजापत,अशोक मिश्रा,श्रवण सिंह, सुखराम शर्मा, सावरमल दहिया, धमेंद्र पुरी, उदा काका संदीप वर्मा, मयंक कुमावत, राधेश्याम शर्मा, मीरा कुमावत, पूनम वर्मा आदि ग्रामीणजनो उपस्थित रहे।

## आरएमजीबी की ओर से स्वयं सहायता समूहों को 2.51 करोड़ का ऋण वितरण

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक ने हनुमान वन विकास समिति के तत्वाधान में प्रताप गौरव केंद्र में एसएचजी ऋण वितरण कैंप आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर रही। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती मंजू बाघमार, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, आरएमजीबी के अध्यक्ष मुकेश भारतीय, हनुमान वन विकास समिति के संस्थापक राजकरण यादव भी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक डी के जीनगर ने बताया कि 500 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा सांकरोदा एवं देबारी से संबंधित 61 स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को उत्तरोत्तर प्रगति करने एवं सरकार की लखपति दीदी एवं ड्रोन दीदी योजना से जुड़ने की प्रेरणा दी।

## धाकड़ समाज विकास समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** धाकड़ समाज विकास समिति के नीमच, प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़गढ़ जिलों के सदस्यों की वार्षिक बैठक छोटी सादड़ी के मंशापूर्ण महादेव मंदिर परिसर पर रविवार को राधेश्याम धाकड़ (मेसी शोरूम निंबाहेड़ा) की अध्यक्षता एवं छोटी सादड़ी के आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र बंबोरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की हुईं। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष मोहनलाल बरवाड़ा ने वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समिति सचिव राधेश्याम धाकड़ स्वरूपगंज के अनुसार बैठक में सर्वसम्मति प्रतापगढ़, नीमच एवं चित्तौड़गढ़ जिलों से एक सो नए सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया।

समिति के पारित प्रस्ताव के अनुसार समिति द्वारा समिति सदस्यों को कम ब्याज पर ?500000 रूपये का ऋण देकर सहायता करेगी। बैठक में तीन जिलों के 30 स्थान से करीब 150 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में समिति अध्यक्ष शांतिलाल धाकड़, मदनलाल, लक्ष्मी लाल, दिनेश, समरथ, मेघराज, राजमल, राहुल, ओमप्रकाश धाकड़ स्वरूपगंज, एडवोकेट धनराज धाकड़ मानपुरा, शौकीन धाकड़ जावद, रामेश्वर लाल धाकड़, बंसीलाल, पारस प्रतापपुरा, शांतिलाल धाकड़ कारुड़ा, रामनिवास बरवाड़ा, जगदीश, संतोष भगवानपुरा , छगनलाल चांदोली, राम नारायण धामनिया, तुलसीराम नीमच, सागरमल सरवानिया, मुकेश धाकड़, सीमा बंबोरिया, निंबाहेड़ा, कैलाश धाकड़ पीथलवाड़ी, शिवनारायण धाकड़ राजपुरा, आदि उपस्थित थे।

## जोशी ने दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर मास्टर कैटेगरी में मिस्टर मेवाड़ का किताब जीता

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा के निकटवर्ती बनेडा में हुई मेवाड़ क्लासिक जूनियर, सीनियर एवं मास्टर पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता-2025 में शाहपुरा के दी बॉलर्स जिम से पाँच प्रतियोगियों ने विभिन्न कैटेगरी में भाग लिया जिसमे अंकित कसेरा ने बताया पावरलिफ्टिंग खेल में विनोद जोशी ने 2 स्वर्ण पदक प्राप्त कर मास्टर कैटेगरी में मिस्टर मेवाड़ का खिताब प्राप्त किया एवं विष्णु धाकड़ एवं देवराज धाकड़ ने सीनियर और जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान पर आकर कांस्य पदक प्राप्त किया बॉडीबिल्डिंग खेल से निखिल नायक, अनिल नायक ने जूनियर मेन फ़िसिक में भाग लेकर 4ह्ल्द्ध एवं 5ह्ल्द्ध स्थान प्राप्त कर दी।

## राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम सोपा ज्ञापन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा 11 सूत्री मांगो का ज्ञापन डीडवाना महासंघ के अध्यक्ष जवाहर चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम दिया गया।कर्मचारी संयुक्त महासंघ के मीडिया प्रभारी राजेंद्र जानू ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने सरकार के सामने 11 मांगे रखी है।जिसमें मुख्य रूप से पीएफआर को निरस्त करते हुए राज्य कर्मचारियों के 53000 करोड रुपए जीपीएफ खाते में जमा करवाना राज्य सरकार के बोर्ड निगम स्वायत्तशासी संस्थाओं पंचायती राज सहकारी संस्थाओं में सम्मान वेतन लागू करना एवं विसंगतियों का निराकरण करना महा जनवरी 2020 से माह जून 2021 तक के महंगाई भत्ते के एरिया का नगद भुगतान करना सहित 11 सूत्री मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन को सोपा गया। ज्ञापन देने वालों में संस्था के महामंत्री लोकेश नवल युवा जिला अध्यक्ष देवीलाल चौधरी पटवार संघ के जिला अध्यक्ष पवन मुंदलिया ग्राम सेवक संघ के अध्यक्ष राकेश मिर्धा नर्सिंग एसोसिएशन के श्रवण सिंह रेसला के राकेश थोरी ,रतन पंवार आदि मौजूद रहे।

## उपखण्ड पर राजस्थान पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन



**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोमवार सुबह 10 बजे से अनवरत जारी ।पटवार संघ जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सोमवार दोपहर 3ः00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश स्तरीय आंदोलन के क्रम में 9 सूत्रीय मांगों के क्रम में आज दिनांक 13/01/ 2025 को बारां जिले के समस्त उपखंड पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिले की समस्त उप शाखा के पटवारी कार्य बहिष्कार कर कर लाम बंद हुए। उक्त आंदोलन आगामी निर्णय तक जारी रहेगा। वही सभी उपखंड/तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ।

## मकर संक्रांति पर्व आज
## गौशाला परिसर में तुलादान महोत्सव आज

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व इस दिन मलमास समाप्त होता है। धार्मिक स्थलों पर दान पुण्य किया जाता है। गोगाजी गौ सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व पर गोगाजी गौशाला में दोपहर 3ः15 बजे तुलादान महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

मकर संक्रांति पर तुलना दान किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए हुआ चयन, नेहा दाधीच नई दिल्ली में कार्यक्रम में शामिल होंगी

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत बिखरनिया कलां के पीएस भाटी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के भवानी सिंह भाटी ने बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्रा और 2 राज नेवल एनसीसी यूनिट की कैडेट नेहा दाधिच का गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली के लिए चयन हुआ इस शिविर में देश भर के 2300 कैडेट और राजस्थान के कुल 124 जिसमें से 46 लड़कियां शामिल है। इस शिविर में यह राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान को परेड ओर सांस्कृतिक रूप में प्रतिनिधित्व करेगी और इसके द्वारा 26 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री को सलामी दी जाएगी गणतंत्र दिवस शिविर एनसीसी का सबसे बड़ा शिविर होता है। जिसमें कैडेट प्रधानमंत्री ,राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति ,थल सेना वायुसेना ओर नौसेना चीफ से मिलने का अवसर प्राप्त करते हैं। जिसमें से नेहा ने भारतीय नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी से मिलने का अवसर भी प्राप्त कीया है।

## धरियावद नगर में नवरतन अस्पताल में एक दिवसी निःशुल्क जांच नाक कान गले एव हड्डी रोग शिविर का आयोजन हुआ



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** धरियावद नगर लसाडिया चोराये पर स्थित नवरतन हॉस्पिटल में हर रविवार को जनहित को लेकर फ्री जांच का केम्प लगाया जाता रहता हे जिसमे नव वर्ष के शुरुवात में बंटी मेहता उर्फ़ भूपेन्द्र सिंह नव रतन हॉस्पिटल के संचालन की भावना को देखते हुवे की मानव से ही सबसे बढ़ कर हे जिस पर एक दिवसी निःशुल्क शिविर का आयोजन रखा गया नाक कान गला रोग एवं हड्डी रोग शिविर में 175 मरीजों का हुआ निः शुल्क ईलाज नवरत्न मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं शिवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 जनवरी रविवार को हुआ। शिविर में 145 मरीजों को निः शुल्क चिकित्सा का लाभ मिला । शिविर में जयपुर से डॉक्टर एन के पारीक डॉक्टर राजेश सगवान एम के सेनी सुरेन्द्र शर्मा विशाल अजोयध्य चोधरी सहित एवं नवरत्न मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से डॉक्टर अभिषेक जैन योगेश एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी।

## पालिका कर्मि के साथ मारपीट के दोषी के विरूद्ध कार्य वाही की मांग को लेकर नगर पालिका फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन




**केकड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने नगर परिषद आयुक्त विक्रम जोरवाल को स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक के नाम लिखा ज्ञापन सौंप कर नाथद्वारा नगर पालिका में कार्यरत कार्मिक के साथ मारपीट की घटना का विरोध जताया है तथा दोषी के विरोध कार्रवाई की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष रामगोपाल डांगा ने बताया कि नाथद्वारा में कार्यरत वरिष्ठ प्रारूपकार ऋषभ जोशी के साथ बाहरी व्यक्ति शेरसिंह ने मारपीट की। सीसीटीवी फुटेज में कार्यालय कार्मिक विजय चारण की लिप्तता साफ नजर आ रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि मारपीट करने वाले बाहरी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस कार्यवाही की जाए तथा घटना में लिप्त कर्मचारी विजय चारण को एपीओ किया जाए। विभाग द्वारा उक्त कार्यवाही नहीं करने पर पालिकाकर्मियों द्वारा अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की होगी। इस मौके पर राजस्व अधिकारी मनोज कुमार मीणा, वरिष्ठ प्रारूपकार संजय सारस्वत, वरिष्ठ सहायक विमल दाधीच व शशिकांत शर्मा, रोहित शर्मा सहित कई अधिकारी व कार्याचारी मौजूद रहे।

## प्रतापगढ़ जिले का चैथा संस्थान राष्ट्रीय पर प्रमाणित



**प्रतापगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में छोटीसादड़ी खण्ड की बंबोरी पीएचसी जिले की चैथी ऐसी पीएचसी बन गई है, जिसको केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन दिया गया है। चार साल बाद जिले की किसी ग्रामीण पीएचसी को यह उपलब्धि मिली है। इससे पूर्व पारसौला पीएचसी, अर्बन पीएचसी बगवास और सबसेंटर बसाड़ को सर्टिफिकेट दिया गया था। इसको लेकर जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीवराज ने सभी को बधाई दी है। क्वालिटी सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली ग्रामीण पीएचसी को 3 साल तक सालाना 3 लाख रुपए मिलेंगे, जिससे अस्पताल में सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीवराज मीणा मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएएस) के तहत भारत सरकार की ओर से राजकीय चिकित्सा संस्थानों का मूल्यांकन करवाया जाता है। ये मूल्यांकन चार चरणों में किया जाता है। जिसमें पहले चरण में संस्थान की ओर से स्वयं के स्तर पर, दूसरे चरण में जिला स्तरीय टीम की ओर से, तीसरे चरण में राज्य स्तर की टीम की ओर से मूल्यांकन किया जाता है। जो राजकीय चिकित्सा संस्थान 70 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर प्राप्त करते हैं, उनको भारत सरकार को नामित किया जाता है। आखिर में भारत सरकार की ओर से गठित विशेष टीम इनका मूल्यांकन कर निर्धारित मानकों को पूरा करने पर इन्हें प्रमाणित करती है।

## धरियावद नगर में रहने वाले गजेन्द्र सोंलकी द्वारा बेजुबान की सेवा में लगे हुवे



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** नगर में रहने वाले गो सेवक बेजुबान जानवर की सेवा करने वाले गजेन्द्र सोंलकी की भावना बेजुबान की सेवा करने को लेकर कही गाय की सेवा करते चले आ रहे और अब वन्य जिव का जिम्मा लिया गया जिसमे साप को पकड़ कर सुरक्षित जगह छोड़ना घायल होने पर उपचार करवाना को लेकर अग्रसर रहते दीन रात इसी कार्य में लगे हुवे जिनसे जनहानि नही हो नही बेजुबान की जान जाये जिस पर सेवा में लगे हुवे हे ये मुख्य रहने वाले एम पी से है जो अभी वर्तमान में लगभग 35 साल से धरियावद धर्म नगरी हनुमान जी मंदिर के सामने कोलॉनी में अपने परिवार सहित निवास कर रहे जिन्होंने यही विवाह किया था गजेन्द्र सोंलकी भरावा का कहना की बोलने वाले की कोई भी मदद करता लेकिन बेजुबान की सेवा करना ही नर सेवा नारायण सेवा की और है इसी बात को लेकर इनमे वैराग उतपन हुआ की बेजुबान की सेवा करना ही मेरा मकसद हे तब से लेकर आज दीन तक निःशुल्क सेवा कर रहे है।

## सनाढ्य महिला मंडल ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व



**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** सनाढ्य महिला मंडल ने मकर संक्रांति और नव वर्ष धूमधाम से मनाया। मंडल अध्यक्ष प्रेरणा तिवारी व संरक्षक नीना मिश्रा ने सभी को नववर्ष की ढेरो शुभकामनाएं दी मंडल कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा व इतिश्री शर्मा ने सभी का तिल गुड़ के लड्डू से मुंह मीठा करवाया और बधाई दी संक्रांति को दान का पर्व भी माना जाता है मंडल की सभी सखियों ने साल भर गरीब बच्चों के लिए उनकी जरूरत के हिसाब से कुछ ना कुछ दान करने का संकल्प लिया टोनिया शर्मा व गरिमा शर्मा में बहुत सारे गेम्स खिलाए ।पतंग गेम्स में प्रथम अनुराधा शर्मा व इतिश्री तिवारी रही अन्य गेम्स में प्रथम प्रीति शर्मा द्वितीय स्थान पर नीता शर्मा व ज्योति शर्मा रही सभी ने खूब मस्ती नववर्ष का स्वागत किया। पीहू शर्मा पद्माक्षी शर्मा शेली शर्मा नीलम शर्मा कल्पना शर्मा अनुराधा शर्मा सपना शर्मा भगवती शर्मा रजनी शर्मा नेहा शर्मा नीलू शर्मा मोनिका भारद्वाज आदि सदस्य उपस्थिति रही।

## पर्यावरण को बचाने को लेकर जगल सुरक्षित को लेकर उप खण्ड अधिकारी न्योल के विशेष आदेश पर रोकधाम अभियान शुरू किया



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** उप खण्ड अधिकारी राकेश कुमार न्योल ने साधारण बैठक में जनप्रतिनिधियो ने उप खण्ड अधिकारी के सज्ञान में डाला गया कि धरियावद क्षेत्र में पर्यावरण को सुरक्षित रखने पर जगलो से कटाई हो रहे पेड़ पोधे की कटाई पर रोक लगाई जाये जिस पर उप खण्ड अधिकारी राकेश कुमार न्योल ने पर्यावरण को लेकर एक अछि बात बताई गई की जगल बचेगा

तो हम भी सुरक्षित रहेगे पर्यावरण को लेकर सुद्ध हवा मिलेगी वही साधारण सभा में सम्बंधित अधिकारी को अवगत करा कर सख्त कार्यवाही की बात कहते हुवे

जगल की कटाई अवेध रूप से जगल में लगे पेड़ो को काट कर परिवहन करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हो जिस पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रामलाल भील के आदेश पर धरियावद से उदयपुर मार्ग आरामपुरा जगल में सख्ती से जगल में लकडियो की कटाई की रोक धाम हेतु गस्त बढ़ाकर कार्यवाही शुरू कर दी गई

जिसमे विभाग से जावन्त्री मीणा सगीता मीणा मय टीम मोके पर रहकर गहनता से जांच कर जगल में हो रही कटाई पेड़ पोधे की रोक धाम को लेकर तैनात रहे।

## 1.674 किलो मादक पदार्थ बरामद,एन डी पी एस एक्ट में मामला दर्ज, जांच शुरू

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** कारोई थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली थी कि पटवारी मोहल्ला महेंद्रगढ़ में उमेश शर्मा के मकान में एक महिला गांजा सप्लाई करने आई है। सूचना पर एक टीम पटवारी मोहल्ले में उमेश शर्मा के मकान पर पहुंची। वहां एक महिला और एक युवक मिले जो इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर पॉलिथीन के पैकेट में काले रंग के पदार्थ का वजन कर रहे थे। जब इस पैकेट को चेक किया तो इसमें गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इन दोनों से गांजा लाने-ले जाने संबंधित डिटेल पूछताछ में लगी है।

## जेडीए की मकर संक्राति के पावन पर्व पर आमजन को सौगात

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मकर संक्राति के पावन पर्व पर आमजन को जोन-10 में पटेल नगर आवासीय योजना (खोरी रोपाडा) में 270 भूखण्डों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। योजना का (रेरा रजिस्ट्रेशन नं. ऋछ्व/क्क2023/2588) है। आवासीय योजना के आवेदन की प्रारम्भ तिथि 14.01.2025 से 13.02.2025 तक निर्धारित की गई है। उक्त योजना की लॉटरी 24.02.2025 को निर्धारित की गई है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कुशल नेतृत्व में एम.आई.जी. वर्ग को आवास का सपना साकार करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर की प्रमुख लोकेशन पर पटेल नगर आवासीय योजना में श्रेणियों के 270 भूखण्डो का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। जेडीसी ने बताया कि जोन-10 में खोरी-रोपाडा, हैरिटेज सिटी (दक्षिणी रिंग रोड एवं खातीपुरा रेल्वे स्टेशन के समीप) में पटेल नगर आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में आवेदन 14.01.2025 से प्रारम्भ है एवं अन्तिम तिथि 13.02.2025 है। योजना में 270 भूखण्ड हैं। पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी 24.02.2025 को निकाली जायेगी। उक्त योजना में 76-120 व. मी. तक के भूखण्डों की संख्या 138 एवं 121-220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 132 है। योजना की आरक्षित दर रूपये 18,000 है। उक्त योजना में आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी जविप्रा की वेबसाइट या ई-मित्र कियोस्क केन्द्रो पर उपलब्ध है।

## मंजू चौधरी भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा मे महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने मंजू चौधरी को भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा मे महिला प्रकोष्ठ का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने मंजू चौधरी को संगठन की प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी शीघ्र गठित करने के दिशा निर्देश प्रदान किए है। मंजू चौधरी की नियुक्ति पर राष्ट्रीय महासचिव शैलेन्द्र अग्रवाल, कोटा संभागीय अध्यक्ष राकेश कुमावत, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर सत्य नारायण शर्मा मंडोला, डा महेश पारीक, टीकम चन्द शर्मा,रेखा सोगरा, विमलेश चौधरी , सुखदेवी महावर, सुमन बागड़ी, सावित्री, सुमन सेन, ओमवती, बबीता वर्मा सहित कई कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे का आभार व्यक्त किया है।

## रोटरी क्लब का अभिनंदन समारोह, नवनिर्वाचित निदेशक मंडल का स्वागत किया

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** रोटरी क्लब कोटा का अभिनन्दन एवं सम्मान समारोह सोमवार को बिनानी सभागार में आयोजित किया गया।

क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि सभा में सत्र 2025 -26 के निदेशक मंडल एवं सत्र 2026 -27 के अध्यक्ष का नाम की विधिवत घोषणा की गई। चुनाव अधिकारी वीरेंद्र राठौर ने बताया कि सत्र 2026 -27 के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, सत्र 2025-26 के अध्यक्ष मनोज सोनी सहित उपाध्यक्ष पद पर अनुपम शर्मा, सचिव पद पर नीरज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर उमेश गोयल को सर्वसम्मिति से चुना गया। क्लब सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि पीडीजी सीएम बिरला ने निर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची का माला एवं उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।

आगामी वर्ष 2025 -2026 के 40 सदस्यों के निदेशक मंडल का भी उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम आगामी प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता, पूर्व प्रांतपाल प्रद्युम्न पाटनी, पूर्व अध्यक्ष, गोपाल जैन, एससी जैन, अनिल मूंदड़ा, सुनील बाफना, डॉ. विक्रांत माथुर, सुरेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## हरनावदा शाहजी थाना अधिकारी को निलंबित करने की मांग



**छीपाबडौद (हुक्मनामा समाचार)।** अमृत खेडी निवासी पप्पूलाल गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियो में हुई मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर उनका परिवार कड़ाके की ठंड में लगातार 26 दिनो से धरने पर बैठा है। परिजनो का आरोप है कि पुलिस प्रशासन मामले में ढिलाई बरत रहा है और हत्यारे अब भी खुलेआम घूम रहे हैं मृतक के भाई कवरलाल ने गुस्सा जताते हुए कहा, अभी तक हरनावदा शाहजी थाना अधिकारी को न तो निलबित किया गया है न ही हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई हुई है। इतने दिन हो गए लेकिन अब तक किसी उच्च अधिकारी ने धरना स्थल पर आकर हमारी बात तक नहीं सुनी! धरने को समर्थन देते हुए कांग्रेस नेता प्रेम सिंह मीणा ने चेतावनी दी। यह अन्याय अब और बर्दाश्त नहीं होगा! दोषियो को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। परिजनो ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है। जब तक निष्पक्ष जांच नहीं होती और दोषियो को सजा नहीं मिलती, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं! सोमवार को, पीड़ित परिवार बारां जिला कलेक्टर कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेगा। इस दौरान वीर गुर्जर विकास समिति अध्यक्ष रामकरण गुर्जर, राजस्थान गुर्जर महासभा अटरू अध्यक्ष नवल खटाना अटरू, राजस्थान गुर्जर महासभा छीपाबड़ौद अध्यक्ष कान्हा गुर्जर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, नरवर सिंह, रायसिंह, दीपक, मदन, सुरेश, नरेश, नरेन्द्र गुर्जर आदि शामिल रहे।

# जिला समाप्त करने के विरोध में पाचवें दिन क्रमिक अनशन धरने पर अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के सदस्य बैठे

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर पांचवे दिन अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया । संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा व सयोंजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के अध्यक्ष रतन लाल मुंडेतिया के नेतृत्व में सदस्य माधु लाल रेगर रहड लादूराम जड़ोदिया मेवालाल रेगर किशन लाल मुंडेतिया रतनलाल शेरसिया रासेड रणजीत निंदरिया जहाजपुर, कैलाश रेगर रोपा रामप्रसाद रेगर रोपा, आनंद मुंडेतिया मदन लाल




जी रेगर रहड मिट्ठू लाल रेगर जगदीश चंद्र रेगर हंसराज रेगर सुखदेव रेगर मिश्रीलाल रेगर प्रेमचंद रेगर गोपाल लाल रेगर सहित कई सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया। दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्यों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की।

इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के रामेश्वर लाल सोलंकी हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा सुनील मिश्रा धनराज जीनगर रवि पटवा रवि शंकर उपाध्याय अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पथरिया सह सचिव कमलेश मुंडेतिया कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश पाठक पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा नमन ओझा दिनेश चंद्र व्यास चावण्ड सिंह अक्षय राज रेबारी अंकित शर्मा शरीफ मोहम्मद प्रियेश यदुवंशी ताज मोहम्मद सोहेल खान राहुल पारीक पीएलवी अभय गुर्जर मौजूद रहे।

न्याय कार्य का बहिष्कार भी जारी अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत ने बताया कि जिला बचाओ आंदोलन के समर्थन में भी न्यायालय में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य बहिष्कार जारी रखा। महलों के चौक से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पहुंचे अखिल भारतीय रेगर महासभा के समाज जन शाहपुरा जिला समाप्त होने पर आक्रोश जताते हुए महलों के चौक में एकत्रित होकर सदर बाजार होते हुए त्रिमूर्ति स्मारक पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया उसके बाद रैली निकाल कर धरना स्थल उपखंड कार्यालय के बाहर शाहपुरा पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए पुणे शाहपुर जिले की बहाली की मांग की तथा सुबह 11ः00 बजे से लेकर 4ः00 तक कार्मिक कंचन पर बैठे रहकर उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम पर समाज जनों की ओर से ज्ञापन सोपा गया। अभिभाषक संस्था जहाजपुर एवं नरेंद्र रेगर कांग्रेस विधायक प्रत्याशी शाहपुरा ने दिया समर्थन संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा एवं संयोजक राम प्रसाद जाट ने बताया कि अभिभाषक संस्था जहाजपुर ने शाहपुर जिले के समर्थन में नई कारों का बहिष्कार कर समर्थन दिया है और विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस विधायक प्रत्याशी शाहपुरा नरेंद्र रेगर ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन जिला बचाओ संघर्ष समिति को दिया

और कहां की कांग्रेस की सरकार आने पर पुनः शाहपुरा को जिला बनाया जाएगा। वाल्मीकि समाज शाहपुरा आज 14 जनवरी को देगा अनशन धरना जिला बचाओ संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने कहा कि 14 जनवरी को क्रमिक अनशन धरना पर वाल्मीकि समाज शाहपुरा के सदस्य बैठकर धरना देंगे और राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को ज्ञापन सौंपेंगे।

## नवीन ग्राम पंचायत की मांग को लेकर नाहरपुरा ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री गहलोत से की मुलाकात

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** नाहरपुरा ग्राम वासियों ने सोमवार को पाटन सरपंच घीसी देवी रावत के नेतृत्व में सोमवार को जैतारण विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के आवास पर पहुंचकर ग्रामीणों ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह रावत ने सरपंच रावत एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री गहलोत को अवगत कराया की 2019 में नवीन पंचायत गठन के दौरान नाहरपुरा ग्राम वासियों के साथ पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सौतेला व्यवहार किया।

प्रतापगढ़ ग्राम पंचायत से निकालकर 10 किलोमीटर दूर उन्होंने अपनी मनमर्जी से जोर जबरदस्ती से पाटन ग्राम पंचायत में नाहरपुरा गांव को जोड़ दिया था।

ग्रामीणों ने उसी समय भी काफी विरोध प्रदर्शन किया था ।लेकिन विरोध को भी पूरवर्तित् सरकार नजर अंदाज कर दिया। जिसका खामियाजा गांव को अभी तक भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उसी दरमियान पंचायत राज चुनावों का बहिष्कार भी करने का ऐलान किया था।

लेकिन ग्रामीणों की किसी ने भी नहीं सुनी। नाहरपुरा गांव सहित आसपास की ढाणियों सहित ग्राम वासियों ने मंत्री गहलोत को नाहरपुरा गांव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग करने पर कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायत बनाने का सभी को आश्वासन देने के दौरान तालिया की गड़गड़ाहट से ग्रामीणों ने आभार जताया।

## महर्षि दधीचि छात्रावास में भागवत कथा का आयोजन

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** महर्षि दधीचि छात्रावास में चल रही भागवत कथा के छठे दिवस कथा व्यास आचार्य पंडित कौशल किशोर दाधीच (रायथल) ने भक्तिभाव से कथा का वाचन किया। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्ण -रुक्मिणी विवाह प्रसंग को विस्तार से कथावाचक ने सुनाया गया। कथा स्थल पर भक्ति और आनंद का वातावरण बना रहा। अतिथि संदीप शर्मा,पंकज मेहता, राकेश जैन रहे। समाज बंधु अध्यक्ष रविंद्र जोशी, मंत्री निमेष पुरोहित, राजेश दाधीच, मुख्य सलाहकार नागेश दाधीच, आशीष दाधीच, अमित दधीच युवा मंडल अध्यक्ष कमल दाधीच महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता दाधीच, मंत्री अंबिका दाधीच, मोनिका शर्मा, प्रीति दाधीच,आरती दाधीच आदि उपस्थित रहे। आचार्य पंडित कौशल किशोर दाधीच (रायथल) ने श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के पवित्र विवाह का वर्णन अत्यंत रोचक और भक्तिमय ढंग से प्रस्तुत किया। रुक्मिणी का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम रुक्मिणी विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री थीं,

जो रूप, गुण और सद्गुणों में अनुपम थीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के बारे में सुना और मन ही मन उन्हें अपना पति मान लिया। रुक्मिणी का हृदय श्रीकृष्ण के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित था।

लेकिन उनके भाई रुक्मी, जो श्रीकृष्ण के शत्रु थे, ने उनकी शादी चेदि राजा शिशुपाल से तय कर दी।

## अखिल ब्राह्मण महासभा का भव्य पौष बड़े आयोजन, कक्ष निर्माण के लिए आगे आए दानदाता

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल ब्राह्मण महासभा द्वारा पौष बड़े का विशेष कार्यक्रम महासभा भवन में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि भगवान परशुराम को भोग लगाकर सभी सदस्यो ने महाआरती में भाग लिया। संभागीय अध्यक्ष राम स्वरूप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में गीता शर्मा और पार्षद कपिल शर्मा ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पौष बड़े का यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमारी परंपराओं को संजोए रखना और युवा पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महासभा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की।

### दिन में बिजली देने की मांग

## किसानों ने विधायक से की शिकायती, विद्युत निगम पर लगाए आरोप

**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)।** छीपाबड़ौद में विद्युत निगम की मनमानी की वजह से ग्राम बांसखेड़ा, देवरीजोध,खेड़ला जागीर, कुंडीखेड़ा के किसान परेशान है। सोमवार दोपहर 1ः00 बजे सैकड़ो किस विधायक आवास पर पहुंचे। किसानों ने कहा कि रबी फसल की सिंचाई के लिए किसानों को बिजली सप्लाई दिन के समय में नहीं दी जा रही है। रात के समय मनमाने तरीके से विद्युत आपूर्ति दिए जाने से किसान नाराज हैं। विधायक अनुज महाराज सिंह सिंघवी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द दिन में बिजली देने का आश्वासन दिया। वर्तमान समय में रबी फसल गेहूं, सरसों, आलू, चना, मटर की बुआई किए हुए डेढ़ महीने का समय हो गया है। रबी की सभी फसलें खेतों में खड़ी हुई हैं। अब किसानों को सिंचाई की सख्त जरूरत है, लेकिन बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं।

## विकास अधिकारी ने लामाना ग्राम पंचायत का दौरा कर लिया विकास कार्यों का जायजा

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** विकास अधिकारी पंचायत समिति पीसांगन ने सोमवार को ग्राम पंचायत लामाना का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। और पंचायत कोरम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी राजमोहन से स्वच्छता संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित टेंडर फर्म को दैनिक सफाई हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचायत क्षेत्रमें प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत मकान का निरीक्षण करने के उपरांत गांव के मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण हेतु आम नोटिस के तहत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। जेजेएम के तहत क्षतिग्रस्त नालियों एवं रास्तों की मरम्मत हेतु संबंधित ठेकेदार एवं सहायक अभियंता सुवा लाल यादव को मौखिक निर्देश प्रदान किए। पुराने पंचायत भवन में संचालित पोषाहार की गुणवत्ता सत्यापित की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों को महिला मेट के 50 फीसदी नियोजन हेतु प्रेरित करने हैं के लिए निर्देशित किया।

## जेडीए में ई—पास सेवा सोमवार से हुई प्रारम्भ, आमजन का प्रवेश हुआ सरल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने आगंतुकों और आमजन की सुविधा के लिए ऑफलाइन पास के साथ-साथ ऑनलाइन विजिटिंग पास की सुविधा सोमवार से प्रारम्भ कर दी गई है। जिससे आमजन जेडीए में आसानी से प्रवेश ले रहे हैं। सोमवार को ई—पास सेवा का लाभ लेते हुए जेडीए आने वाले आगन्तुकों/आमजन द्वारा 300 ई—पास बनवाये गये। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि इस नई ई—पास व्यवस्था से आगंतुक बिना जेडीए कार्यालय आए, अपने घर या कार्यालय से ही ऑनलाइन पास बनवा सकते हैं। पास बनवाने के लिए जविप्रा की वेबसाइट पर दिए गए विकल्प का उपयोग किया जा सकता है। आवेदकों को केवल कुछ साधारण जानकारियां (नाम एवं मोबाईल नं.) उपलब्ध करवानी होंगी। इसके बाद वैरिफिकेशन हेतु ओटीपी प्राप्त होगा और सफल वैरिफिकेशन के बाद पास बनने संबंधी संदेश आवेदक के मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जिसमें एक लिंक भी होगा, जिस पर सिंगल क्लिक करके पास डाउनलोड किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन पास बनवाने में असमर्थ है या बिना ऑनलाइन पास बनाए जेडीए कार्यालय पहुंच चुका है, तो वह नागरिक सेवा केंद्र और पार्किंग बिल्डिंग में स्थित जन सुनवाई पंजीकरण केंद्र में भी पास बनवा सकता है। पास बनाने का समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक रहेगा। इस नई व्यवस्था से जेडीए में आमजन के लिए प्रवेश सुगम हो गया है।

## यादे माता की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** प्रजापति समाज की आराध्या देवी श्रीयादे माता की जयंती आगामी 31 जनवरी को धूमधाम से मनाई जाएगी जयंती की तैयारियों को लेकर स्थानीय कुम्हार मोहल्ला स्थित प्रजापति समाज के बाबा रामदेव मन्दिर में एक बैठक आयोजित की गई नसीराबाद प्रजापति समाज के अध्यक्ष गोपाल मारवाड़ा को श्रीयादे माता जयंती मनाए जाने के लिए अध्यक्ष घोषित कर कार्यभार सौंपा और समाज के लोगों के द्वारा मारवाड़ा का माला साफा पहनाकर अभिनन्दन किया।

कोषाध्यक्ष दीपक प्रजापति ने गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा बैठक में प्रस्तुत किया।

## स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर व्याख्यान आयोजित

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** गोविंद सिंह गुर्जर राजकीय महाविद्यालय नसीराबाद में सोमवार को विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा अजमेर द्वारा समर्थ भारत पर्व के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर स्लाइड शो एवं उनकी जीवनी पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के तहत ओंमकार प्रार्थना एवं आगंतुक कार्यकर्ताओं का परिचय, केंद्र परिचय स्लाइड शो एवं शांति मंत्र सर्वे भवंतु सुखिनाः सभी को सिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद को सुशोभित करते हुए डॉक्टर करुणा सौभाग्वत एंव सुरेन्द्र शक्तावत (नगर संचालक) द्वारा विद्यार्थियों को विवेकानंद की जीवनी से सीखने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी संजय कनौजिया द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एंव विद्यार्थियों को विवेकानंद जी के जीवन पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम में प्रभारी संजय कनौजिया ओर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुधा मित्तल द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता एवं विचार लेखन प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# क्षेत्र में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से ग्रामीणों में छूती धूजणी, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**भींडर (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र में मौसम के बदलते मिजाज के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही हैं और साथ में कोहरा भी किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ रही सही कसर पाला पडने् से रबी की फसल में नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। सोमवार को ठंड से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त रहा, लोग सुबह 11 बजे तक घरों में दुबके रहे। सुबह 10 बजे बाद धूप जरूर खिली, लेकिन धूप से ग्रामीणों को राहत नहीं मिली और हाड़ कंपा देनी वाली ठंड से ग्रामीणों में धूजणी छुंट गयी। ग्रामीण सुबह-शाम अलाव लगाकर सर्दी से बचाव कर रहे है। वही खेतो में जो कार्य कर रहे हैं, उनकी हालत खराब है। बंशी, लक्ष्मी लाल, जसवंत, ललित, छगनलाल, गोपाल, नर्बदाशंकर दियावत ने बताया कि रविवार, सोमवार को ठंड, कोहरे और पाले के असर से फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन दिनों गेहूं के अलावा सरसों की फसल भी खेतों में खड़ी है। यह फसलें पाले से प्रभावित होती हैं। गेहूं की फसल और सब्ज़ियों में अधिक नुकसान होने की संभावना है। मुलायम पत्ती वाली फसलों के लिए पाला खतरनाक होता है। क्षेत्र के मेनार, रुन्डेडा, नवानिया, धमानिया, ढावा, खरसान, विजयपुरा, तारावट, मोरझाई, किकावास किसानों का मानना है कि कुछ दिनों से पड़े पाले से 10 से 15 प्रतिशत गेहूँ की जिन फसलों की बालिया अवस्था पूर्ण हो चुकी है उस गेहूँ की फसल में नुकसान होगा। वहीं कृषि विभाग के मुताबिक जिन क्षेत्र में किसानों ने सिंचाई कर रखी है उन क्षेत्र में पाले से कोई नुकसान नही हो रहा है लेकिन जिन क्षेत्रों में सिचाई नही हुई है उस क्षेत्र में पाले से नुकसान हो सकता है । किसानों को पाला से बचाव के उपाय भी बताए गए है।

कृषि विभाग के ब्लॉक कृषि अधिकारी वल्लभनगर उदयराम मेघवाल के मुताबिक जब पाला पड़ता है तब फसल पूरी तरह खराब हो जाती है।

पौधों की कोशिकाओं में तरल द्रव होता है, जो पाला पडने् से बर्फ में बदल जाता है और उसके बाद वह तरल अवस्था में आता है जिससे कोशिकाओं का आयतन बढ़ जाता है और कोशिकाएं फट जाती है।

जिससे पौधा नष्ट हो जाता है। ऐसे में फसल नष्ट हो जाती है।

## मैं नहीं तुम की भावना को साकार करें सभी स्वयंसेवक ये डॉ. यादव



**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ अनीता यादव ने कहा कि सभी स्वयंसेवकों को मैं नहीं तुम कि भावना को साकार करना चाहिए। एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन व स्वामी विवेकानंद जयंती महोत्सव पर चरित्रवान युवा शक्ति संकल्प से बनेगा विकसित भारत विषयक पर स्मृति व्याख्यान माला प्राचार्य डॉ. अनीता यादव की अध्यक्षता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक गुमान सिंह के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्याता लोकेश शर्मा व एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ आशुतोष बिरला मंचासीन रहे। जिला प्रचारक गुमान सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को विवेकानंद जी के उदघोष के अनुरूप निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभिप्रेरित किया। मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए लोकेश शर्मा ने अनेक महापुरुषों के उदाहरण के माध्यम से स्वयं सेवकों को अपने देश के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ.आशुतोष बिरला ने पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता, महिला जागृति की दिशा में कार्य करते हुए एनएसएस गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा ने किया तथा डॉ संत कुमार मीणा ने आभार जताया।इस अवसर पर एनएसएस सलाहकार समिति के डॉ.ओपी शर्मा, प्रो. पूर्णचंद उपाध्याय, मुकेश मीणा, रितु चूनवाल, डॉ. प्रतिभा किरण, डॉ. संजय भल्ला, सुनील मीणा सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। युवा एवं विकसित भारत का सपना विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता गणेश बाग में आयोजित शिविर के द्वितीय सत्र में युवा एवं विकसित भारत का सपना थीम पर स्वयं सेवकों में भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वयंसेवकों ने थीम पर आधारित अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निहारिका गोस्वामी, द्वितीय स्थान अरविंद प्रजापत तथा तृतीय स्थान प्रतीक वाजपेई ने प्राप्त किया।

## बूंदी की रेखा शर्मा 'हिंदी काव्य शिरोमणि' एवं 'विश्व हिंदी भूषण' तथा 'हिन्दी आइडल' मानद उपाधियों से सम्मानित

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** उमंग संस्थान मार्गदर्शक साहित्यकार रेखा शर्मा को नेपाल की संस्था द्वारा हिंदी भाषा में उल्लेखनीय रचनात्मक योगदान हेतु विश्व हिंदी दिवस पर तीन मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया है। शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु आयोजित हिंदी हैं हम अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता, वैश्विक हिंदी अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता तथा साहित्यिक आइडल अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता विषयों पर चयनित उत्कृष्ट कविताओं हेतु बूंदी की रेखा शर्मा को हिंदी काव्य शिरोमणि, विश्व हिंदी भूषण तथा हिन्दी आइडल मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इन प्रतियोगिताओं में देश विदेश की लगभग चार हज़ार कवितायें शामिल हुई थी, जिनमें से कुछ उत्कृष्ट कविताओं का चयन कर उनके रचनाकारों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया है।

## सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें तथा एकाग्रता और कठोर परिश्रम से उसे प्राप्त करें : चक्षु

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की आदर्श बनी चक्षु शर्मा ने ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आईआरएम जयपुर के दीक्षांत समारोह में 2022-24 बैच के विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं उपाधियां प्रदान की गई। आयोजित भव्य समारोह में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बूंदी की चक्षु शर्मा को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. अल्पना कटेजा तथा गेस्ट ऑफ ऑनर एच.डी.एफ.सी बैंक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंक विजयवर्गीय ने स्वर्ण पदक, अवार्ड एवं उपाधि प्रदान कर चक्षु को बधाई दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से जुड़े मोटिवेटर डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया कि पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) पाठ्यक्रम में संस्थान में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम करने वाली चक्षु कि यह यात्रा इतनी आसान नहीं थी, कक्षा 3 में अध्ययनरत रहते हुए ही मां का साया उठ गया। आदर्श विद्या मंदिर एवं महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के बाद चक्षु ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा प्रथम श्रेणी में राजकीय महाविद्यालय से पूर्ण की तथा नई चुनौती के रूप में अंग्रेजी माध्यम लेकर आदेश नाटक का यह डिप्लोमा सर्वोच्च अंको से प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इस उपाधि प्राप्ति के बाद से चक्षु शर्मा आईडीबीआई बैंक बूंदी में कनिष्ठ सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। सेवानिवृत्त लेखाधिकारी शिव कुमार शर्मा की दो पुत्रियों में छोटी पुत्री चक्षु बचपन से ही मेधावी रही है। बड़ी बहन शिप्रा शर्मा मुंबई में जर्मनी की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। परिवार के प्रति दायित्व निर्वहन करते हुए शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने वाली चक्षु बालिकाओं को संदेश देते हुए कहा कि बालिकाएं अपना लक्ष्य स्वयं निर्धारित करें एवं कठोर परिश्रम से एकाग्रता के साथ उसे प्राप्त करने को कृत संकल्पित हो। जब हम कोई सफलता प्राप्त कर लेते हैं तो ही हमारी पहचान दुनियां में बनती है अत: सफलता प्राप्ति से पूर्व रुके नहीं और लक्ष्य से भटके भी नहीं। चक्षु अपनी यात्रा का वर्णन करते हुए बताती हैं कि संघर्ष और कठिनाई से कभी हमें घबराना नहीं चाहिए, हमें हौसला नहीं हारना चाहिए, कल तक मैं भी आत्मनिर्भर नहीं थी मेरी भी कोई पहचान नहीं थी लेकिन आज मैं स्वयं सक्षम हूं अत: मैं जीवन में प्रयास करूंगी कि अन्य बालिकाओं को भी मोटिवेट कर लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग कर सकूं।

## युधिष्टिर मीणा राजस्थान यूथ आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित

**बून्दी ( हुक्मनामा समाचार )।** मानव व वन्यजीवों के मध्य व्याप्त संघर्ष को कम करने में अभूतपूर्व योगदान देने व वन्यजीव संरक्षण में अहम भूमिका निभाने हेतु युधिष्टिर मीणा को प्रदेश स्तर पर राजस्थान यह अवॉर्ड जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड व खेल राज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा प्रदान किया गया।

# महिलाओं के सहकार से ही सशक्त हो रही सहकारिता की अवधारणा: विजया रहाटकर

**उदयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर ने कहा कि सहकारिता एक विचार से आंदोलन, क्रांति का सफर तय करते हुए सशक्तता का पर्याय बन चुका है। इसमें महिलाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण है। महिलाओं के सहकार से ही सहकारिता की अवधारणा सशक्त हुई है। रहाटकर सोमवार शाम गोवर्धन विलास स्थित उदयपुर दुग्ध उत्पादक संघ के डेयरी प्लांट परिसर में सहकारिता में महिला, युवा व किसान की भूमिका विषयक व्याख्यान कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के विचार ने आजादी के आंदोलन में किसानों को संगठित किया। इसके पश्चात यह




विचार आंदोलन और क्रांति के रूप में परिणित हुआ। वर्तमान में यह एक सशक्त आधार बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को सहकारिता वर्ष घोषित किया है, इससे सहकारिता के महत्व को समझा जा सकता है। सरकार ने सहकार की भावना को बल देने के लिए पृथक से सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें बहुउद्देश्यीय समिति बनाया गया। सहकारी समितियां सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ कर किसानों, पशुपालकों के हित में कई काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसमें सहकारिता की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। वर्तमान में देश में हर 5वां व्यक्ति सहकारी समिति से जुड़ा हुआ है। सहकारी बैंकों के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है। यही वजह है कि आज सहकारी बैंकों में जमा राशि 12 हजार करोड़ से अधिक है। रहाटकर ने कहा कि सहकारिता में महिलाएं भी अग्रणी हैं। दुग्ध व्यवसाय, पशुपालन, मधुमक्खी पालन सहित ऐसे कई कार्य हैं जो महिलाएं संभालती हैं। उन्होंने देश भर में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे बड़े कामों का उदाहरण देते हुए राजस्थान में भी इसे प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। आमजन की सहकारिता में महत्ती भागीदारी -सहकारिता राज्यमंत्री दक व्याख्यान कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मंशा देश में सहकार से समृद्धि लाने की है। आमजन की सहकारिता में भागीदारी महत्ती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी ने महिलाओं की भागीदारी सहकारिता क्षेत्र में बढ़ाने हेतु प्रभावी एवं स्वागत योग्य कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि देश के किसानों को समृद्ध करने के हर संभव प्रयास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जा रहे हैं साथ ही प्रदेश सरकार ने भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषक वर्ग को सशक्त करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में अनियमितताओं को रोकने और पीड़ित को न्याय दिलाने के हर संभव प्रयास मंत्रालय स्तर पर किए जा रहे हैं। दक ने बताया कि नवीन कोऑपरेटिव कोड में विप दलों के नेताओं समेत तमात हितधारकों के सुझाव लिए गए हैं। व्याख्यान कार्यक्रम को उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत एवं ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी रवीन्द्र माली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रमोद सामर, पारस सिंघवी, तखतसिंह शक्तावत, किरण जैन, डेयरी अध्यक्ष डालचंद डांगी, डेयरी प्रबंधक विपिन शर्मा समेत गणमान्य अतिथि एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## शहर में गंदगी का अंबार, शहर की मुख्य सड़क मार्ग की नालियों में जमा हुआ कचरा, नगरपालिका प्रशासन की उदासीनता

**डेगाना ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में गंदे पानी निकासी की सुनिश्चित व्यवस्था नहीं होने के कारण मुख्य सड़क मार्ग सहित लोगों के घरों के सामने गंदगी फैली पड़ी है। नगरपालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते शहर के मुख्य सड़क मार्ग पर बनी नालियों की सफाई पिछले 3 महीनों से नहीं की गई।साथ ही सदर बाजार के शौचालय की सफाई पर भी नगरपालिका प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। व्यापारी राकेश करवा ने बताया कि नगर पालिका के उदासीनता रवैया के कारण आज शहर वासियों को जगह-जगह गंदगी के कारण परेशान होना पड़ रहा है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा सफाई कर्मचारियों से मुख्य बाजार की सफाई तो करवाई जा रही है। लेकिन मुख्य सड़क मार्ग के घरों के बाहर बनी नालियों की सफाई



पिछले कई महीनो से नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य बाजार में रामदेव सोनी के मकान से एम पी गली तक बनी नालियों का लेवल भी सही नही है। जिससे नालियों का पानी मकानों व घरों की नींव में जाकर सुख रहा है। इसी तरह सदर बाजार स्थित डालियां मार्केट के बाहर बने शौचालय की करीब 3 महीने से सफाई नही की गई। जिससे वहां पर भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मौसमी बीमारियां फैलने का भी डर सताया जा रहा है। शहरवासियों का कहना है कि शहर में गंदे पानी की निकासी को लेकर सुनिश्चित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है।

जिससे गंदा पानी मुख्य सड़क मार्ग पर फैलता जा रहा है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा विकल्पित व्यवस्था कर टैंकरों के माध्यम से मुख्य गंदे नाले से गंदा पानी को उठाने का कार्य किया जा रहा है। जो शहरवासियों को राहत देने की सुनिश्चित व्यवस्था नहीं है। शहर में शासन और प्रशासन की उदासीनता साफ नजर आती दिख रही है।

## माहेश्वरी समाज मे कम होती बच्चो की संख्या गभीर चिंता का विषय: भूतडा

**डेगाना ( हुक्मनामा समाचार )।** समृद्व ओर प्रतिष्ठित समाज ओर देश सेवा मे अग्रणी माहेश्वरी समाज की दिनो दिन घटती जनसंख्या बहुत ही चिंता का विषय है। अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुवांर भूतडा ने बताया की ईमानदारी ओर कडी मेहनत के दम पर व्यापार के क्षेत्र मे ही नही माहेश्वरी समाज ने सदैव भामाशाह के रूप में गोसेवा ,समाज सेवा, राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका का निर्वाहन किया है। भूतडा के सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर डेगाना आगमन पर उनका जोरदार अभिनदंन किया गया। माहेश्वरी समाज के गोविन्द लाल गिलडा, रामस्वरूप सोनी, द्वारकाप्रसाद हैडा, बिरदीचंद तोषनीवाल, रतनलाल खटोड, गिरीराज हैडा सहित



गणमान्य लोगो के साथ बैठक कर सामाजिक संगठन ओर सामाजिक विकास जेसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने समाज के परिवारों मे घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुये बताया की समाज में संख्या को बढाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में अखिल भारतीय संगठन ने माहेश्वरी परिवार मे अब तीसरे बच्चे के जन्म पर समाज की ओर से 50 हजार रूपयों की एफडी बनाकर देने का निर्णय लिया है। भूतडा ने कहा की आधुनिकता की होड मे आज नव दम्पती संतानोत्पती पर ध्यान नही देकर केवल अर्थोपार्जन मे व्यस्त हे। उन्होंने अपने बेटे बेटियों की शादी विवाह समय पर करने तथा अधिक बच्चे पैदा करने पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक कार्यो के बारे मे बताया की आज पुरे देश में 9 बडे शहरों मे माहेश्वरी सेवा सदन कार्यरत है तथा अध्योध्या, जग्नाथ पुरी ओर नासिक मे भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है जो इसी साल पूर्ण कर लिया जायेगा।

## अब होगा 'दूध का दूध' और 'पानी का पानी' सरस मोबाइल प्रयोगशाला कर रही है घर के दूध की जांच

**नागौर ( हुक्मनामा समाचार )।** नागौर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ सरस डेयरी द्वारा दूध का दूध-पानी का पानी मोबाइल प्रयोगशाला शिविर का शुभारंभ आज डेगाना के नागौर फाटक के पास किया गया। शिविर प्रभारी पवन पारीक ने बताया कि आज डेगाना क्षेत्र के लोगों को मिलावटी दूध को लेकर जागरूक किया गया। और घर घर जाकर दूध के सेंपल की जांच करवाने की अपील की गई।उन्होंने बताया कि आजकल बाजार मे मिलावट के मद्देनजर दूध उपभोक्ताओं को जागरूकता करने की दृष्टि से यह नि:शुल्क जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि उपभोक्ता स्वयं दूध की गुणवत्ता का आंकलन कर शुद्ध दूध का ही उपभोग करें। उन्होंने बताया कि मलमास के समाप्त होने के साथ ही शादी समारोह का सीजन शुरू हो रहा है,जिससे




बाजार मे दूध की मांग बढ़ेगी। नागौर जिला दुग्ध उत्पादक प्रभारी विपणन श्रवण राम बेनीवाल ने बताया की पूरे प्रदेश में गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आज से दूध का दूध, पानी का पानी अभियान की शुरूआत की गई हैं. 30 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में कोई भी व्यक्ति अपने दूध और दूध से बने प्रोडेक्ड और घी का सेम्पल डेयरी संयंत्र मे लाकर कभी भी नि:शुल्क टेस्ट करा सकते है उन्होंने बताया कि नागौर जिले में 30 जनवरी तक अभियान चलेगा। जिसमें नि:शुल्क जांच के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 जनवरी को सीकर बस स्टैंड कुचामन सिटी, 17 जनवरी को पब्लिक पार्क के पास मेड़ता सिटी, 20 जनवरी को नगरपरिषद डीडवाना, 22 जनवरी को रोडवेज बस स्टैंड के पास खींवसर, 24 को मकराना जाटावास चौराहा, 27 जनवरी को अंकित सरस पार्लर परबतसर, 29जनवरी को रोडवेज बस स्टैंड के पास जायल सहित 30 जनवरी किसान चौराहा थांवला में जांच अभियान चलाया जाएगा।

## कडाके की ठंड मे लोगो ने उठाया पौषबडे का आनंद



**डेगाना ( हुक्मनामा समाचार )।** सोमवार को पौष पूर्णिमा के अवसर पर शहर के पीपली वाले हनुमान मंदिर में पौष बडा का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों ने बालाजी महाराज को बडों ओर व्यंजनों का भोग लगाकर आरती करने के बाद प्रसाद का वितरण किया। बालाजी मंदिर के पुजारी विष्णु पारीक ने जानकारी देकर बताया की लोगो ने सोमवार को कडाके की ठंड मे गर्मा गर्म पौष बडों का आनंद लेकर महिला, पुरूषों ओर युवाओं ने भजन कीर्तन कर भक्ति की।

इस अवसर पर कैलाश सोनी, प्रकाश कूकणा, रामचंद्र वैष्णव, राजेश सारण, जगदीश प्रजापत, गोरव शर्मा, महावीर हलवाई, कमल शर्मा, विरेन्द्र कस्वा, जुगल कस्वा, हर्षित मुण्डेल, सम्पत कस्वां सहित मौहल्लेवासी मौजूद रहै।

## स्वामी विवेकानंद के विचार आधुनिक युग में भी युवाओं की प्रेरणा के स्रोत

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्र निर्माण में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। युवा सशक्तिकरण विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय के आचार्य डॉ. संजय भल्ला ने की तथा वक्ता के रूप में सहायक आचार्य कृष्ण कांत राठौर और आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष कमलेश शर्मा तथा फिटनेस आइकन शक्ति तोषनीवाल मंचासीन रहे। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए




डॉ. संजय भल्ला ने विवेकानंद के आदर्श वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए की व्याख्या करते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जब लक्ष्य स्पष्ट और इच्छा शक्ति प्रबल हो तो कभी भी कोई बाधा रास्ता नहीं रोक सकता। वर्तमान समय में विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता पर बोलते हुए सहायक आचार्य कृष्ण कांत राठौर ने कहा कि यदि युवा स्वामी जी के बताए मार्ग पर चलें तो न केवल अपना जीवन संवार सकते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों में आत्मनिर्भरता, शिक्षा का महत्व, आध्यात्मिकता, मानवता और सभी धर्मों की एकता का संदेश है, जो आधुनिक युग में भी प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं। वहीं कमलेश शर्मा और शक्ति तोषनीवाल ने भी युवाओं को महत्वाकांक्षी, परिश्रमी और कर्मठ बनने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने जीवन का कोई महान लक्ष्य निर्धारित करो और फिर उसकी प्राप्ति के लिए पूरी तरह समर्पित हो जाओ। संगोष्ठी का संचालन आयोजन प्रभारी युवा समन्वयक गोविंद प्रजापत ने किया। संस्था प्रधान हनुमान नागर ने आभार जताया। इस दौरान ओम प्रकाश शर्मा, जगन्नाथ नागर, हंसराज नागर , हरीश सैनी,लवकुश नागर सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे। ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएँ आयोजित, विजेता हुए पुरस्कृत आयोजन प्रभारी गोविंद प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आयोजित पोस्टर, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनके विजेता प्रतिभागी राघव सैनी, केशव शर्मा, नव्या यादव, रणजीत गुर्जर, अर्चना कुमारी, आशीष गौड़, वसुधा वर्मा और अर्जुन गुर्जर को अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया।